दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर

# बढ़ता राजस्थान

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 16 | अंक : 127 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00 | जयपुर। गुरुवार, 12 मार्च 2026 | चैत्र, कृष्ण पक्ष नवमी, संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in | badhatarajasthan@yahoo.com | badhatarajasthan.dainik | badtarajasthan

# स्पीकर बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव खारिज

## शाह बोले- आंख मारने वाले स्पीकर पर सवाल उठा रहे; विपक्ष ने माफी मांगो के नारे लगाए

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में बुधवार को स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने वाला अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज हो गया। गृह मंत्री अमित शाह ने 56 मिनट तक प्रस्ताव पर सरकार की तरफ से जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। शाह ने कहा कि 18वीं लोकसभा में कांग्रेस सांसदों को बोलने के लिए भाजपा से दो गुना ज्यादा समय मिला। फिर भी विपक्ष के नेता कहते हैं कि हमें बोलने नहीं दिया जाता। जब बोलने का मौका आता है तो वे जर्मनी में होते हैं, इंग्लैंड में होते हैं। शाह ने कहा- एक तो वे बोलना नहीं चाहते हैं। जब बोलना चाहते हैं तो नियम के अनुसार नहीं बोलना चाहते हैं। ये सदन नियम से चलेगा। स्पीकर को नियमों के उल्लघंन पर रोकने और टोकने का अधिकार है। ये सदन मेला नहीं है, जो नियम से नहीं चलेंगे, उसका माइक बंद ही होगा। गृह मंत्री ने आगे कहा- राहुल सदन में पीएम मोदी से आकर गले लग जाते हैं। आंख मारते हैं। फ्लाइंग किस देते हैं। मुझे तो बोलने में भी शर्म आती है। ये स्पीकर के आचरण पर सवाल करते हैं। अपने आचरण पर भी तो सवाल करिए। शाह के जवाब के दौरान विपक्ष ने जमकर हंगामा किया और अमित शाह माफी मांगो के नारे लगाए।

### शाह ने गिनाया, कांग्रेस-राहुल को सदन में कितना समय मिला

कितना बोलना है इसके लिए कुछ नियम बने हैं। 17वीं लोकसभा कांग्रेस को 157 घंटे 55 मिनट का समय दिया गया। जबकि उनके 52 सदस्य थे। कांग्रेस को भाजपा से 6 गुना ज्यादा समय दिया गया। जबकि भाजपा के पास 6 गुना ज्यादा सदस्य थे

18वीं लोकसभा में भी कांग्रेस को भाजपा से दो गुना समय मिला। नेता प्रतिपक्ष कहते हैं कि हमें बोलने नहीं दिया जाता। मगर बोलने का मौका



आता है तो जर्मनी में होते हैं इंग्लैंड में होते हैं। फिर शिकायत करते हैं। 18वीं लोकसभा में 157 घंटे 55 मिनट कांग्रस के सदस्य बोले। मैं विपक्ष नेता से पूछना चाहता हूं कि आप तब क्यों नहीं बोले। किसने रोका था। वो तो आपका अधिकार है कि आपकी पार्टी से कौन बोलेगा।

विपक्ष के नेता स्पीकर के खिलाफ प्रस्ताव पर भी कुछ नहीं बोलते। फिर प्रस्ताव लाते क्यों है। एक तो बोलना नहीं चाहते हैं। बोलना चाहते हैं तो नियम अनुसार नहीं बोलना चाहते। वक्फ संशोधन-धारा 370 जैसी चर्चाओं से राहुल गायब रहे। एसआईआर पर चर्चा थी। विपक्ष के नेता को बोला गया कि आप बोलिए। नहीं बोले। उन्होंने सदन डिस्टर्ब किया। उनको अचानक एक आइडिया आया कि मेरी प्रेस कॉन्फ्रेंस पर चर्चा हो। आपके परनाना से लेकर आपकी दादी से पिता जी तक, बड़े बड़े नेता के प्रेस कॉन्फ्रेंस पर बहस नहीं हुई। 16वीं लोकसभा में राहुल गांधी ने 2014, 2015, 2017 और 2018 में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव में भाग नहीं लिया। उन्होंने 16वीं लोकसभा में केंद्रीय बजट पर किसी भी चर्चा में भी हिस्सा नहीं लिया। उन्होंने किसी भी सरकारी विधेयक पर चर्चा में भाग नहीं लिया। 16वें, 17वें, 19वें, 20वें और 21वें सत्रों में उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा में भाग नहीं लिया।



### शाह ने कहा- 17वीं लोकसभा में राहुल की उपस्थिति 51% थी

**विपक्ष के नेता राहुल गांधी अपने अधिकारों की बात करते हैं। 17वीं लोकसभा में उनकी उपस्थिति 51त्न थी। राष्ट्रीय औसत 67त्न है। वेणुगोपाल ने टोका- ये प्रस्ताव स्पीकर के लिए या नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ। शाह ने कहा- एक भी विधेयक पर चर्चा में हिस्सा नहीं लिया। 25वीं केंद्रीय बजट में भी चर्चा में भाग नहीं लिया। उनकी पार्टी 4 दशक के बाद ऐसा प्रस्ताव लेकर आई है, उस पर भी राहुल गांधी ने हिस्सा नहीं लिया। फिर कहते हैं बोलने नहीं दिया जाता। मुझे लगता है वे बोलना ही नहीं चाहते।**

# भारत आ रहे थाई जहाज पर होर्मुज स्ट्रेट में हमला : ओमान की नौसेना ने 20 क्रू मेंबर का रेस्क्यू किया




बढ़ता राजस्थान

**तेल अवीव/तेहरान (एजेंसी)।** भारत आ रहे थाईलैंड के एक कार्गो जहाज पर होर्मुज स्ट्रेट में हमला हुआ है। ओमान के पास चल रहे इस जहाज को प्रोजेक्टाइल से निशाना बनाया गया।

थाईलैंड के परिवहन मंत्रालय ने बताया कि जहाज पर मौजूद 23 में से 20 क्रू सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया है। हालांकि हमला किसने किया, इसकी जानकारी नहीं है। थाई झंडे वाला यह बल्क कैरियर मयूरी नारी संयुक्त अरब अमीरात से रवाना हुआ था। होर्मुज स्ट्रेट से गुजरते समय जहाज के पिछले हिस्से पर हमला हुआ, जिससे इंजन रूम में आग लग गई। बताया गया है कि तीन लापता क्रू सदस्य उस समय इंजन रूम में ड्यूटी पर थे। कैप्टन के आदेश पर बाकी क्रू ने जहाज छोड़ दिया और लाइफबोट में सवार हो गए। ओमान की नौसेना ने 20 क्रू मेंबर को बचाकर खसाब शहर पहुंचाया। थाईलैंड के अधिकारियों के मुताबिक रॉयल थाई नेवी स्थिति पर नजर रखे हुए है और बचाव अभियान के लिए अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रही है।

### स्पेन ने इजराइल से अपना राजदूत हटाया

स्पेन ने इजराइल में अपने राजदूत को औपचारिक रूप से हटा दिया है। सरकार ने एक दिन पहले ही इस कदम को मंजूरी दी थी। मैड्रिड ने पिछले साल सितंबर में राजनयिक तनाव बढ़ने के बाद अपने राजदूत को वापस बुला लिया था। यह विवाद तब और बढ़ गया जब इजराइल के विदेश मंत्री ने स्पेन सरकार के कुछ फैसलों की आलोचना की थी।

# देशभर में एलपीजी की किल्लत, एजेंसी के बाहर लंबी लाइनें

## यूपी-बिहार में पुलिस सुरक्षा में सिलेंडर बंट रहे



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग की वजह से देशभर में एलपीजी की किल्लत हो रही है। गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसियों पर लंबी लाइनें लगी हैं। दिल्ली, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और राजस्थान समेत कई राज्यों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई पर रोक से होटलों और रेस्टोरेंट्स में खाना नहीं बन पा रहा है। वहीं, एलपीजी सिलेंडर की किल्लत के चलते अयोध्या में राम रसोई को बंद कर दिया गया है। 8 साल में पहला मौका है जब राम रसोई बंद की गई है।

### घरेलू सिलेंडर की डिलीवरी 2.5 दिन में ही होगी

इस बीच देश में रसोई गैस (एलपीजी) की कमी की खबरों को सरकार ने फेक बताया। जनता से शांत रहने की अपील की और एलपीजी की कमी को लेकर झूठी खबरें न फैलाने को कहा है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि देश में एलपीजी की डिलीवरी साइकल अभी भी 2.5 दिन ही बना हुआ है। देश में ईंधन की कोई कमी नहीं है और लोग घबराकर पैनिक बुकिंग न करें। सप्लाई चेन को दुरुस्त रखने के लिए घरेलू एलपीजी का उत्पादन 25त्न तक बढ़ा दिया गया है। कुछ जगहों पर गलत जानकारी की वजह से लोग पैनिक बुकिंग और जमाखोरी कर रहे हैं।

### फूड डिपार्टमेंट के अफसरों की छुट्टी कैंसिल; रेस्टोरेंट में तवा रोटी, साउथ इंडियन फूड मिलना बंद

**जयपुर।** राजस्थान में कॉमर्शियल और घरेलू गैस सिलेंडर की सप्लाई प्रभावित होने लगी है। जहां सिलेंडर मिल रहे हैं, वहां कालाबाजारी के आरोप लग रहे हैं। ऐसे में सिलेंडरों को लेकर हालात बिगड़ने लगे हैं। तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन का इंटरनल सर्वर एसडीएमएस (सेल्स एंड डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजमेंट सिस्टम) सुबह से बंद है। इस कारण इंडेन गैस उपभोक्ता मोबाइल, वॉट्सएप और ऑनलाइन रिफिलिंग बुक नहीं करवा पा रहे हैं। प्रदेश में गैस सिलेंडर की सप्लाई प्रभावित होने के चलते सीएम भजनलाल शर्मा ने बैठक की। गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुचारू बनाए रखने के लिए खाद्य नागरिक एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों की छुट्टियां कैंसिल कर दी गई है। सीएम ने कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा है।

टोंक में भारत गैस की एक एजेंसी ने पोषाहार के लिए दिए जाने वाली सिलेंडरों की सप्लाई रोक दी है। जयपुर में कॉमर्शियल सिलेंडर 2500 रुपए से भी ज्यादा में बिक रहा है। इसे लेकर होटल-रेस्टोरेंट मालिक ने नाराजगी जताई है। कोटा में सप्लाई नहीं होने से कई मैस और हॉस्टल ने खाना बनाना बंद कर दिया है। वहीं, अलवर में बुधवार सुबह भारत गैस एजेंसी के ऑफिस में घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर जमकर हंगामा हुआ।

# सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार इच्छामृत्यु की इजाजत दी

## 13 साल से कोमा में है बेटा, माता-पिता ने लगाई थी गुहार



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को इच्छामृत्यु मामले में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट ने 13 साल से कोमा में रह रहे 31 साल के युवक हरीश राणा को इच्छामृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) की मंजूरी दे दी। गाजियाबाद के रहने वाले हरीश लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर हैं।

देश में इस तरह का यह पहला मामला है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने एम्स को निर्देश दिया कि हरीश के लाइफ सपोर्ट सिस्टम को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाए। यह प्रोसेस इस तरह से की जानी चाहिए कि मरीज की गरिमा बनी रहे।

पैसिव यूथेनेशिया का मतलब होता है कि किसी गंभीर रूप से बीमार मरीज को जिंदा रखने के लिए जो बाहरी लाइफ सपोर्ट या इलाज दिया जा रहा है, उसे रोक दिया जाए या हटा लिया जाए, ताकि मरीज की प्राकृतिक रूप से मौत हो सके। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला हरीश की मां निर्मला राणा और पिता अशोक राणा की इच्छामृत्यु देने की अपील पर सुनाया।

फैसले पर पिता अशोक ने कहा- हम इसके लिए लंबे समय से लड़ रहे थे। कौन से माता-पिता अपने बेटे के लिए ऐसा चाहेंगे। पिछले 3 साल से हम यह मामला लड़ रहे थे। अब उसे एम्स ले जाया जाएगा। वह पंजाब यूनिवर्सिटी में टॉपर हुआ करता था।

# पीएम बोले-कांग्रेस के युवराज छोटे दायरे में सिमटे

## उन्हें विकास नहीं दिखेगा; तमिलनाडु में कहा-वेस्ट एशिया मामले ने सबपर असर डाला, पैनिक होने की जरूरत नहीं

बढ़ता राजस्थान

**चेन्नई/कोच्चि (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार को केरलम (केरल) दौरे पर हैं। उन्होंने एर्नाकुलम के कोच्चि में 10,800 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसके बाद एनडीए की एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान लोकसभा सांसद राहुल गांधी की आलोचना की। प्रधानमंत्री ने कहा- कांग्रेस के युवराज को यह नहीं पता कि भारत के युवा आज ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग में कमाल कर रहे हैं। उन्हें यह भी नहीं पता कि केरल के युवाओं ने ड्रोन विकसित करने के लिए स्टार्टअप शुरू किए हैं। जो व्यक्ति अपने छोटे दायरे में सिमटा हो, उसे देश का विकास कभी नहीं दिखेगा।

पीएम ने कहा- खाड़ी और पश्चिम एशिया में जो कुछ हो रहा है, उसे लेकर लोगों का चिंतित होना स्वाभाविक है, लेकिन आज देश में बीजेपी की सरकार है। जब भी हमारा कोई देशवासी मुसीबत में फंसा है, हमने उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी है।

वहीं तमिलनाडु में रैली में पीएम ने कहा कि वेस्ट एशिया ने सभी पर असर डाला है। हम इंडिया फर्स्ट की पॉलिसी पर भरोसा करते हैं। पैनिक होने की और अफवाहों पर ध्यान देने की कोई जरूरत नहीं है।




### कोच्चि में पीएम के भाषण की मुख्य बातें

खाड़ी में जारी युद्ध ने हमें एक बार फिर आत्मनिर्भरता के महत्व का सबक सिखाया है। हमने देखा है कि कोविड संकट, यूक्रेन संकट और मौजूदा संकट के दौरान आत्मनिर्भर होना कितना जरूरी है। कांग्रेस जानबूझकर भड़काऊ और गैर-जिम्मेदाराना बयान दे रही है ताकि हालात और बिगड़ें। ताकि हमारे लोग उसी संकट में फंसे रहें और फिर ये लोग मोदी को गाली देने वाले रील बनाकर अभियान चला सकें। चाहे इराक से नर्सों को निकालना हो या यमन में आतंकवादियों के चंगुल से फादर टॉम को छुड़ाना हो, संकट के समय भारत अपने नागरिकों को कभी नहीं छोड़ता। आज भी हमारी कोशिश यही है कि युद्धग्रस्त देशों में फंसे भारतीयों की सुरक्षित निकाला जाए। केरलम के पास नेचर, कल्चर, टैलेंट, टेक्नोलॉजी और विशाल सागर का आशीर्वाद है। इसके बावजूद राज्य का विकास उस गति से नहीं हुआ जैसा होना चाहिए था। एलडीएफ और यूडीएफ की सरकार ने विकास के लिए मेहनत नहीं की। सबरीमाला मंदिर मामले में एलडीएफ और यूडीएफ की पार्टनरशिप देश लीजिए। एलडीएफ वालों पर सोना लूटने का आरोप है, जबकि यूडीएफ वालों पर चोरी का सोना बेचने का आरोप है।

इस बार यहां बीजेपी-एनडीए सरकार बनाइए। आपने कांग्रेस और लेफ्ट को 70 साल से ज्यादा दिए हैं। अब बीजेपी-एनडीए को अगले 5 साल सेवा करने का मौका दीजिए। आपको विकसित केरलम की शानदार झलक देखने मिलेगी। ये मोदी की गारंटी है। जो अब तक नहीं बदला, अब बदलेगा। विकसित केरलम के लिए सबसे बड़ी जरूरत टूरिज्म, टैलेंट और टेक्नोलोजी को नए अवसर देना है। कांग्रेस को केरल के युवाओं के सामर्थ्य पर भरोसा ही नहीं है। कांग्रेस के युवराज को ये भी नहीं पता कि भारत के युवा आज ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग में कितन कमाल कर रहे हैं।

एक तरफ बीजेपी-एनडीए देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस और वामपंथी दल आत्मनिर्भर भारत अभियान का मजाक उड़ाने में लगे हैं। इन्होंने देश को विदेशी देशों पर और भी ज्यादा निर्भर बना दिया है। आज ये सब मिलकर अफवाहें फैलाने में लगे हैं। यहां तक कि युद्धकाल में भी कांग्रेस, वामपंथी दल और उनके सहयोगी संगठन अपनी सारी ऊर्जा देश में दहशत फैलाने और संघर्ष पैदा करने में लगा रहे हैं।

### पीएम बोले- केरल को मलयाली नाम मिला, लोगों के चेहरों पर इसकी खुशी

एनडीए की सभा से पहले पीएम अखिल केरल धीवर सभा के गोल्डन जुबली समारोह में शामिल हुए। यहां उन्होंने कहा- केंद्र सरकार ने केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह मलयाली लोगों के लिए खुशी का पल है। उनके चेहरे पर खुशी साफ दिख रही है।।

प्रधानमंत्री मोदी ने कोच्चि में रोड शो भी किया। उन्होंने जवाहरलाल नेहरू इंटरनेशनल स्टेडियम में आयोजित करीब 300 मीटर लंबे रोड शो के दौरान कार की सनरूफ से लोगों का अभिवादन किया।

### पीएम ने तमिलनाडु में 5,650 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया

प्रधानमंत्री ने केरल दौरे के बाद तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में लगभग 5,650 करोड़ रुपए की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने 5 नई ट्रेनों को हरी झंडी भी दिखाई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने जनसभा में कहा कि आज का कार्यक्रम तमिलनाडु के भविष्य के लिए खास है। आज शुरु किए गए प्रजोक्ट्स लोगों को काफी फायदा पहुंचाएंगे।



## पूर्व राष्ट्रपति ने किया गोपूजन, कहा यह सुखद अनुभूति
### नंदगांव में गो आवासों का उद्घाटन



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)**। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद बुधवार को सिरोही जिले में रहे। यहां गुजरात सीमा से सटे नंदगांव में गोपूजन कर गो आवासों का उद्घाटन किया। समारोह में उन्होंने कहा कि गोपूजन करना सुखद अनुभूति है। गोसेवा समाज के आर्थिक, पर्यावरणीय एवं सांस्कृतिक विकास का मुख्य आधार है। यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है। कार्यक्रम में विभिन्न संत एवं संस्थान के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान पूर्व राष्ट्रपति ने संस्थान के गोपाल कॉरिडोर एवं सुरभी विश्वविद्यालय परियोजना प्रपत्र की प्रस्तावना का विमोचन किया। वहीं, नंदी पूजन कर गोशाला की परिक्रमा लगाई। उधर, उनके सिरोही आगमन पर जिला कलक्टर अल्पा चौधरी व पुलिस अधीक्षक प्यारेलाल शिवरान समेत अन्य ने स्वागत किया।

## शहर के धौलपुर रोड़ कॉलोनी में प्रशासन ने रुकवाया दो बहिनो का बाल विवाह
### कंट्रोल रूम की सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस की कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)**। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में 11 और 12 मार्च को शादियों की भरमार है। सभी मेरिजहोम ओर विवाह स्थल बुक है। ऐसे में शहर में ही करीब डेढ़ सौ शादियां हो रही है। जिसमे बाल विवाह नही हो इसको लेकर प्रशासन और पुलिस ने चोकसी बरती हुई है। धोलपुर जिला मुख्यालय पर बने कंट्रोल रूम से कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि शहर के धोलपुर रोड़ स्थित एक कॉलोनी में दो बेटियों की शादी हो रही है जो नाबालिग है।

उक्त सूचना पर कोतवाली थाने के एसआई हरवीर सिंह और पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचे दोनों नाबालिक बेटियों की शादी रूकवाई है। एसआई हरवीर सिंह ने बताया कि जैसे ही सूचना मिली वे पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे दोनों बेटियों के शिक्षा संबंधी और जन्म संबंधी प्रमाण पत्र माता-पिता से मांगे गए। जिनमें जांच में पाया गया कि बेटियों की उम्र 18 वर्ष से कम थी। ऐसे में दोनों बेटियों की शादी को रुकवाया है। दोनों के माता-पिता को पाबंद किया है कि वह उनके बालिग होने तक उनकी शादी नहीं करेंगे। साथ में मौके पर विवाह को लेकर लगाए गए पंडाल को भी हटाया गया है।

## स्पा सेंटर पर कार्रवाई, तीन युवतियां व दो युवक हिरासत में
### पुलिस थाना व डीएसपी आवास के नजदीक चल रहा स्पा सेंटर

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)**। शिवगंज शहर में पुलिस ने एक स्पा सेंटर पर कार्रवाई करते हुए तीन युवतियों व दो युवकों को हिरासत में लिया है। सेंटर पर अवैध गतिविधियों की सूचना पर पुलिस ने यह कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार कुंदननगर के समीप चल रहे वाइब ड्रीम फैमिली रेस्टोरेंट एंड स्पा पार्लर पर सोमवार देर शाम पुलिस ने दबिश दी। यहां से तीन युवतियों व दो युवकों को हिरासत में लिया गया है। बताया जा रहा है कि स्पा सेंटर में आपसी झगड़े की सूचना मिली थी। संदिग्ध गतिविधियों की आशंका के चलते यहां मिले लोगों को हिरासत में लिया गया है। उल्लेखनीय है कि यह स्पा सेंटर पुलिस थाने व पुलिस उप अधीक्षक आवास के नजदीक ही संचालित हो रहा है।

मूकदर्शक बनी हुई है पुलिस

बताया जा रहा है कि शहर में कई जगहों पर इस तरह का कारोबार संचालित है, लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। स्पा सेंटर की आड़ में संदिग्ध गतिविधियां संचालित की जा रही है पर पुलिस मानों सोई हुई है। यह स्पा सेंटर भी पुलिस थाने के नजदीक है पर कार्रवाई करने में इतना समय कैसे लगा सोच सकते है।

## वैन में मिला छह किलो अफीम दूध, तीन तस्कर गिरफ्तार
### एस्कॉर्ट कर रही कार भी जब्त, अनुमानित 32 लाख का माल जब्त

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)**। पुलिस ने पिण्डवाड़ा में कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में अफीम दूध बरामद किया है। कार्रवाई में एस्कॉर्ट कार समेत दो वाहन जब्त किए गए हैं। वहीं, तीन तस्कर भी दबोच लिए गए। माल की अनुमानित कीमत 32 लाख रुपए बताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार पिण्डवाड़ा में हाईवे पर मोरस चौकी के पास नाकाबंदी की गई थी। इस दौरान एक वैन जीजे-01-डब्लूडी-6378 को जब्त कर उसमें रखा छह किलो 340 ग्राम अफीम दूध बरामद किया गया। वहीं, एस्कॉर्ट कर रही कार को आरजे-24-सीबी-0678 को भी जब्त कर लिया।

**रानीवाड़ा क्षेत्र के तीनों तस्कर**

अफीम तस्करी मामले में तीन जनों को गिरफ्तार किया गया है। तीनों तस्कर जालोर जिले में रानीवाड़ा थाना क्षेत्र के निवासी है। पुलिस के अनुसार फतापुरा निवासी ललितकुमार पुत्र रतनाराम हीरागर, आकराड निवासी रिदाराम पुत्र परखाराम कलबी व वसनाराम पुत्र सामतीराम देवासी को गिरफ्तार किया गया है।

## कड़ियां गांव में महिला की जिंदा जलने से मौत, पति बच्चों सहित फरार
### हत्या की आशंका में पुलिस ने शुरू की जांच

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)**। राजसमंद केलवाड़ा थाना क्षेत्र के कड़ियां गांव में एक महिला की जलकर मौत होने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने हत्या की आशंका जताते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान उठड़ो की भागल निवासी 42 वर्षीय पुष्पा नागरची के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि पुष्पा किसी हिम्मत नामक व्यक्ति के साथ रह रही थी। घटना के बाद से हिम्मत बच्चों सहित मौके से फरार बताया जा रहा है, जिससे पुलिस को उस पर शक है।

# इण्डाली के राजकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल का अनूठा नवाचार, टॉपर को स्कूटी और गार्गी छात्राओं को चांदी का सिक्का देने की घोषणा

बढ़ता राजस्थान



**झुंझुनूं (नि.स.)**। गांवों में सरकारी स्कूलों के प्रति बढ़ते विश्वास और शिक्षा के प्रति जागरूकता की सशक्त तस्वीर इण्डाली में देखने को मिली, जब महात्मा गांधी शहीद घनश्याम राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय द्वारा आयोजित सामुदायिक चौपाल में अभिभावकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। गांव के चौक पर आयोजित इस अनूठे कार्यक्रम में पुरुषों के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई।

नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस नवाचार की थीम 'स्कूल चला समुदाय के द्वार' रही, जिसने पूरे गांव को शिक्षा के उत्सव में बदल दिया। कार्यक्रम के दौरान समुदाय की ओर से स्कूल स्टाफ का तिलक लगाकर और मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया गया, जिससे वातावरण पूरी तरह उत्साह और अपनत्व से भर उठा।

संस्था प्रधान सुरेन्द्र कुमार डूडी ने चौपाल को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य स्पष्ट किए और विद्यालय में दी जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा शिक्षकों की दक्षता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी देते हुए अभिभावकों से अधिकाधिक बच्चों को राजकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल में प्रवेश दिलाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान डूडी ने एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षा में 95 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को एक लाख रुपये की स्कूटी दी जाएगी, जबकि प्रत्येक गार्गी पुरस्कार प्राप्त छात्रा को चांदी का सिक्का भेंट किया जाएगा। इस घोषणा ने उपस्थित अभिभावकों और विद्यार्थियों में खासा उत्साह भर दिया।

चौपाल में पूर्व सरपंच प्रेम सिंह ने समुदाय की ओर से स्वागत भाषण देते हुए विद्यालय की पहल को सराहनीय बताया और गांव के प्रत्येक परिवार से बच्चों को सरकारी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में भेजने की अपील की। इस अवसर पर व्याख्याता अविता सांगवान ने विज्ञान, गणित, जीव विज्ञान और कृषि संकाय में उपलब्ध उज्ज्वल करियर संभावनाओं पर प्रकाश डाला, वहीं व्याख्याता सरिता बड़सरा ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के महत्वपूर्ण टिप्स साझा किए। वरिष्ठ अध्यापक सुशील कुमार ने विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिए जाने का भरोसा दिलाया, जबकि एनटीटी अध्यापिका प्रेरणा कालेर ने बाल वाटिका के माध्यम से बच्चों के समग्र विकास पर जानकारी दी।

कार्यक्रम में शाला स्टाफ के साथ सेवानिवृत्त अध्यापक बाबूलाल, रणवीर कांटीवाल, विद्याधर बिकुनिया, भागीरथमल कांटीवाल, गिरधारी लाल, नागरमल कांटीवाल, जमनाधर पाथिर, प्रताप बिकुनिया, विजयपाल महला, मनफुल लाम्बा, ओमप्रकाश कांटीवाल, जगदीश पाथिर, फूलाराम भगत सहित विनोद शिशेन्द्र, आनंद, संदीप, विशाल और वार्ड पंच लक्ष्मी देवी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## इंट्रा स्टेट रेलवे कनेक्टिविटी को सशक्त बनाने पर राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ की रेल मंत्री से चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)**। सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित कार्यालय में भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से शिष्टाचार भेंट कर राजसमंद लोकसभा क्षेत्र एवं मेवाड़ क्षेत्र में रेलवे विस्तार से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।बेठक के दौरान सांसद महिमा कुमारी ने राजस्थान में इंट्रा-स्टेट रेलवे कनेक्टिविटी को मजबूत करने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न शहरों के बीच बेहतर रेल संपर्क से न केवल यात्रियों को सुविधा मिलेगी बल्कि पर्यटन, व्यापार और क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलेगी। इसके साथ ही इंटर-स्टेट रेल कनेक्टिविटी को बढ़ाने के विषय पर भी चर्चा की गई, जिससे राजस्थान का अन्य राज्यों से संपर्क और सुदृढ़ हो सके।सांसद ने देवगढ़ से मदारिया तक ब्रॉडगेज लाइन के कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि यह परियोजना पूरी होने पर मेवाड़ क्षेत्र सीधे मारवाड़ से जुड़ जाएगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी।इसके साथ ही उन्होंने कांकरोली से भीलवाड़ा तक रेलवे लाइन को ब्रॉडगेज में विकसित करने का प्रस्ताव भी रखा, जिससे इस क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी और मजबूत हो सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने कांकरोली रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर 'राजसमंद' करने का प्रस्ताव भी रेल मंत्री के समक्ष रखा।

## प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव जन्म कल्याणक महोत्सव प्रथमेश का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव आज
### धर्मसभा के लिये टाउनहॉल सजा, शोभायात्रा का जगह-जगह होगा स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (नि.स.)**। समग्र जैन समाज की ओर से श्री मेवाड़ जैन युवा संस्थान द्वारा 'जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर, युग सृष्ठा भगवान श्री ऋषभदेव का जन्म एवम् तप कल्याणक महोत्सव'प्रथमेश 2026' कल 12 मार्च को धूमधाम से मनाया जायेगा।

सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष शान्तिलाल वेलावत ने बताया कि गुरुवार को प्रातः 7 बजे जैन धर्म के साधु-सन्तों के सानिध्य में नगर निगम प्रांगण' में 'ध्वजारोहण' के साथ ही शहर में भ्रमण के लिये शोभायात्रा प्रारम्भ होगी। शहर में 20 स्वागतद्वार लगाये जा रहे है। टाउनहॉल में शोभायात्रा के पश्चात् रत्नत्रयधारी साधुवृन्दों के आशीर्वचन होंगे।

समाज के प्रमुख महेन्द्र टाया ने बताया कि शोभायात्रा में श्री जिनेंद्र प्रभु का रथ, हाथी, घोड़े, बग्गियों, बैंड, ढोल,महिला बैण्ड घोष साथ चलेगा। शहर के प्रमुख मार्गों से शोभायात्रा सहित आचार्य संघ-आर्यिका संघ 51 से अधिक पिछीधारी संतों का संघ श्रावक-श्रविकाओ का समूह प्रभु भक्ति में प्रस्थान करेंगे।

शोभायात्रा 'टाउन हॉल से प्रारंभ होकर सूरजपोल चैराहा, झीनीरेत,मार्शल चैराहा,मंडी की नाल,देहलीगेट,बापू बाजार, होते हुए टाउन हॉल में सम्पन्न होगा। इस शोभायात्रा में महिला प्रकोष्ठ से श्रीमती लीला कुर्दिया, सुशीला कारवां ,अर्चना पटवारी,रेखा लोलावत,संगीता गोददोत ,निर्मला सोनी आदि के सहयोग से 24 से अधिक जीवंत झांकी, महिला मंडल के घोष, प्रभु के जन्मोत्सव की बधाई का गायन,वादन करते हुए चलेंगे। शोभायात्रा के समापन के पश्चात नगर निगम प्रांगण ,टाउन हॉल' में धर्म सभा का आयोजन होगा,जिसकी पूरी तैयारी की जा चुकी है। जिसमें समाज प्रमुख श्रेष्ठियों द्वारा प्रभु का चित्र अनावरण, दीप प्रज्ज्वलन अलंकरण समारोह आदि मांगलिक क्रियाएँ सम्पादित होगी। टाया ने शहर के सभी समाजजनों से इस शोभायात्रा में भाग लेने का आव्हान किया है।

संगठन के उपाध्यक्ष पारस कुणावत, विमल नाथुत, मनोज गदिया,अरूण लुणदिया,अनिल सकरावत,राजेश गदावत,राजेन्द्र चित्तौड़ा,संजय गांगावत,प्रितेश वगेरिया,रविश मुण्डलिया आयोजन की तैयारियों में लगे हुए है।

संस्थान के महामंत्री डॉ.राजेश देवड़ा व मंत्री गौरव गनोडिया ने बताया कि मंगलाचरण के उपरांत उदयपुर नगर में विराजित 'आचार्यकल्प 108 श्री पुण्यसागरजी ससंघ, आचार्य 108 श्री विहर्षसागरजी ससंघ,आचार्य 108 श्री मयंकसागरजी ससंघ, 'गणिनी आर्यिका 1.5 श्री सुप्रकाशमति माताजी संसघ ,गणिनी आर्यिका 105 श्री सुभूषणमति माताजी ,आर्यिका 105 श्री चैत्यमती जी ससंघ आर्यिका 105 श्री नमनश्रीजी ससंघ ,आर्यिका 105 श्री प्रसन्नमति माताजी' की उपस्थित रहेगी। जिनके धर्मौपदेश से जनता लाभान्वित होगी।

संस्थान के कोषाध्यक्ष हेमन्द्र दामावत,अशोक गोड़दोत ने बताया कि कार्यक्रम के पश्चात सभी साधर्मी श्रावक-श्राविकाओं के लिये स्वामी वात्सल्य की व्यवस्था रखी जाएगी।

## डी पी एस, उदयपुर के रेयांश और रितिशा बने नेशनल अचीवर

बढ़ता राजस्थान





**उदयपुर (नि.स.)**। दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर की कक्षा आठवीं के अत्यंत प्रतिभावान और होनहार छात्र रेयांश जैन यूनिफाइड काउंसिल के यूआईएमओ में तीसरी अंतरराष्ट्रीय रैंक, यूआईसीओ में छठी अंतरराष्ट्रीय रैंक और एनएसटीएसई में बीसवीं अंतरराष्ट्रीय रैंक हासिल कर अपने विद्यालय के एक मात्र ऐसे विद्यार्थी बने हैं, जिन्होंने सभी में यूनिफाइड नेशनल अचीवर (टॉप-25) बनने का गौरव प्राप्त किया है, जिसके लिए उन्हें यूनिफाइड काउंसिल की ओर से टैबल पी.सी., एवं गोल्डमैडल ऑफ एक्सिलेंस से सम्मानित किया जाएगा।

इसी क्रम में, कक्षा आठवीं की रितिशा जैन ने यूआईएमओ में नवीं अंतरराष्ट्रीय रैंक और यूआईसीओ में बाइसवीं अंतरराष्ट्रीय रैंक हासिल कर अपने विद्यालय का मान बढ़ाया है। जिसके लिए रितिशा को यूनिफाइड काउंसिल की ओरसे 1500 रु नकद पुरस्कार एवंगोल्डमैडलऑफएक्सिलेंस से सम्मानित किया जाएगा।

प्रो. वाइस चेयरमैन गोविंद अग्रवालने बताया कि ये दोनों ही परिश्रमी छात्र विद्यालय के चमकते सितारे हैं जो शिक्षा के प्रति प्रारंभ से ही लगन व समर्पण रखते हैं। ये प्रत्येक परीक्षा में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन कर सर्वश्रेष्ठ परिणाम प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित करते हैं।

विद्यार्थियों की इन शानदार उपलब्धियों पर प्रो. वाइस चेयरमैन गोविंद अग्रवाल, प्राचार्य संजय नरवरिया तथा उप प्राचार्य राजेश धाभाई ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्रों को बधाई दी व उनके अभिभावकों को बच्चों के उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएँ दीं।

## एक शाम नाकोड़ा पाश्र्व भैरव के नाम 15 का,108 दीपक से होगी भव्य आरती

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)**। श्री नाकोड़ा पार्श्व भैरव भक्ति मंडल हिरणमगरी सेक्टर 4 एवं ओसवाल सभा उदयपुर द्वारा स्व. केसरबाई लोढ़ा की पावन स्मृति में 15 मार्च रविवार को टाउनहॉल प्रांगण में एक शाम नाकोड़ा पार्श्व भैरव के नाम भव्य भक्ति संध्या आयोजित की जोयगी। जिसमें पाश्र्वनाथ भगवान की 108 दीपक से महाआरती की जायेगी।

संस्थान के अध्यक्ष मनोहर तलेसरा,सचिव हस्तीमल लोढ़ा व कोषाध्यक्ष अशोक कुमार बोकडिया ने बताया कि भक्ति के मुख्य आयोजक अमृतलाल,रमेश, दर्शन एवं चिंतन लोढ़ा परिवार होंगे। 13 मार्च को सवेरे 7.30 बजे भूमि पूजन होगा। 14 मार्च को सायं मेहंदी का कार्यक्रम होगा। 15 मार्च को दोपहर 3 बजे श्री वासुपज्य मंदिर सूरजपोल से भव्य वर घोड़ा प्रारंभ होकर टाउनहॉल में संपन्न होगा। जिसमें घोड़े,सैकड़ों भैरव भक्त,बैंड की मधुर धुनों के साथ नाचते झूमते चलेंगे। वरघोड़ा मे निरागरत्न विजय महाराज व कीर्ति रेखाश्री महाराज सा की पावन निश्रा मिलेगी। सांय 7 बजे भव्य भक्ति होगी जिसमें विश्व प्रसिद्द गायक कलाकार नरेंद्र भाई वाणी गोता अपनी टीम के साथ भैरव भजनों की प्रस्तुति देंगे। भक्ति के तैयारियां जोरों पर चल रही है। जिसमें सभी भैरव भक्तों ओर विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है।

## ऐतिहासिक बारह भाई मेले को लेकर प्रशासन ने ली मेला कमेटी की बैठक,
### रूट चार्ट के हिसाब से मेले में सुरक्षा जाप्ता तैनात करने और ड्रोन से निगरानी के निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)**। शहर 168 वर्ष पुराने ऐतिहासिक बारह भाई मेले को लेकर बुधवार को उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी ने मेला कमेटी के पदाधिकारीयो के साथ बैठक की। इस दौरान उपखंड अधिकारी ने मेला कमेटी के पदाधिकारीयो को बताया कि मेले का आयोजन सही तरीके से और शांतिपूर्ण रूप से होना चाहिए। मेले का जो रूट चार्ट है उसमें बाद में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।

मेला अध्यक्ष राजेंद्र गर्ग ने बताया कि बाड़ी का ऐतिहासिक वर्षों पुराना मेला है। तीन दिवसीय इस मेले में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन होता है। इस बार 15 मार्च को पुराना बाजार में मेला बैठक होगी। 16 मार्च को शहर में ऐतिहासिक मेला धूमधाम से निकला जाएगा और 17 मार्च को शहर के किला गेट पर राजगद्दी कार्यक्रम का आयोजन होगा।

एसडीएम भगवत शरण त्यागी ने पुलिस के सर्किल अधिकारी महेंद्र कुमार को निर्देश दिए कि मेले के दौरान पूरे मेला रूट पर पुलिस का जाब्ता तैनात होना चाहिए साथ में यातायात को मेला निकलने के दौरान डायवर्ट किया जाए। मेले की सुरक्षा को लेकर सीताराम बाजार, लुहार बाजार जैसे एरिया में ड्रोन से निगरानी रखी जाए और छतों पर भी पुलिस के जवान तैनात किए जाएं। जिससे किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं हो सके।

पुलिस प्रशासन से मेले में सुरक्षा व्यवस्था को माकूल बनाने के साथ पेयजल व्यवस्था, बिजलीं व्यवस्था और अन्य मेले से जुड़ी व्यवस्थाओं को दुरस्त करने के निर्देश दिए। मेला को लेकर आयोजित इस बैठक में कोतवाली थाने सीआई हरवीर सिंह, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अमिताभ बच्चन मीना, सफाई निरीक्षक यादवेंद्र तोमर के साथ मेला कमेटी के महामंत्री पवन चंसौरिया, उपाध्यक्ष इमरान मलिक, कोषाध्यक्ष दिनेश गर्ग ट्रांसपोर्ट, सचिन बंसल, रबिन्द्र बंसल, जलदाय विभाग के एक्सईएन देशराज गुर्जर, डिस्कॉम के जेईएन जगदीश मीणा, ट्रैफिक इंचार्ज गोविंद सिंह के साथ तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

## विशेष योग्यजनों हेतु तीन दिवसीय नि:शुल्क कृत्रिम अंग उपकरण वितरण शिविर के दूसरे दिन जारी रहा

**अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण ने किया निरीक्षण**



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा भारत विकास परिषद शाखा कोटपूतली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय निःशुल्क विशाल कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर के दूसरे दिन बुधवार को विशेष योग्यजनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

शिविर में आवश्यकता के अनुसार दिव्यांगजनों को विभिन्न सहायक उपकरण प्रदान किए गए। शिविर के दौरान 26 व्हीलचेयर, 20 ट्राइसाइकिल, 16 बैसाखी, 100 कान की मशीन, 4 कृत्रिम हाथ, 15 कृत्रिम पैर, 2 वॉकर तथा 8 वॉकिंग स्टिक दिव्यांग लाभार्थियों को वितरित किए गए।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण ने शिविर स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा उपस्थित दिव्यांगजनों से शिविर में मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए पर्याप्त पेयजल एवं छाया की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार और समाज के संयुक्त सहयोग व सहभागिता से ऐसे सेवा कार्यों का संचालन समाज में सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है।

इस अवसर पर विपिन चौधरी, जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष राजेश दीवान, सचिव बजरंग लाल शर्मा, सेवा संयोजक डॉ. अरविंद मित्तल, डॉ. के.एम. गुप्ता, डॉ. वासुदेव गुप्ता, प्रेम गुप्ता, डॉ. अश्विनी गोयल, विनोद गोयल, एडवोकेट अशोक सुरेलिया, अरविंद शरण बंसल, डॉ. दीपक मित्तल, नागरमल, महेश अग्रवाल, अमित शरण सहित समाज कल्याण विभाग के कार्मिक उपस्थित रहे।

## पुलिस कांस्टेबल 10 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजस्थान (एसीबी) की दौसा चौकी ने ट्रैप कार्रवाई करते हुए जिला अलवर में तैनात एक पुलिसकर्मी को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

एसीबी डीजी गोविंद गुप्ता ने बताया कि पुलिस चौकी गोला का बास, थाना टहला में तैनात कांस्टेबल रामप्रकाश को परिवादी से 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। परिवादी के माता-पिता और छोटे भाई के खिलाफ थाना टहला में दर्ज एक मुकदमे में राजीनामा पत्रावली पर लेने के बदले रिश्वत की मांग की जा रही थी।

शिकायत मिलने पर एसीबी ने उसका सत्यापन कराया। इसके बाद उप महानिरीक्षक अनिल कयाल के सुपरविजन में एसीबी दौसा चौकी के उप अधीक्षक रविन्द्र सिंह के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी कांस्टेबल रामप्रकाश को परिवादी से 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह रिश्वत राशि मुकदमे के अनुसंधान अधिकारी रामनारायण, हेड कांस्टेबल के साथ मिलीभगत कर राजीनामा पत्रावली पर लेने के बदले ली जा रही थी। एसीबी मामले में आगे की जांच कर रही है।

## कस्बे में सफाई व्यवस्था ठप, मुख्य बाजार सहित वार्डों में गंदगी के ढेर



बढ़ता राजस्थान

**प्रागपुरा (नि.स.)।** कस्बे में पिछले करीब एक सप्ताह से नियमित साफ-सफाई नहीं होने के कारण जगह-जगह गंदगी के ढेर लग गए हैं। होली के बाद से ही कस्बे के मुख्य बाजार सुभाष चौक, गोगाजी मंदिर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र, होली चौक, रामलीला मैदान सहित विभिन्न वार्डों में कचरा और गंदगी जमा होने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौके से सामने आई तस्वीरों में भी सडक़ों और सार्वजनिक स्थानों पर फैली गंदगी व कचरे के ढेर साफ नजर आ रहे हैं। प्रागपुरा कस्बा घनी आबादी वाला क्षेत्र होने के साथ नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा शहरी क्षेत्र के अंतर्गत आता है, लेकिन इसके बावजूद सफाई व्यवस्था चरमराई हुई दिखाई दे रही है। कई जगहों पर नालियां ओवरफ्लो होकर गंदा पानी सडक़ों पर फैल रहा है, जिससे दुर्गंध फैलने के साथ मच्छरों के पनपने का खतरा बढ़ गया है।

## स्नैचिंग पर जयपुर पुलिस का शिकंजा: दो दिन के अभियान में 71 आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** शहर में चैन, मोबाइल और पर्स स्नेचिंग की बढ़ती घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नरेट ने दो दिवसीय विशेष अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की। अभियान के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों में दबिश देकर स्नैचिंग के 71 चालान शुदा अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार यह विशेष अभियान 7 और 8 मार्च 2026 को चलाया गया। इसके तहत जयपुर आयुक्तालय के उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम जिलों में स्नैचिंग के आरोपियों की धरपकड़ के लिए व्यापक स्तर पर कार्रवाई की गई।

अभियान में करीब 439 पुलिस अधिकारियों और जवानों की 127 टीमों ने शहर के 600 से अधिक स्थानों पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान चैन, पर्स और मोबाइल स्नैचिंग के 71 चालान शुदा अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि स्थानीय विशेष अधिनियम के तहत 8 अन्य आरोपियों को भी पकड़ा गया।

# घरेलू गैस सिलेंडर आपूर्ति पर मुख्यमंत्री के दिशा निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करने हेतु मुख्य सचिव ने ली सभी जिला कलेक्टरों, पुलिस अधीक्षकों एवं विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण बैठक

## प्रदेश में घरेलू रसोई गैस आपूर्ति हेतु पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध, आमजन को घबराने की आवश्यकता नहीं– मुख्य सचिव

बढ़ता राजस्थान



जयपुर (का.स.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति के संबंध में दिए निर्देशों की अनुपालना में मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने बुधवार को सचिवालय में प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर्स, पुलिस अधीक्षकों, विभिन्न विभागों के आला अधिकारियों तथा ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ वीसी के माध्यम से एक महत्वपूर्ण हाइब्रिड बैठक ली जिसमें कलेक्टर और एसपी वीसी के माध्यम से जुड़े।

मुख्य सचिव ने कहा कि केंद्र सरकार के गत 9 मार्च के एलपीजी कंट्रोल ऑर्डर के माध्यम से व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पर रोक लगा दी गई है परंतु घरेलू उपभोक्ताओं को रसोई गैस आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है। उन्होंने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति हेतु प्रदेश में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। इस संबंध में घरेलू उपभोक्ताओं को चिंतित होने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों में रसोई गैस की निर्बाध एवं नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को प्रदेश में संचालित सभी अन्नपूर्णा रसोइयों में भी रसोई गैस का उचित प्रबंध करने हेतु निर्देशित किया।

**राज्य एवं जिला स्तर पर निगरानी कमेटी**

बैठक में मुख्य सचिव ने घरेलू गैस सिलेंडर आपूर्ति प्रक्रिया की प्रभावी मॉनिटरिंग हेतु राज्य एवं जिला स्तर पर निगरानी समितियां बनाने के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन समितियों में पुलिस और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभागों के अधिकारी एवं ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल रहेंगे। यह कमेटी राज्य एवं जिला स्तर पर मांग एवं आपूर्ति के अनुसार घरेलू गैस सिलेंडर की स्टॉकिंग, आवाजाही एवं वितरण प्रक्रिया की प्रभावी मॉनिटरिंग करेगी तथा घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी एवं अन्य उद्देश्य के लिए इस्तेमाल के विरुद्ध प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करेगी।

**गैस सिलेंडर की कालाबाजारी रोकने हेतु तीन हेल्पलाइन**

मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित दिए कि पुलिस के हेल्पलाइन नंबर 112 पर एलपीजी सिलेंडरों की कालाबाजारी, अवैध भंडारण आदि के संबंध में आई शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी संज्ञान लेकर कार्रवाई करें। साथ ही, राजस्थान संपर्क की हेल्पलाइन नंबर 181 पर भी गैस सिलेंडर की कालाबाजारी की शिकायत की जा सकेगी। उपभोक्ता मामले विभाग के हेल्पलाइन नंबर 14435 पर भी इस संबंध में शिकायत दर्ज की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कालाबाजारी एवं अन्य उद्देश्य के लिए इस्तेमाल रोकने हेतु जिला एवं राज्य स्तर पर गठित कंट्रोल रूम निरंतर कार्य करेंगे एवं रसोई गैस आपूर्ति की प्रभावी निगरानी कर आमजन को सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे।

# जयपुर में होगा विश्व ब्राह्मण सभा ट्रस्ट का राष्ट्रीय अधिवेशन

## देशभर के पदाधिकारी जुटेंगे जयपुर में समाज सशक्तिकरण पर होगा मंथन

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** विश्व ब्राह्मण सभा ट्रस्ट का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 14 और 15 मार्च को जयपुर में आयोजित किया जाएगा। अधिवेशन पंचायती राज सभा भवन में होगा। आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित देवनारायण जैमन, राष्ट्रीय महामंत्री महेश कुमार शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष बृजेश शर्मा तथा जयपुर महानगर अध्यक्ष पंडित रघु शर्मा ने बताया कि अधिवेशन में देशभर से समाज के पदाधिकारी और प्रतिनिधि शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि विश्व ब्राह्मण सभा का उद्देश्य समाज के अन्य संगठनों को साथ लेकर समाज को उन्नति और प्रगति की दिशा में आगे बढ़ाना है। जब बौद्धिक समाज प्रगति करता है तो उसका लाभ राष्ट्र और अंततः पूरे विश्व को मिलता है। अधिवेशन के दौरान विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा अलग-अलग सत्रों में विचार साझा किए जाएंगे। इन सत्रों में समाज में संस्कार निर्माण, समृद्ध राष्ट्र की अवधारणा को मजबूत करने तथा समाज को सशक्त बनाने के उपायों पर व्यापक चर्चा होगी। पदाधिकारियों के अनुसार सम्मेलन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और अधिवेशन का शुभारंभ देश के प्रमुख संत-महात्माओं के सानिध्य में किया जाएगा। अधिवेशन में भाग लेने के लिए देश के विभिन्न राज्यों से समाज के प्रतिनिधियों ने सहमति दी है।

अधिवेशन की सफलता के लिए जयपुर महानगर सहित शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है तथा विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम के पोस्टर भी लगाए गए हैं।

## प्रथम पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि: रक्तदान शिविर में युवाओं ने किया 40 यूनिट रक्तदान



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में स्वर्गीय अक्षय सिंह की प्रथम पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में उनके मित्रों द्वारा एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस पुनीत कार्य में क्षेत्र के युवाओं ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझते हुए बढ़-चढक़र हिस्सा लिया, जिसके फलस्वरूप कुल 40 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। स्मृतियों को सेवा से जोड़ा आयोजन के दौरान विजय सिंह तंवर बनेठी ने स्व. अक्षय सिंह को याद करते हुए बताया कि वे राजपूत हॉस्टल, कोटपुतली के एक अत्यंत सज्जन, मिलनसार और कर्मठ युवक थे। उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर उन्हें केवल आँसुओं से नहीं, बल्कि मानवता की सेवा के जरिए याद करने का निर्णय लिया गया। इसी उद्देश्य से उनके मित्रों ने इस रक्तदान शिविर की रूपरेखा तैयार की। शिविर के दौरान अस्पताल परिसर में युवाओं और परिचितों की भारी भीड़ उमड़ी। जैसे ही रक्तदान की प्रक्रिया शुरू हुई, स्व. अक्षय की स्मृतियों को याद कर कई साथियों की आँखें नम हो गईं। उपस्थित जनसमूह ने उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके द्वारा बताए गए सेवा भाव के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## सहकार मार्ग स्थित कैफे में अवैध हुक्का पर कार्रवाई

### 10 लोगों का काटा चालान और 9 कर्मचारियों को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के निर्देश पर अवैध हुक्का बारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अशोक नगर थाना पुलिस ने सहकार मार्ग स्थित एक कैफे में कार्रवाई करते हुए अवैध हुक्का संचालन का खुलासा किया।

पुलिस उपायुक्त दक्षिण दिगंत आनंद के निर्देशन में 10 मार्च को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ललित किशोर शर्मा तथा सहायक पुलिस आयुक्त के सुपरविजन में थाना अधिकारी के नेतृत्व में टीम ने सहकार मार्ग स्थित सासा सेंट्रल कैफे पर दबिश दी। जांच के दौरान कैफे में अवैध रूप से हुक्का पिलाते हुए 10 लोगों को पकड़ा गया, जिनका कोटपा अधिनियम के तहत चालान किया गया। मौके से भारी मात्रा में हुक्का सामग्री भी जब्त की गई।

कार्रवाई के दौरान कैफे में काम करने वाले 9 कर्मचारी—दीपू सिंह, पवर्त लाल सिंह, मनोहर लाल सिंह, अजय जाट, कान सिंह रावत, नितेश वाल्मीकि, रामकेश जाटव, शर्मा प्रसाद सिंह और मुन्ना गंगई—को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने कैफे संचालक मंजीत सिंह शेखावत और मैनेजर विकास चौधरी के खिलाफ सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन निषेध और व्यापार, वाणिज्य उत्पादन, आपूर्ति एवं वितरण विनियमन) अधिनियम 2019 की धारा 4क/21 क के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## डाबला रोड की जर्जर सडक़ ने खोली प्रशासन की पोल, गड्ढों से बचने को वाहन चालक मजबूरन जा रहे रॉन्ग साइड

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के डाबला रोड की बदहाल सडक़ इन दिनों वाहन चालकों और स्थानीय व्यापारियों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनी हुई है। सडक़ पर जगह-जगह बने बड़े और गहरे गड्ढों ने पूरे रास्ते को खतरनाक बना दिया है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि वाहन चालकों को गड्ढों से बचने के लिए मजबूरन रॉन्ग साइड से निकलना पड़ रहा है, जिससे हर समय बड़े हादसे का खतरा बना रहता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि करीब एक महीने पहले डाबला रोड स्थित कैंटीन के सामने बने गड्ढों में रोड़ी डालकर केवल औपचारिकता निभा दी गई थी। प्रशासन की इस लीपापोती से कुछ दिन तो धूल-मिट्टी में गड्ढे दबे नजर आए, लेकिन थोड़े ही समय में सडक़ फिर से पहले से भी ज्यादा खतरनाक हो गई। अब स्थिति यह है कि सडक़ पर चलना भी किसी जोखिम से कम नहीं है।

दोपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार गड्ढों के कारण वाहन असंतुलित हो जाते हैं और दुर्घटना का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते सडक़ की मरम्मत नहीं करवाई गई तो कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है।

टूटी-फूटी सडक़ का असर आसपास के व्यापार पर भी साफ दिखाई दे रहा है। दुकानदारों का कहना है कि खराब सडक़ के कारण ग्राहक इस मार्ग पर आने से कतराने लगे हैं, जिससे उनके व्यापार पर भी बुरा असर पड़ रहा है। इसको लेकर दुकानदारों और स्थानीय लोगों में प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश है।

क्षेत्रवासियों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है। लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द डाबला रोड की पूर्ण रूप से मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि आमजन को राहत मिल सके और संभावित हादसों को टाला जा सके।

**मेले के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुचारू रखना सुनिश्चित करें: एडीएम रतन कुमार**

# शराब, पशुबलि, डीजे पर रहेगा पूर्णतया प्रतिबंध, जीणमाता मेले की व्यवस्थाओं के संबंध में ली समीक्षा बैठक

बढ़ता राजस्थान



**जीणमाताजी (नि.स.)।** सीकर जिले की प्रसिद्ध शक्तिपीठ जीणमाता में 19 मार्च से 27 मार्च तक लगने वाले 9 दिवसीय चैत्र नवरात्रा मेला 2026 को लेकर बुधवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने जीणमाता मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों, विभागीय अधिकारियों की हर्ष जीण वाटिका धर्मशाला जीणमाता में बैठक ली। मेले के सफल और सुव्यवस्थित आयोजन के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा—निर्देश दिए।

एडीएम रतन कुमार ने कहा कि जीणमाता मेले के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुचारू रखना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान पुलिस जाब्ते के साथ- साथ होमगार्ड्स, एनसीसी के वालियंटर और मंदिर कमेटी के सुरक्षा गार्ड भी श्रृद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगे। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि मेले के दौरान 5 एम्बुलेंस सहित 5 मेडिकल टीम गठित कर डॉक्टर्स व पैरा मेडिकल स्टॉफ की नियुक्ति करना सुनिश्चित करें।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने मेले से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि श्रृद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने पेयजल, बिजली, साफ-सफाई, चिकित्सा, सुरक्षा, यातायात और पार्किंग जैसी व्यवस्थाओं को प्राथमिकता से पूरा करने पर जोर दिया।

उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और मेले के दौरान व्यवस्थाओं की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए। साथ ही श्रृद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

उन्होंने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को पेयजल, अजमेर विद्युत वितरण निगम को निर्बाध विद्युत आपूर्ति, काजल शिखर व मंदिर क्षेत्र में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने, रसद विभाग को घरेलू सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग नहीं होने, अवैध भण्डारण, मिठाईयों की सैम्पलिंग लेने, ग्राम पंचायत को साफ—सफाई, अस्थाई दुकानों का लॉटरी से आंवटन, गन्ने के ज्यूस के ठेले वालों को कचरा नहीं फैलाने के लिए पाबंद करने, अतिक्रमण हटवाने, डीजे पर पूर्णतया प्रतिबंध रखने सहित विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में दिशा—निर्देश दिये।

इस दौरान दांतारामगढ़ एसडीएम मौनिका सामौर, सीकर एएसपी तेजपाल सिंह, रींगस दीपक गर्ग, जिला रसद अधिकारी विजेन्द्र पाल, सहायक निदेशक जनसम्पर्क पूरण मल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक महरिया, पुलिस उपाधीक्षक दांतारामगढ़ कैलाश कंवर, तहसीलदार शैलजा, विकास अधिकारी विरेन्द्र भाटी, जिला समन्वयक राकेश लाटा, ग्राम पंचायत रलावता प्रशासक सुभाष शेषमा, मंदिर पुजारी दीपक पारासर, भवानी शंकर, बनवारी लाल शर्मा, नंद किशोर शर्मा, महेन्द्र, मधुसूदन, कमल सहित जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी व मंदिर कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# विपक्ष की हार, ओम बिरला के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव खारिज

विपक्ष की ओर से लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को खारिज होना ही था। इसे विपक्ष भी भली तरह जानता था और इसीलिए जब यह प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज हुआ तो उसने मतदान की मांग नहीं की, क्योंकि वह समझ रहा था कि नतीजा बदलने वाला नहीं है। विपक्ष और विशेष रूप से कांग्रेस ने लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर यह दिखाने की कोशिश की थी, वह इसे लेकर बहुत गंभीर है, लेकिन जब उस पर बहस का समय आया तो वह पश्चिम एशिया के संकट पर चर्चा की मांग करने लगा। ऐसा नहीं है कि सरकार इस विषय पर बहस के लिए तैयार नहीं थी, लेकिन विपक्ष और विशेष रूप से कांग्रेस ने यही प्रदर्शित किया कि वह अपनी ही ओर से लाए गए प्रस्ताव को लेकर गंभीर नहीं। निःसंदेह राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि उन्हें जो मन में आए, वह बोलने की अनुमति मिल जाए और वे अपने को संसदीय नियमों से परे समझें। वे अपनी समझ से जिन्हें गंभीर विषय बताते हैं और उन पर चर्चा के लिए जोर देते हैं, वे प्रायः हवा-हवाई और सनसनीखेज ही होते हैं। बीते कुछ दिनों से राहुल गांधी संसद के भीतर-बाहर इस पर जोर देने में लगे हुए हैं कि अमेरिका से अंतरिम व्यापार समझौते पर प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति के समक्ष समर्पण कर दिया है, लेकिन अभी तो यह समझौता हुआ ही नहीं है। इसके पहले वे यह सिद्ध करने की



असफल कोशिश करने में लगे हुए थे कि चुनाव आयोग मोदी सरकार के इशारे पर मतदाता सूचियों का इस तरह विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर करने में लगा हुआ है, ताकि भाजपा को चुनावी लाभ मिले। सरकार के खिलाफ मनगढ़ंत आरोप उछालना राहुल गांधी की अगंभीरता को ही दर्शाता है। वे संसद की कार्यवाही को लेकर भी गंभीर नहीं दिखते। इसे गृहमंत्री अमित शाह ने अच्छी तरह रेखांकित किया। उन्होंने विस्तार से बताया कि लोकसभा अध्यक्ष पर खुद को सदन में न बोलने देने का आरोप लगाने वाले राहुल गांधी ने किस तरह 12 महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा में भाग नहीं लिया। इसी तरह संसद के विभिन्न सत्रों के दौरान किस प्रकार उन्होंने विदेश यात्रा करना आवश्यक समझा। गृहमंत्री ने यह भी बताया कि सदन में उनकी उपस्थिति किस तरह बहुत कम रहती है। लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर विपक्ष को हार मिलनी ही थी, लेकिन इसका परिणाम यह नहीं होना चाहिए कि सत्तापक्ष एवं विपक्ष के रिश्ते और कटुतापूर्ण हो जाएं। इससे किसी को कुछ हासिल नहीं होगा। यह समय की मांग है कि संसद में सभी मुद्दों पर धीर-गंभीर तरीके से चर्चा हो, लेकिन यह तब तक संभव नहीं, जब तक विपक्ष हर मसले पर उलटे-सीधे आरोपों के साथ हंगामा करता रहेगा।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 12 मार्च की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1992 - मारिशस गणराज्य घोषित।
- 1993 - मुंबई में कई बम धमाकें हुए और उनमें 300 लोग मारे गए और सैकड़ों से अधिक घायल हो गए।
- 1998 - प्रथम टर्बोनेट इंजन निर्माता हेन्स जोशिम पाबस्ट वान ओहेन का निधन।
- 2003 - सर्बिया के प्रधानमंत्री जोरान जिनजिब की बेलग्रेड में हत्या।
- 2004 - दक्षिण कोरियाई संसद में महाभियोग पारित होने के बाद राष्ट्रपति रोह मू हुन पद से निलम्बित, लाहौर में दसवाँ दक्षेस लेखक सम्मेलन प्रारम्भ।
- 2006 - ईराक में सद्दाम हुसैन के विरुद्ध मुकदमे की सुनवाई प्रारम्भ।
- 2007 - जमैका में 9वें विश्वकप क्रिकेट का उद्घाटन हुआ।
- 2008 -
- पुदुचेरी के उपराज्यपाल मुकुट मिथी ने अपने पद से इस्तीफा दिया। केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने नागालैण्ड में राष्ट्रपति शासन हटाने का निर्णय लिया।
- अमेरिकी वायुसेना ने विश्व के पहले स्टील्थ लड़ाकू विमान एफ़-117 को अपने बेड़े से हटाया। विश्व की सबसे लम्बी आयु की समझी जाने वाली महिला वारवा सेमेनिकोवा का रूस में 117 वर्ष की आयु में निधन।
- 2009 - वायुसेना में आपरेशंस निदेशालय के पहले महानिदेशक के तौर पर एयर मार्शल डी सी कुमारिया ने कार्यभार सम्भाला।
- 2018 - नेपाल के त्रिभुवन अन्तर्राष्ट्रीय विमानक्षेत्र में यूएस-बांग्ला एयरलाइन्स का विमान दुर्घटनाग्रस्त, कम से कम 51 लोगों की मृत्यु।
- 12 मार्च को जन्मे व्यक्ति
- 1913 - यशवंतराव चव्हाण, भारतीय राजनीतिज्ञ।
- 1927 - रॉल अलफोन्सिन - अर्जेंटीना के राष्ट्रपति थे।
- 1984 - श्रेया घोषाल, भारतीय गायका।
- 1962 - एस. दामोदरन (समाजिक कार्यकर्ता) - तमिलनाडु के प्रसिद्ध समाजिक कार्यकर्ता हैं।
- 1950 -हरमोहिन्दर सिंह बेदी - हिंदी लेखक, एक शिक्षाविद और भारतीय राज्य पंजाब के अकादमिक प्रशासक हैं।

## विशेष आलेख

# फूहड़ कंटेंट, सोशल मीडिया और संस्कृतिः जिम्मेदारी किसकी?



डॉ. प्रियंका सौरभ

डिजिटल युग ने हमारे समाज की संरचना, सोच और अभिव्यक्ति के तरीकों को गहराई से बदल दिया है। आज मोबाइल फोन और इंटरनेट के माध्यम से कोई भी व्यक्ति कुछ ही सेकंड में लाखों लोगों तक पहुंच सकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने अभिव्यक्ति को लोकतांत्रिक बनाया है जहां पहले मनोरंजन और प्रसिद्धि के अवसर सीमित लोगों तक होते थे, वहीं अब हर व्यक्ति के पास अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच है। लेकिन इस नए अवसर के साथ कई नई चुनौतियाँ भी सामने आई हैं। इन चुनौतियों में सबसे बड़ी बहस उस कंटेंट को लेकर है जिसे समाज का एक वर्ग 'फूहड़' या 'अशोभनीय' मानता है।

पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो तेजी से वायरल होते देखे गए हैं जिनमें डांस, अभिनय या मनोरंजन के नाम पर ऐसे हाव-भाव और प्रस्तुति दिखाई जाती है जिन्हें कई लोग सांस्कृतिक मूल्यों के विरुद्ध मानते हैं। इन वीडियो को लाखों व्यूज, लाइक्स और शेयर मिलते हैं, जिससे वे और अधिक लोगों तक पहुंचते हैं। लोकप्रियता की इस दौड़ में कई बार कंटेंट की गुणवत्ता और सामाजिक जिम्मेदारी पीछे छूट जाती है। समाज के एक बड़े वर्ग का मानना है कि इस प्रकार के कंटेंट का प्रभाव विशेष रूप से युवाओं और किशोरों पर पड़ता है। जब वे देखते हैं कि कुछ लोग केवल कुछ सेकंड के वीडियो बनाकर अत्यधिक प्रसिद्धि और आर्थिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं, तो उनके मन में भी वैसा ही करने की इच्छा पैदा हो सकती है। कई बार यह प्रेरणा रचनात्मक दिशा में जाती है जैसे संगीत, कला, नृत्य या शिक्षा से जुड़े कंटेंट बनाना। लेकिन कई मामलों में यह प्रेरणा केवल वायरल होने की दौड़ में बदल जाती है, जहां ध्यान आकर्षित करने के लिए किसी भी प्रकार का तरीका अपनाया जाता है।

यह भी देखा गया है कि सोशल मीडिया पर ट्रेंड और एल्गोरिद्म का बहुत बड़ा प्रभाव होता है। जो कंटेंट अधिक देखा और साझा किया जाता है, वही तेजी से फैलता है। ऐसे में यदि दर्शक बार-बार उसी प्रकार के वीडियो देखते हैं जिन्हें वे स्वयं 'फूहड़' कहते हैं, तो अनजाने में वे उसी प्रवृत्ति को बढ़ावा भी दे रहे होते हैं। इसलिए केवल कंटेंट बनाने वालों को दोष देना इस समस्या का पूरा समाधान नहीं है। दर्शक भी इस डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। दूसरी ओर, यह तर्क भी सामने आता है कि कला और मनोरंजन की अपनी स्वतंत्रता होती है। नृत्य, अभिनय और अभिव्यक्ति के कई रूप होते हैं, और हर व्यक्ति उन्हें अलग-अलग तरीके से देखता है। जो एक व्यक्ति को अनुचित लगता है, वही दूसरे के लिए केवल मनोरंजन या कला का एक रूप हो सकता है। इसी कारण इस विषय पर समाज में तीखी बहस देखने को मिलती है। कुछ लोग इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हिस्सा मानते हैं, जबकि अन्य इसे सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों के क्षरण के रूप में देखते हैं।

यहाँ एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है क्या किसी भी प्रकार की लोकप्रियता को सफलता का मानक माना जाना चाहिए? सोशल मीडिया ने प्रसिद्धि प्राप्त करने की प्रक्रिया को बहुत तेज कर दिया है। पहले किसी कलाकार को पहचान पाने में वर्षों लग जाते थे; आज एक वायरल वीडियो किसी को रातों-रात स्टार बना सकता है। लेकिन यह त्वरित प्रसिद्धि कई बार स्थायी नहीं होती और इसके सामाजिक प्रभाव भी जटिल हो सकते हैं।

कई युवा इस भ्रम में पड़ सकते हैं कि केवल विवादास्पद या ध्यान आकर्षित करने वाला कंटेंट ही सफलता का रास्ता है। परिणामस्वरूप वे अपनी प्रतिभा को विकसित करने की बजाय तात्कालिक लोकप्रियता के पीछे भागने लगते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल व्यक्तिगत विकास को प्रभावित करती है, बल्कि समाज में मनोरंजन की गुणवत्ता पर भी असर डालती है। संस्कृति की बात करें तो यह किसी एक व्यक्ति या एक पीढ़ी की देन नहीं होती। संस्कृति सदियों के अनुभव, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों से बनती है। इसमें परिवर्तन भी होता रहता है—क्योंकि हर युग अपने साथ नए विचार और नए रूप लेकर आता है। लेकिन परिवर्तन और अतिरेक के बीच संतुलन बनाए रखना भी आवश्यक है। जब मनोरंजन का उद्देश्य केवल सनसनी या ध्यान आकर्षित करना बन जाए, तो समाज में यह चिंता स्वाभाविक है कि कहीं हम अपने मूल्यों से दूर तो नहीं जा रहे। इस संदर्भ में परिवार, शिक्षा और समाज की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है। बच्चों और युवाओं को यह समझाना जरूरी है कि इंटरनेट पर दिखने वाली हर चीज़ अनुकरण के योग्य नहीं होती। डिजिटल साक्षरता—यानी यह समझ कि ऑनलाइन दुनिया कैसे काम करती है आज के समय की बड़ी आवश्यकता बन गई है। यदि युवा यह समझ पाएँ कि एल्गोरिद्म कैसे काम करते हैं, व्यूज और लाइक्स कैसे बढ़ते हैं, और किस प्रकार का कंटेंट उन्हें प्रभावित कर सकता है, तो वे अधिक जागरूक निर्णय ले सकेंगे।

कंटेंट क्रिएटर्स की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। जो लोग लाखों दर्शकों तक पहुंच रखते हैं, उनके पास समाज को प्रभावित करने की शक्ति भी होती है। यदि वे अपनी लोकप्रियता का उपयोग सकारात्मक संदेश, रचनात्मक कला और प्रेरणादायक सामग्री के लिए करें, तो वही सोशल मीडिया समाज के लिए एक सशक्त मंच बन सकता है। कई उदाहरण ऐसे भी हैं जहां क्रिएटर्स ने शिक्षा, लोक संस्कृति, भाषा और परंपराओं को बढ़ावा देने का काम किया है और लाखों लोगों को प्रभावित किया है। इसलिए समाधान केवल विरोध या बहिष्कार में नहीं, बल्कि संतुलित दृष्टिकोण में है। समाज को यह तय करना होगा कि वह किस प्रकार के कंटेंट को बढ़ावा देना चाहता है। यदि दर्शक रचनात्मक, ज्ञानवर्धक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध सामग्री को अधिक समर्थन देंगे, तो स्वाभाविक रूप से वही कंटेंट अधिक दिखाई देगा। सोशल मीडिया का एल्गोरिद्म अंततः दर्शकों की पसंद पर ही निर्भर करता है।

इसके साथ ही प्लेटफॉर्म कंपनियों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे ऐसे मानक और नीतियाँ विकसित करें जो समाज के व्यापक हितों का ध्यान रखें।

आखिरकार, संस्कृति किसी एक व्यक्ति, एक वीडियो या एक ट्रेंड से न तो बनती है और न ही खत्म होती है। यह समाज की सामूहिक चेतना और निर्णयों से आकार लेती है। इसलिए यह जिम्मेदारी हम सबकी है—क्रिएटर की भी, दर्शक की भी और समाज की भी।

**(यह लेखक के अपने निजी विचार है)**

# अमेरिका-इज़रायल-ईरान युद्ध, मुज्तबा ख़ामेनेई के नेतृत्व के भविष्य की अग्निपरीक्षा



संजीव ठाकुर

*अमेरिका भी लंबे समय से ईरान पर आर्थिक प्रतिबंध और कूटअमेरिका-इज़रायल-ईरान युद्ध, मुज्तबा ख़ामेनेई के नेतृत्व के भविष्य की अग्निपरीक्षा। नीतिक दबाव डालता रहा है।*

मध्य-पूर्व की राजनीति एक बार फिर बारूद के ढेर पर बैठी दिखाई दे रही है। वर्षों से सुलग रही अमेरिका-इज़रायल और ईरान की प्रतिद्वंद्विता अब खुलकर युद्ध में बदल चुकी है। यह केवल तीन देशों के बीच संघर्ष नहीं है, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन, ऊर्जा राजनीति और धार्मिक-राजनीतिक ध्रुवीकरण का ऐसा जटिल समीकरण है, जिसका असर पूरी दुनिया पर पड़ सकता है। इस युद्ध का सबसे नाटकीय और निर्णायक मोड़ यह रहा जब ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह खेमनई की हत्या कर दी गई और उसके बाद ईरान ने उनके उत्तराधिकारी के रूप में मुज्तबा खेमनेई को नया सर्वोच्च नेता घोषित कर दिया। यह घटना केवल सत्ता परिवर्तन नहीं थी, बल्कि पूरे क्षेत्र की राजनीति को हिला देने वाली घटना थी। एक तरफ अमेरिका और इज़रायल इस युद्ध को ईरान की सैन्य और परमाणु महत्वाकांक्षाओं को रोकने की कार्रवाई बता रहे हैं, वहीं ईरान इसे अपनी संप्रभुता और इस्लामी व्यवस्था पर हमला मान रहा है।

ईरान और इज़रायल के बीच तनाव पिछले कई दशकों से बना हुआ है। ईरान खुले तौर पर इज़रायल की नीतियों का विरोध करता रहा है और फिलिस्तीन के मुद्दे पर उसका रुख बेहद आक्रामक रहा है। दूसरी ओर इज़रायल को यह भय लंबे समय से लगता रहा है कि यदि ईरान परमाणु शक्ति बन गया तो वह उसके अस्तित्व के लिए बड़ा खतरा बन सकता है।

अमेरिका भी लंबे समय से ईरान पर आर्थिक प्रतिबंध और कूटअमेरिका-इज़रायल-ईरान युद्ध, मुज्तबा ख़ामेनेई के नेतृत्व के भविष्य की अग्निपरीक्षा।नीतिक दबाव डालता रहा है। विशेष रूप से जब से डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी राजनीति में प्रभावी हुए, ईरान के प्रति अमेरिकी नीति और कठोर हो गई। ट्रंप प्रशासन ने पहले भी ईरान के परमाणु समझौते को समाप्त किया और अब युद्ध की स्थिति में भी उन्होंने बेहद आक्रामक रुख अपनाया है।इज़रायल की सुरक्षा चिंताओं और अमेरिका की रणनीतिक नीति के मेल ने इस संघर्ष को और तीखा बना दिया। कई सैन्य विश्लेषकों का मानना है कि इज़रायल लंबे समय से ईरान की सैन्य क्षमता को कमजोर करने के लिए किसी बड़े अभियान की तलाश में था और अब उसे अमेरिका का खुला समर्थन मिल गया है।

वैसे वैश्विक राजनीति में यह माना जाता रहा है की ईरान की राजनीति में सर्वोच्च नेता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। वह केवल धार्मिक प्रमुख ही नहीं बल्कि देश की सैन्य और रणनीतिक नीतियों का अंतिम निर्णयकर्ता भी होता है। ऐसे में जब अयातुल्लाह अली ख़ामेनेई की हत्या हुई तो यह ईरान के लिए एक बड़ा राजनीतिक झटका था। लेकिन सत्ता संरचना ने तेजी से निर्णय लेते हुए उनके पुत्र मुज्तबा ख़ामेनेई को नया सर्वोच्च नेता घोषित कर दिया। मुज्तबा पहले से ही सत्ता के गलियारों में प्रभावशाली माने जाते थे। वे ईरान की धार्मिक व्यवस्था, सुरक्षा तंत्र और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड से गहरे जुड़े रहे हैं। उनके सत्ता संभालते ही ईरान के तेवर और भी सख्त हो गए। ईरान ने स्पष्ट संकेत दिया कि वह किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हटेगा।

**(यह लेखक के अपने निजी विचार है)**

## लघु कथा — बढ़ता राजस्थान

### मिट्टी और कुंभकार

बार-बार पैरों तले कुचले जाने के कारण मिट्टी अपने भाग्य पर रो पड़ी । अहो! मैं कैसी बदनसीबी हूँ कि सभी लोग मेरा अपमान करते हैं । कोई भी मुझे सम्मान की दृष्टि से नहीं देखता जबकि मेरे ही भीतर से प्रस्फुटित होने वाले फूल का कितना सम्मान है । फूलों की माना पिरोकर गले में पहनी जाती है । भक्त लोग अपने उपास्य के चरणों में चढ़ाते हैं । वनिताएं अपने बालों में गूंथ कर गर्व का अनुभव करती हैं । क्या ही अच्छा हो कि मैं भी लोगों के मस्तिष्क पर चढ़ जाऊं! मिट्टी के अंदर से निकलती हुई आह को जानकर कुंभकार बोला- मिट्टी बहिन! तुम यदि सम्मान पाना चाहती हो तो तुम्हें बड़ा सम्मान दिला सकता हूँ लेकिन एक शर्त है । एक क्या तुम्हारी जितनी भी शर्तें हों, मुझे सभी स्वीकार हैं । बस मुझे लोगों के पैरों तले से हटा दो, कुंभकार की बात को बीच में ही काटते हुए मिट्टी ने कहा । तो फिर ठीक है, तैयार हो जाओ '-कहते हुए कुंभकार ने जमीन खोदकर मिट्टी बाहर निकाली । गधों की सवारी कराता हुआ उसे घर ले आया । पानी में डालकर उसे बहुत समय तक गीली रखा । इतना ही नहीं फिर पैरों से उसे खूब रौंदा । कष्टों को सहते हुए मिट्टी बोली, अरे भाई! बहुत कष्ट दे रहे हो । कब मुझे सम्मान का पात्र बनाओगे? मिट्टी बहिन! धैर्य रखो । अभी सहती जाओ, तुम्हें इसका मधुर फल जरूर मिलेगा ।कुंभकार की बात सुनकर मिट्टी कुछ नहीं बोली । कुंभकार ने मिट्टी को चाक पर चढ़ाया और उसे तेजी से घुमाते हुए घड़े का रूप दिया । फिर धूप में सुखाया । कष्ट सहते-सहते जब मिट्टी का धैर्य टूटने लगा तो कुंभकार बोला, बस बहन ! अब केवल एक अग्नि-परीक्षा ही शेष है । और सभी में तुम उत्तीर्ण हो चुकी हो । यदि उसमें भी उत्तीर्ण रही तो लोग सती सीता की तरह तुम्हें भी मस्तक पर चढ़ा लेंगे । सीता को लोग सिर झुकाकर सम्मान देते हैं किन्तु तुम्हें तो वनिताएं सिर पर सजा कर घूमेंगी । आखिर मिट्टी ने सब कुछ सह कर अग्नि-परीक्षा भी उत्तीर्ण कर ली । फिर क्या था! सचमुच सुंदरियां उसे सिर पर उठाए फिरने लगी । मिट्टी अपने सम्मान पर प्रफुल्लित हो उठी । आखिर सम्मान पाने के लिए कष्ट तो सहने ही पड़ते हैं ।

## हैल्थ टिप्स — बढ़ता राजस्थान

# फर्टिलिटी बूस्ट करने में मदद करते हैं ये योगासन, जानें अभ्यास का सही तरीका

**बद्धकोणासन :** इस आसन को करने के लिए सबसे पहले योगा मैट पर पैरों को सीधा करके बैठ जाएं। फिर अपने घुटनों को मोडक़र दोनों तलवों को एक-दूसरे से मिला लें। इसके बाद अपने हाथों को इंटरलॉक कर लें और पैरों के तलवों को पकड़ लें। इसके बाद अपनी दोनों आंखें बंद कर लें और पैरों को ऊपर-नीचे हिलाएं।

**उत्तानासन :** इस आसन को करने के लिए योग मैट पर सीधे खड़े हो जाएं। अपने दोनों पैरों के बीच करीब एक फीट की दूरी बनाकर रखें। सांस छोड़ते हुए हाथों को नीचे की तरफ लाएं। अब अपने हाथों से पैरों के अंगूठे को छूने की कोशिश करें। इस दौरान आपके पैर घुटनों से मुडने नहीं चाहिए। कुछ देर इस अवस्था में रहने के बाद धीरे-धीरे सामान्य अवस्था में आ जाएं। आप इस प्रक्रिया को 3-5 बार दोहरा सकते हैं।

**बालासन :** इस आसन को करने के लिए सबसे पहले योगा मैट पर घुटनों के बल बैठ जाएं। अपने शरीर का सारा भार एडियों पर डाल दें। अब गहरी सांस भरते हुए आगे की ओर झुकें। ध्यान रहे कि आपका सीना जांघों से छूना चाहिए। फिर अपने माथे से फर्श को छूने की कोशिश करें। कुछ सेकंड तक इस स्थिति में रहने के बाद वापस सामान्य अवस्था में आ जाएं। आप इस प्रक्रिया को 3-5 बार कर सकती हैं।

**वीरभद्रासन :** इस आसन को करने के लिए योगा मैट पर सीधे खड़े हो जाएं। अब अपने दोनों पैरों 2-3 फीट की दूरी पर रखें। फिर अपने सीधे पैर को आगे लेकर आए और उल्टे पैर को पीछे की ओर स्ट्रेच करें।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन भावनाओं से थोड़ा जुड़ा रह सकता है। दूर रह रहे किसी परिजन की याद आपको भावुक कर सकती है और मन में किसी बात को लेकर हल्का-सा क्रोध भी बना रह सकता है।

**वृष**
आज का दिन आपको संतुलन और समझदारी के साथ आगे बढने की सलाह दे रहा है। बेफिजूल के खर्चों पर नियंत्रण रखना आपके लिए बहुत जरूरी रहेगा।

**मिथुन**
आज आपको अपने कार्यक्षेत्र में विशेष सतर्कता बरतनी होगी। खासकर अपने बॉस की बातों को नजरअंदाज करने से बचें, क्योंकि इससे अनावश्यक परेशानी खड़ी हो सकती है। काम के सिलसिले में आप काफी व्यस्त रहेंगे।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए खुशखबरी लेकर आ सकता है, खासकर संतान पक्ष की ओर से कोई सुखद समाचार मिलने की संभावना है। आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम आज आपको देखने को मिलेगा।

**सिंह**
आज का दिन आपके वैवाहिक जीवन के लिए काफी सुखद रहने वाला है। यदि परिवार में किसी बात को लेकर तनाव या कलह की स्थिति बनी हुई थी।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए मध्यम फल देने वाला रहेगा। किसी सरकारी मामले को लेकर आपकी चिंता थोड़ी बढ़ सकती है, लेकिन धैर्य बनाए रखें। आज आपकी कोई पुरानी इच्छा पूरी हो सकती है।

**तुला**
आज का दिन सामान्य रूप से बीतेगा, लेकिन सेहत में थोड़ा उतार-चढ़ाव आपको परेशान कर सकता है। दूर रह रहे किसी परिजन से निराशाजनक खबर मिलने की संभावना भी बन रही है। नौकरी में बदलाव का विचार आपके मन में आ सकता है।

**वृश्चिक**
आज आपको अपनी सेहत के प्रति थोड़ी अधिक सावधानी बरतने की जरूरत है। यदि माताजी आपको कोई जिम्मेदारी सौंपें, तो उसे गंभीरता से निभाएं और लापरवाही बिल्कुल न करें।

**धनु**
आज का दिन विशेष रूप से राजनीति से जुड़े लोगों के लिए शुभ संकेत दे रहा है। उन्हें कोई नया पद या जिम्मेदारी मिल सकती है। आप संतान के साथ कहीं घूमने-फिरने या पिकनिक पर जाने की योजना भी बना सकते हैं।

**मकर**
आज का दिन नई प्रॉपर्टी खरीदने या उससे जुड़ी योजना बनाने के लिए अच्छा रह सकता है। व्यापार में आपको अच्छा मुनाफा मिल सकता है, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। जो धन लंबे समय से फंसा हुआ था।

**कुंभ**
आज आपको अपने कामों में अपेक्षा से अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है। कार्यक्षेत्र में बॉस के साथ किसी बात को लेकर मतभेद हो सकते हैं, लेकिन उनकी बातों को महत्व देना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए आनंद और मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा और अच्छा खान-पान भी आपके दिन को और खास बना देगा। कोई सरकारी काम जो लंबे समय से अटका हुआ था।

# युवा आईएएस बुडानिया की पहलः ब्लैंक सोल्जर फ्लाई तकनीक से होगा जैविक कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को नई दिशा देने के लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया की पहल पर ब्लैक सोल्जर फ्लाई तकनीक आधारित जैविक कचरा प्रबंधन प्रणाली की शुरुआत की जा रही है। यह राजस्थान में अपनी तरह की पहली अभिनव पहल होगी, जिसके माध्यम से जैविक कचरे का वैज्ञानिक और पर्यावरण अनुकूल निस्तारण कर उसे उपयोगी संसाधनों में परिवर्तित किया जाएगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी बुड़ानिया



ने बताया कि ब्लैक सोल्जर फ्लाई के लार्वा जैविक कचरे जैसे भोजन अवशेष फल-सब्जी अपशिष्ट तथा अन्य गीले कचरे को बहुत तेजी से विघटित कर देते है, जिससे कचरे की मात्रा में काफी कमी आती है और लैंडफिल पर निर्भरता घटती है। यह तकनीक पारंपरिक कचरा प्रबंधन की तुलना में अधिक तेजी से कम लागत वाली और पर्यावरण के अनुकूल मानी जाती है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी के अनुसार इस प्रक्रिया से प्राप्त अवशेष उच्च गुणवत्ता का जैविक खाद बनता है, जबकि लार्वा को पोल्ट्री एवं मत्स्य पालन के लिए प्रोटीन-समृद्ध पशु आहार के रूप में उपयोग किया जा सकता है। इस प्रकार यह पहल कचरे को संसाधन में बदलते हुए सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देती है। यह नवाचार रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के लिए विशेष रूप से बहुत महत्वपूर्ण है, इससे पर्यटन और आसपास के क्षेत्रों से उत्पन्न जैविक कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण संभव होगा इसके कचरे से होने वाले प्रदूषण में कमी आएगी, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास की स्वच्छता बनाए रखने में मदद मिलेगी। जिला प्रशासन के अनुसार यह पहल भविष्य में राजस्थान के अन्य जिलों के लिए भी कचरा प्रबंधन का एक प्रभावी और नवाचार आधारित मॉडल बन सकती है। सवाई माधोपुर में ब्लैक सोल्जर फ्लाई आधारित कचरा प्रबंधन की शुरुआत राजस्थान में अपनी तरह की पहली पहल है। इस तकनीक के माध्यम से जैविक कचरे को तेजी से संसाधित कर उसे जैविक खाद और प्रोटीन समृद्ध पशु आहार में बदला जा सकेगा। इससे न केवल कचरे की समस्या का स्थाई समाधान होगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी। रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान जैसे संवेदनशील पारिस्थितिक क्षेत्र के लिए यह पहल विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे आसपास के क्षेत्रों में उत्पन्न जैविक कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण संभव होगा और स्वच्छ व सतत विकास की दिशा में जिले में एक नया मॉडल स्थापित होगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि सवाई माधोपुर से राजस्थान में पहली बार ब्लेक सोल्जर फ्लाई आधारित जैविक कचरा प्रबन्धन की अभिनव पहल की औपचारिक शुरूआत के लिए सभी तैयारिया पूर्ण कर ली गई है। जल्द ही इस नवाचार के माध्यम से जैविक कचरे का वैज्ञानिक एवं पर्यावरण अनुकुल निस्तारण कर उसे उपयोगी संसाधनो में परिवर्तित किया जाएगा। इस पहल से रणथम्भौर क्षेत्र को और स्वच्छ बनाने मे सहायता मिलेगी।

## पारिवारिक न्यायालय में दो परामर्शदाताओं के लिए आवेदन 23 मार्च तक आमंत्रित

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोतम जोशी)।** पारिवारिक न्यायालय, टोंक में दो परामर्शदाताओं (काउंसलर) की राज्य सरकार द्वारा जारी गजेट में नाम प्रकाशित होने से दो वर्ष की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। पारिवारिक न्यायालय टोंक के न्यायाधीश ने बताया कि योग्य इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पारिवारिक न्यायालय, टोंक में 23 मार्च 2026 तक कार्यालय समय में व्यक्तिशः अथवा पोस्ट के जरिये जमा करा सकेंगे। अयोग्य अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत अथवा अपूर्ण आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

## शीतला माता की पूजा कर बासी पकवानों का लगाया भोग



बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** बुधवार को शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में शीतलाष्टमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। सुबह से ही महिलाएं समूह में इक_I होकर माताजी के गीत गाते हुए शीतला माता जी के मंदिर पहुंची। जहां पर पूजा-अर्चना कर ठण्डे भोजन का भोग लगाया। इस मौके पर महिलाओं ने माता शीतला की कहानी सुनकर परिवार में समृद्धि व निरोगी रखने की मनोकामना की। शहर में शीतलाष्टमी पर मायला कुंड पर स्थित शीतला माताजी के मंदिर में महिलाओं का जमावड़ा लगा रहा। अल सुबह से ही शीतला माता मंदिरों में पूजा के लिए महिलाओं का तांता लगा रहा। घरों में महिलाओं ने मंगलवार की शाम को ही भोजन बनाया। भोजन में राबडी, चावल व दाल की पूडिया, पुआ व पुड़ी सहित कई प्रकार के व्यंजन बनाए गए। जिसको शीतला माता की पूजा कर बासा भोजन किया। महिलाएं सज धजकर हाथों में पूजन व बास्योड़ा भोजन की थाली लिए हुए मंदिर पहुंची। इस दौरान मायला कुण्ड, शिवाजी कॉलोनी टीलेश्वर महादेव मंदिर सहित कई मंदिरों में महिलाओं ने शीतला माता की पूजा कर माताजी की कहानी सुनी और सुख, समृद्धि व खुशहाली की मनोकामना की।

## सत्रांत संगोष्ठी आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** सरस्वती विद्या मंदिर के पांचजन्य सभागार में सत्रांत माध्यमिक, उच्च प्राथमिक, शिशु वाटिका आचार्य/आचार्या संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में सत्रांत व 1 अप्रैल से नवीन सत्रारंभ को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गोविंद नारायण शर्मा ने कहा कि नवीन सत्र में शैक्षिक गुणवत्ता के साथ ही संस्कार युक्त आचरण व बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों, प्रभावी विद्यालय प्रबंधन, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा आधुनिक शिक्षण पद्धतियों जैसे विषयों पर विशेष ध्यान देना होगा। इस दौरान नवीन प्रवेश व ठहराव सहित कई विषयों पर चर्चा की गई। सहायक प्रधानाचार्य मोहनलाल शास्त्री, सीमा माथुर, मुकेश शर्मा व शिवराज पाराशर ने नवीन सत्र के लिए कई सुझाव दिए। संगोष्ठी में कई आचार्य व आचार्या उपस्थित रहे।

## पुष्पा शर्मा अध्यक्ष व भंवरी देवी उपाध्यक्ष मनोनीत

### मां गौतमी महिला मंडल के हुए चुनाव



बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** महर्षि गौतम आश्रम में मां गौतमी महिला मंडल की बैठक आयोजित हुई। मंडल की सदस्य मधुबाला गौतम ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से पुष्पा शर्मा मिश्र को अध्यक्ष व भंवरी देवी बहनोली को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके बाद महिला सदस्यों ने नव मनोनीत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का माला पहनाकर सम्मान किया। इसके बाद आगामी 19 मार्च को आयोजित महर्षि गौतम जयंती महोत्सव के आयोजन पर विशेष चर्चा की गई। नवमनोनीत अध्यक्ष पुष्पा शर्मा ने कहा कि जयंती पर महिला मंडल का भी पूरा योगदान रहेगा।

## भगवान महावीर के जन्मोत्सव एवं आदिनाथ जयंती के उपलक्ष्य में होगा विशाल रक्तदान शिविर,तैयारियां जोर-शोर पर

बढ़ता राजस्थान

निवाई(का.स.)। श्री दिगम्बर जैन महासमिति महिलांचल निवाई ईकाई द्वारा भगवान महावीर के 2625 वें जन्मोत्सव के एवं आदिनाथ जयंती के उपलक्ष्य में श्री शांतिनाथ दिगम्बर अग्रवाल सेवा सदन पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संचालक शशी सोगाणी व ममता सांवलिया ने बताया कि दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर के तत्वावधान में एवं दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के सहयोग से 15 मार्च को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। अग्रवाल युवा परिषद के प्रवक्ता विशाल गिंदोडी ने बताया कि शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला प्रमुख सरोज बंसल एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महिला महासमिति की रेखा जैन द्वारा किया जाएगा। इसी प्रकार शिविर में चित्रावरण लालचन्द कठमाणा एवं दीप प्रज्जवलन मोहित चंवरिया द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में अग्रवाल युवा परिषद, पंछी फाउंडेशन संस्था, रक्तादान शिविर समिति एवं जैन सखी संगठन विशेष सहयोग कर्ता होंगे। उन्होंने बताया कि रक्तादन शिविर की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है।

## जिला विधिक चेतना समिति के सदस्यों ने त्रिनेत्र बालगृह का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** बुधवार को जिला विधिक चेतना समिति सवाई माधोपुर के सदस्य कृष्णपाल सिंह एवं नंदकिशोर बैरवा ने बालगृह, यश दिव्यांग सेवा संस्थान, राजकीय संप्रेक्षण एवं किशोर गृह तथा चेतना दिव्यांग विद्यालय सवाई माधोपुर का निरीक्षण किया । इस दौरान संस्थान में आवासित बालकों की संख्या, संस्थान के परिसर, रसोईघर एवं भण्डार गृह की साफ-सफाई, आवासित बालकों को प्रदान की जाने वाली भोजन, पेयजल एवं चिकित्सकीय सुविधाओं, प्राथमिक उपचार किट की उपलब्धता, नये बच्चों के प्रवेश एवं संस्था के मुख्यद्वार पर आने-जाने वालों के नाम, पता आदि दर्ज करने के लिए रजिस्टर के संधारण, मौसमानुकूल इंतजामों आदि के संबंध में जानकारी ली। साथ ही बच्चों को प्राप्त शिक्षा, उनके कौशल विकास के लिए



किए जा रहे प्रयासों, विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों के अपराध सुधार एवं उनको शिक्षा की मुख्यधारा से जोडने के लिए किए जा रहे प्रयासों आदि के संबंध में पूछताछ की । निरीक्षण के दौरान यश दिव्यांग सेवा संस्थान तथा चेतना दिव्यांग विद्यालय में साफ-सफाई एवं आवासित बालकों को प्राप्त मूलभूत सुविधाएं संतोषजनक पाई गई, जबकि त्रिनेत्र बालगृह तथा राजकीय संप्रेक्षण एवं किशोर गृह में साफ-सफाई का अभाव पाया गया । इस संबंध में जिला विधिक चेतना समिति के सदस्यों द्वारा नियमित रूप से साफ-सफाई के संबंध में निर्देश प्रदान किए! निरीक्षण के दौरान त्रिनेत्र बालगृह में 23, यश दिव्यांग सेवा संस्थान में 43, राजकीय संप्रेक्षण एवं किशोर गृह सवाई माधोपुर में 10 एवं चेतना दिव्यांग विद्यालय में 39 बालक उपस्थित पाए गए।

## रूफटॉप सोलरः सहायक अभियंता को चार्जशीट जारी करने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई, जिसमें प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना तथा राज्य सरकार की 150 यूनिट निःशुल्क बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक पात्र घरेलू उपभोक्ताओं को इन योजनाओं सेड़ते हुए उनका लाभ सुनिश्चित किया जाए तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर आमजन को स्वच्छ एवं सस्ती ऊर्जा के प्रति जागरूक किया जाए। जिला कलक्टर ने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर अधिक से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं को लाभान्वित किया जाए, ताकि जिले में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ-साथ



आमजन को आर्थिक राहत भी मिल सके। बैठक में उन्होंने विद्युत विभाग के सहायक अभियंताओं को अपने-अपने क्षेत्र में पीएम सूर्य घर योजना के तहत कम से कम 20-20 सोलर संयंत्र स्थापित कराने के निर्देश दिए। योजना में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर सहायक अभियंता गंगापुर सिटी को चार्जशीट जारी करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही कार्यों में लापरवाही बरतने वाली फर्मों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार बुजेटिया, अधिशाषी अभियंता प्रसारण हंसराज मीना सहित विद्युत विभाग के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## जाट समाज के 23वे सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन हुआ



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** जाट समाज के 23वे सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जाट समाज के 23वें सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन हुआ। विमोचन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदर्श जाट महासभा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष भैरूराम डागर ने कहा कि यह सम्मेलन जाट समाज के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। जहां वे अपने जीवन के नए अध्याय की शुरुआत करेंगे। उन्होंने सम्मेलन के आयोजकों को शुभकामनाएं दी और कहा कि यह सम्मेलन जाट समाज के विकास और एकता के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। जाट समाज के लिये यह दिन आपके जीवन का एक नया अध्याय होगा। जिसमें आप अपने जीवनसाथी के साथ नए जीवन की शुरुआत करेंगे। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि आपका जीवन सुख, शांति और समृद्धि से भर जाए। जाट समाज सामुहिक विवाह सम्मेलन आयोजित समिति का बहुत-बहुत धन्यवाद एंव आभार व्यक्त करता हूं। क्योंकि इसे आयोजन करने समाज फिजूल खर्च और आपस में भाईचारा रहता है। कार्यक्रम में समिति प्रवक्ता रामधन जावल्या पीपलू , दयानन्द भारी, भागचन्द डोटावता, राजू घोसल्या, रामस्वरूप जाजूदा,रामचन्द्र डूकिया आदि जाट समाज के लोग मौजूद रहे।

### राज सखी टोंक मेला 2026 का आयोजन 16 से 22 मार्च तक

## महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल-जिला कलेक्टर



बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोतम जोशी)।** ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने और महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं राजीविका द्वारा 16 से 22 मार्च 2026 तक ''राज सखी टोंक मेला 2026'' का आयोजन जिला कलेक्ट्रेट परिसर टोंक में किया जाएगा। मेले के फोल्डर का औपचारिक विमोचन बुधवार को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने किया। इस दौरान राजीविका के डीपीएम ललित कुमार भी मौजूद रहें। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि यह मेला महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें टोंक जिले के साथ साथ राज्य के अन्य जिलो से स्वयं सहायता समूह भाग लेंगे। मेले के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों, जागरुकता गतिविधियों तथा विभिन्न विभागों की योजनाओं से संबंधित जानकारी भी आमजन को उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में मेले में पहुंचकर महिला स्वयं सहायता समूहों का उत्साहवर्धन करें तथा उनके उत्पादों को खरीदकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने में सहयोग दें। राजीविका के डीपीएम ललित कुमार ने बताया कि राज सखी मेले में राज्य के समस्त जिलो के स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए हस्तशिल्प, खाद्य उत्पाद, कपड़े, गृह सज्जा सामग्री, जैविक उत्पाद तथा स्थानीय पारंपरिक वस्तुओं की प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए 50 से 60 स्टाल लगाना प्रस्तावित है। मेले के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को अपने उत्पादों के लिए बेहतर बाजार और आय के नए अवसर प्राप्त होंगे। मेले के आयोजन के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहेंगे

## भाजपा ज़िलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में निकाला कैंडल मार्च

बढ़ता राजस्थान

टोंक(पुरूषोतम जोशी)। दिल्ली में हुए तरूण हत्याकांड को लेकर जान गंवाने वाले तरुण की आत्मा की शांति के लिए सर्व समाज ने गांधी पार्क से घंटाघर तक हाथों में मोमबत्तियां लेकर कैंडल मार्च निकाला। इस मार्च में सभी लोगों की आंखें नम थी। भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि इस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि तरुण की आत्मा को शांति मिले और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले ताकि परिवार को न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में सर्व समाज तरुण के परिवार के साथ मजबूती से खड़ा हैं। राष्ट्रपति एवं




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की इस कैंडल मार्च में भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान,प्रभु बाडोलिया, शैलेन्द्र चौधरी, बबलू टैंकर, राधेश्याम चावला तरुण टिक्कीवाल, पंकज पहाडिया गणपत पहाडिया, कमलेश चावला, रतिराम पहाडिया,कमलेश यादव,ललित जगरवाल, सुभाष चावला, सत्यनारायण चावला,राजेश चावला महेंद्र टेपण, रोबिन चावला, नन्दलाल जाट सुरेश खटाना , बलवंत मराठा देवराज गुर्जर,आरव सिसोदिया, शंकर जाट, हेमंत सैनी सुभाष सैनी अजय सांखला, उम्मेद चौधरी सहित अन्य आमजन उपस्थित रहे।

## तरुण कुमार हत्याकांड के आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग, राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

बढ़ता राजस्थान

**टोड़ारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के उत्तमनगर में तरुण कुमार की हत्या के मामले में दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग को लेकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि दिल्ली के उत्तमनगर निवासी स्वर्गीय तरुण कुमार की निर्मम हत्या की घटना से हम सभी अत्यंत आक्रोशित एवं दुखी हैं। इस अमानवीय घटना ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। ऐसी घटनाएं समाज में भय एवं असुरक्षा का माहौल पैदा करती हैं। ज्ञापन में सर्व हिंदू समाज टोडारायसिंह की ओर से हम प्रशासन से मांग करते हैं कि तरुण कुमार की हत्या के मामले की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच करवाई जाए। इस जघन्य अपराध में शामिल सभी दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। आरोपियों को न्यायालय के माध्यम से कानून के अनुसार कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए। पीडित परिवार को सरकार की ओर से उचित आर्थिक सहायता एवं सुरक्षा प्रदान की जाए। भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई और सख्त कानून व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विश्वास है कि प्रशासन इस गंभीर मामले को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र उचित कार्रवाई करेगा, जिससे पीडित परिवार को न्याय मिल सके और समाज में कानून के प्रति विश्वास बना रहे।

# नारायणपुर थाना पुलिस ने निभाया भाई का फर्ज, सफाईकर्मी की बेटियों की शादी में 1.61 लाख रुपये का ऐतिहासिक मायरा

## 40 वर्षों से थाने में सेवा दे रही ललिता देवी की बेटियों के विवाह में पुलिस परिवार बना सहारा, नकद राशि, सिलाई मशीनें और कपड़े भेंट कर भरा मायरा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** कहते हैं कि रिश्ते सिर्फ खून के नहीं होते, बल्कि अपनापन और फर्ज के भी होते हैं। राजस्थान के नारायणपुर पुलिस थाने ने इस बात को सच कर दिखाया है। यहाँ पुलिसकर्मियों ने मिसाल पेश करते हुए एक सफाई कर्मी महिला की दो बेटियों की शादी में भाई बनकर मायरा (भात) भरा और समाज को मानवता का अनूठा संदेश दिया।



**40 वर्षों का साथ, अब बना अटूट रिश्ता**

श्रीमती ललिता देवी पत्नी कैलाश चंद निवासी वाल्मीकि मोहल्ला नारायणपुर पिछले लगभग 40 वर्षों से नारायणपुर थाने में सफाई कर्मी के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं। पूरा थाना उन्हें अपने परिवार का हिस्सा मानता है। जब ललिता देवी की दो बेटियों अंजू और संजू की शादी 11 मार्च 2026 को तय हुई तो एक बड़ी चिंता सामने आई; ललिता देवी का कोई भाई नहीं था जो मायरे की रस्म निभा सके। जैसे ही यह बात थाने के स्टाफ को पता चली, उपमहानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक कोटपूतली-बहरोड़ देवेन्द्र विश्नोई के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नाजिम अली खान के निर्देशन में वृत्ताधिकारी बानसूर मेधा गोयल और थानाधिकारी नारायणपुर रोहिताश मय समस्त जाब्ता ने खुद भाई की जिम्मेदारी उठाने का फैसला किया।

**नगद राशि और उपहारों से सजा ऐतिहासिक मायरा**

मंगलवार 10 मार्च को नारायणपुर पुलिस थाने का समस्त स्टाफ गाजे-बाजे के साथ ललिता देवी के घर पहुँचा। पुलिसकर्मियों ने भाई का फर्ज निभाते हुए 1,61,000 नगद राशि, दो सिलाई मशीनें, दोनों बेटियों के लिए 5-5 जोड़ी कपड़े और सम्पूर्ण परिवार के लिए नए वस्त्र और अन्य आवश्यक सामग्री भेंट स्वरूप दिए।

**भावुक हुई ललिता देवी, क्षेत्र में हो रही प्रशंसा**

जब पुलिस अधिकारी और जवान सिर पर साफा बांधकर मायरा लेकर पहुंचे, तो ललिता देवी की आंखें छलक आईं।

उन्होंने कभी सोचा नहीं था कि उनके थाने वाले भाई इस तरह खुशियों में शरीक होंगे। स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस के इस मानवीय चेहरे की जमकर तारीफ की है।

## गायत्री परिवार की ओर से आओ गढ़े संस्कार कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। सिटी हॉस्पिटल में गायत्री परिवार की तरफ से महिला मंडल द्वारा पुनसवन संस्कार एवं आओ गढ़े संस्कार वांन पीढ़ी का प्रजेंटेशन महिलाओं को दिया गया गर्भ का ज्ञान विज्ञान ,आदर्श दिनचर्या ,आहार बिहार ,प्राणायाम आसन का लाभ, गर्भसंवाद आदि के बारे में विस्तार से डॉक्टर सरोज के द्वारा बताया गया एवं पुंसवंन संस्कार हमारे वरिष्ठ बहनों द्वारा श्रीमती शशि गुप्ता एवं श्रीमती नीता शर्मा जी के द्वारा कराया गया। सभी बहनों को आओ गणे संस्कारवान पीढ़ी की पुस्तक प्रदान की गई व सभी को प्रज्ञा पक्षीक भी भेंट की गई सारे स्टाफ का भी बड़ा सहयोग रहा और स्टाफ ने भी इसको बड़े ध्यान से सुना। बहनों को आओ गढ़े संस्कार वा न पीढ़ी पुस्तक प्रदान की गई । आठ गर्भवती माता का संस्कार संपन्न हुआ।

## पुत्र ने किये अपनी माता जी के नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** शहर मे श्री मति भौंरी देवी पत्नी महावीर सिंह नरूका निवासी शाह जी का बॉस,मिलिट्री हॉस्पिटल के पास,अलवर के आकस्मिक निधन के उपरान्त उनके नेत्रदान कर दिए गए। नारायण सेवा संस्थान के अलवर शाखा अध्यक्ष आर.एस.वर्मा ने बताया कि समय सिंह नरूका ने अपनी माता जी के निधन के बाद उनके नेत्रदान के लिए श्रॉफ हॉस्पिटल को फोन किया। तदउपरांत उनकी सूचना पर डा0 श्रॉफ हॉस्पिटल आई डोनेशन सेंटर की डॉक्टरों की टीम ने उनके निवास पर पहुँच कर परिवार की सहमति के बाद आई डोनेशन की प्रक्रिया को पूरा किया। समय सिंह (शिंभू) एवं सोनू सिंह नरूका ने उनकी उनकी अंतिम इच्छा अनुसार उनके नेत्रदान कर बहुत पुण्य का काम किया है। इस नेत्र दान से किन्ही दो नेत्रहिनो की आँखों को रोशनी मिलने से उनकी जिन्दगी संवर जायेगी उनकी इस पहल से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। और मानवता के लिए परोपकार हेतु इस पुण्य कार्य को और अधिक बल मिलेगा।

## आजादी के बाद पहली बार घोड़ी पर बैठा दलित दूल्हा



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** कोटपुतली तहसील के गांव रामनगर में आज़ादी के बाद पहली बार कोई दलित दूल्हा घोड़ी पर बैठा और निकासी निकाली। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोटपूतली के गांव रामनगर( पीपाजी की ढाणी में ) ओमप्रकाश मेघवाल के बेटे राहुल की बुधवार को शादी थी, दूल्हे ने घोड़ी पर बैठने की इच्छा जताई तो परिजनों में एक भय का माहौल बना हुआ था की कही आज पहली बार दूल्हे को घोड़ी पर बैठाने की वजह से गांव में तनाव का माहौल नहीं हो जाये इसलिए परिजनों ने संबंधित थाने को इतल्ला कर पुलिस जाब्ता मोके पर बुलाया और शांतिपूर्ण तरीके से निकासी निकलवाई।

## स्पा सेंटर के संचालकों पर विदेशी अधिनियम में केस दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (रंजन दवे)।** जोधपुर शहर के शिकारगढ़ स्थित मिनी मार्केट में पुलिस ने गत छह मार्च को एक स्पा सेंटर पर रेड देकर चार विदेशी महिलाओं को पकड़ा । बाद में उन्हें छोड़ दिया गया । स्पा चलाने वाले तीन शख्स को नामजद कर विदेशी अधिनियम में केस दर्ज किया गया है । सीआईडी जोन जोधपुर के निरीक्षक की तरफ से मामला दर्ज कराया गया । पुलिस ने इसमें अब अग्रिम जांच आरंभ की है । संचालकों द्वारा सी फार्म नहीं भरा गया था । एयरपोर्ट थाने के सबइंस्पेक्टर पूर्ण सिंह ने बताया कि गत छह मार्च को पुलिस की तरफ से शिकारगढ़ मिनी मार्केट के एक स्पा सेंटर स्वास्तिक सैलून एण्ड सेंटर पर रेड दी गई थी । जहां पर कुछ विदेशी महिलाएं मिली । चार विदेशी महिलाएं थाइलैण्ड की थी । उनके बारे में संचालकों द्वारा सी फार्म भरना सामने नहीं आया । इस पर सीआईडी जोन जोधपुर के निरीक्षक मोहनदास ने नियम 17 का उल्लंघन किए जाने पर संचालकों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया । रिपोर्ट में तीन लोगों पाली के बाडी हाल स्वास्तिक सैलून एण्ड सेंटर पर मिले मोहम्मद सामिर , इंदिरा कॉलोनी महामंदिर निवासी सोहेल हुसैन और कुंपवास मेड़तासिटी के आनंद पारिक को नामजद किया गया है । इस बारे में अग्रिम जांच की जा रही है ।

## मथुरादास माथुर अस्पताल की कार्डियक ओपीडी अस्थायी रूप से दूसरी मंजिल पर शिफ्ट

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (रंजन दवे)।** मथुरादास माथुर अस्पताल के हृदय रोग विभाग की ओपीडी के नवीनीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके चलते कार्डियक ओपीडी को अस्थायी रूप से ओपीडी बिल्डिंग की दूसरी मंजिल स्थित पीडियाट्रिक यूरोलॉजी ओपीडी में स्थानांतरित किया गया है। यह व्यवस्था गुरुवार 12 मार्च से लागू रहेगी। अस्पताल प्रशासन के अनुसार कार्डियक ओपीडी के रेनोवेशन का कार्य पूर्ण होने के बाद इसे पुनः पूर्व स्थान पर शुरू किया जाएगा, जहां मरीजों को पहले से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके साथ ही हृदय रोग विभाग में बढ़ते मरीजों के भार को देखते हुए ओपीडी अब सोमवार से शनिवार तक प्रतिदिन संचालित की जा रही है। पहले यह ओपीडी केवल सोमवार से शुक्रवार तक ही चलती थी।

## महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति जोधपुर द्वारा दांडी मार्च पदयात्रा एवं संगोष्ठी का आयोजन आज

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (रंजन दवे)।** महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति जोधपुर एवं फलोदी द्वारा 12 मार्च को दांडी मार्च पदयात्रा एवं संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा । समिति के सह संयोजक इकबाल मौलानी ने बताया कि जिला संयोजक शिवकरण सैनी के नेतृत्व में दांडी मार्च दिवस के अवसर पर, महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति जोधपुर द्वारा नेहरू पार्क से मेडिकल कॉलेज सर्किल महात्मा गांधीजी कि प्रतिमा तक प्रतीकात्मक दांडी यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

## आईटीआई अलवर में लगा 150 लीटर का वाटर कूलर, विद्यार्थियों को मिलेगा ठंडा व शुद्ध पेयजल

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** गर्मी के मौसम में विद्यार्थियों को शीतल और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए अशोका फाउंडेशन ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) अलवर में 150 लीटर क्षमता का वाटर कूलर स्थापित करवाया है। यह कार्य फाउंडेशन द्वारा संचालित 'अमृत जलधारा प्रोजेक्ट' के अंतर्गत किया गया है, जिसका उद्देश्य शैक्षणिक संस्थानों में स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराना है। फाउंडेशन के मार्गदर्शक एवं भारतीय राजस्व सेवा के वरिष्ठ अधिकारी, आयकर आयुक्त डॉ. धीरज जैन ने बताया कि आईटीआई में अध्ययनरत विद्यार्थियों और स्टाफ को गर्मियों में ठंडा व शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्थानों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होना बेहद आवश्यक है, जिससे विद्यार्थी बेहतर वातावरण में अध्ययन कर सकें। डॉ. जैन ने बताया कि संस्थान में 150 लीटर क्षमता का आधुनिक वाटर कूलर लगाया गया है। इसके रख-रखाव और नियमित देखभाल की जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन को सौंपी गई है, ताकि यह सुविधा लंबे समय तक विद्यार्थियों और स्टाफ को मिलती रहे। वाटर कूलर स्थापित होने से अब आईटीआई परिसर में पढने वाले सैकड़ों विद्यार्थियों और कर्मचारियों को गर्मी के दिनों में ठंडा और स्वच्छ पेयजल आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। इस अवसर पर ज्वाइंट कमिश्नर जीएसटी अलवर हरिओम मीणा, यूआईटी अलवर के उपसचिव जितेंद्र नरूका, नारायणपुर के उपखंड अधिकारी दिनेश शर्मा, राजकीय आईटीआई के उपनिदेशक मनोज अग्रवाल, प्रमोद शर्मा, अनुराग जैन सहित संस्थान के स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे। फाउंडेशन की इस पहल को विद्यार्थियों और स्टाफ ने सराहते हुए इसे सामाजिक सहयोग का प्रेरणादायक उदाहरण बताया।



## मेवाड़ में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया शीतला सप्तमी पर्व

### महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में शीतला माता की पूजा कर परिवार के स्वास्थ्य की कामना की

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद(सुरेश बागोरा)।** होली जलने के सातवें दिन मेवाड़ क्षेत्र में परंपरागत रूप से शीतला सप्तमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सज-संवरकर सुबह से ही शीतला माता मंदिरों में दर्शन और पूजा के लिए पहुंचीं।काकरोली के विभिन्न शीतला माता मंदिरों में सुबह से ही पूजा-अर्चना का क्रम चलता रहा। महिलाओं ने कतारबद्ध तरीके से शीतला माता थानक पर पूजा की और एक दिन पहले बनाए गए दही एवं ठंडे पकवानों का भोग अर्पित किया। इसके साथ ही अपनी संतान और परिवार के उत्तम स्वास्थ्य तथा सुख-समृद्धि की कामना की।मान्यता के अनुसार शीतला माता की पूजा करने से त्वचा संबंधी बीमारियों से बचाव होता है। वहीं चिकित्सा विज्ञान में भी माना जाता है कि मौसम परिवर्तन के दौरान त्वचा रोगों की संभावना बढ़ जाती है, ऐसे में ठंडी तासीर वाले भोजन और इस व्रत को लाभकारी माना जाता है।धार्मिक कथाओं में भी माता शीतला के जीवन से जुड़ी घटनाओं का उल्लेख मिलता है, जिसके चलते यह पर्व विशेष आस्था के साथ मनाया जाता है।परंपरा के अनुसार दोपहर बाद क्षेत्र में पानी और रंगों से होली खेलने का सिलसिला भी शुरू होगा, जिसमें लोग उत्साहपूर्वक भाग लेंगे।



## नारायणपुर में 21 मार्च को विशाल रोजगार शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के उपखण्ड नारायणपुर में राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र तथा कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग, कोटपूतली-बहरोड़ के संयुक्त तत्वावधान में 21 मार्च 2026, शनिवार को एक दिवसीय विशाल रोजगार शिविर (जॉब फेयर) का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर नारायणपुर स्थित नगरपालिका परिसर के रामलीला मंच पर प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित होगा। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महाप्रबंधक भंवर लाल ने बताया कि शिविर में क्षेत्रीय विधायक देवीसिंह शेखावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और चयनित युवाओं को मौके पर ही नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि शिविर में ओकियो पावर लिमिटेड, नीमराना द्वारा आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं के लिए 100 अप्रेंटिस पद, ए.जी. इंडस्ट्रीज, बावल द्वारा आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं के लिए 100 एचटीजी पद, फ्लिपकार्ट, बिलासपुर द्वारा 10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण युवाओं के लिए 200 हेल्पर पद, मारुति सुजुकी, रोहतक/ गुरुग्राम द्वारा आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं के लिए 100 ऑपरेटर पद तथा भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा 12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण युवाओं के लिए 50 बीमा साथी पदों पर भर्ती की जाएगी।

## वन विभाग-राजस्व टीम की संयुक्त कार्रवाई 30 बीघा वनभूमि हुई अतिक्रमण मुक्त

बढ़ता राजस्थान

जैसलमेर (रंजन दवे)। वन विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त कार्रवाई में जैसलमेर जिले के वनखण्ड कराहजोड़ क्षेत्र में 30 बीघा वनभूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। यह कार्रवाई वन विभाग द्वारा सीमाज्ञान के दौरान अतिक्रमण पाए जाने के बाद नियमानुसार की गई। उप वन संरक्षक, जैसलमेर कुमार शुभम ने बताया कि वनखण्ड कराहजोड़ के तहत ग्राम हमीरा क्षेत्र में वनभूमि का सीमाज्ञान तहसीलदार (भू.अ.) जैसलमेर एवं वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा किया गया। सीमाज्ञान के दौरान 30 बीघा वनभूमि पर अतिक्रमण पाया गया। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए क्षेत्रीय वन अधिकारी, जैसलमेर को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए।जैसलमेर की टीम के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम हमीरा में स्थित उक्त वनभूमि पर पहुंचकर नियमानुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई और 30 बीघा वनभूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।



## सेना के ट्रक और कैंपर में टक्कर, चालक की स्थिति गंभीर

बढ़ता राजस्थान

**जैसलमेर (नि.स.)।** राजस्थान की जैसलमेर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 11 पर सेना के एक ट्रक और बोलेरो कैंपर के बीच में जोरदार टक्कर हुई, जिसमें की बोलेरो चालक बुरी तरीके से घायल हुआ है। घायल को उपचार के लिए जैसलमेर भर्ती कराया गया है जहां उसकी स्थिति नाजुक है, उधर घटना को लेकर सेना के अधिकारियों ने भी अपने स्तर पर घटना की जानकारी जुटाई है। वहीं स्थानीय थाना पुलिस ने अपने स्तर पर कार्रवाई प्रारंभ की है। जानकारी अनुसार जैसलमेर के लाठी थाना क्षेत्र के धोलिया गांव समीप भारतीय सेना के एक ट्रक और बोलेरो कैंपर के बीच हुई आमने-सामने की जबरदस्त भिड़ंत में बोलेरो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

## आईआईटी जोधपुर के शोधकर्ताओं ने विकसित की 'इलेक्ट्रॉनिक नोज',सांस की जांच से नई तकनीक करेंगी बीमारी की पहचान

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (रंजन दवे)।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के वैज्ञानिक उन्नत सेंसर तकनीकों की मदद से ऐसी ' इलेक्ट्रॉनिक नोज ' प्रणाली विकसित कर रहे हैं , जो मानव सांस का विश्लेषण कर विभिन्न रोगों के शुरुआती संकेतों की पहचान कर सकेगी, जिससे कि भविष्य में केवल एक साधारण सांस परीक्षण के माध्यम से शरीर में संभावित बीमारियों का पता लगाया जा सकेगा । शोधकर्ताओं अनुसार कुत्तों और सूअरों जैसे जानवरों में गंध पहचानने की अद्भुत क्षमता होती है , जिसका उपयोग विस्फोटकों या गैसों का पता लगाने में किया जाता है । इसी जैविक प्रणाली से प्रेरणा लेते हुए वैज्ञानिक इलेक्ट्रॉनिक नोज विकसित कर रहे हैं , जो उन्नत सेंसर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की सहायता से मानव घ्राण प्रणाली की तरह कार्य कर सकेगी । यह शोध कार्य संस्थान के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ . साक्षी धनकर के नेतृत्व में किया जा रहा है । शोध टीम माइक्रो इलेक्ट्रो मैकेनिकल सिस्टम्स और नैनो - सेंसर आधारित तकनीकों का उपयोग कर मानव सांस में मौजूद वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों का विश्लेषण करने की प्रणाली विकसित रही है । डॉ . साक्षी धनकर ने बताया कि प्रकृति पहले ही यह दिखा चुकी है कि सूंघने की क्षमता कितनी प्रभावी हो सकती है । माइक्रो - स्तरीय इंजीनियरिंग और बुद्धिमान डेटा विश्लेषण के माध्यम से इस क्षमता की नकल कर इसे और अधिक उपयोगी बनाया जा रहा है । परंपरागत गैस विश्लेषण तकनीक जैसे गैस क्रोमैटोग्राफी प्रयोगशालाओं में गैसों को अलग कर उनका विश्लेषण करने के लिए व्यापक रूप से उपयोग की जाती है , लेकिन इन प्रणालियों का आकार बड़ा और जटिल होता है । इस चुनौती को दूर करने के लिए आईआईटी जोधपुर की टीम ने एमईएमएस आधारित माइक्रो - गैस क्रोमैटोग्राफी ( माइक्रो- त्रष्ट ) कॉलम विकसित किए हैं , जिन्हें सिलिकॉन चिप्स और पॉलिमर सब्सट्रेट पर तैयार किया गया है । ये सूक्ष्म चेनल सांस में मौजूद एथेनॉल , एसीटोन और मेथनॉल जैसी गैसों को अलग कर उनकी मात्रा का पता लगाने में सक्षम हैं ।




## जोशी बने करणी माता मेला कमेटी के संयोजक



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** बाला किला करणी माता व्यवस्था समिति की बैठक लव कुश मैरिज होम में हुई जहां पर मेला कमेटी के संयोजक पद पर पुनं राजेश जोशी को मेला कमेटी का संयोजक बनाया साथ ही कार्यकारिणी का गठन किया गया कार्यकारिणी में संरक्षक पद पर गोरधन लाल खेमानी,भागीरथ लाल मीणा,अजय अग्रवाल,अध्यक्ष रामबाबू शर्मा सचिव प्रमोद शर्मा मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण लक्ष्य, प्रकाश बेनीवाल, प्रेम भारद्वाज,विधि सचिव विष्णु कुमार शर्मा संगठन मंत्री मुरारी पाराशर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश अवस्थी, उपाध्यक्ष भारत भूषण शर्मा महेश मुद्‌गल, विजय भारद्वाज, देवराज शर्मा,पूर्ण खंडेलवाल कोषाध्यक्ष राजेश जोशी कोषाध्यक्ष नरेश चौधरी, मंत्री पद पर दीप सिंह शेखावत सुरेश धारवाल, नंदकिशोर,सुनील जायसवाल, कार्यकारिणी सदस्य कैलाश तायल शिवलाल शर्मा,मुरारी लाल शर्मा महेश गौड़, नितिन गौड़ को सर्वसम्मति से बनाया गया।

## गेहूं खरीद केंद्रों पर छाया-पानी के पुख्ता इंतजाम हों- जिला कलक्टर



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने बुधवार को रबी फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीद व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि खरीद केंद्रों पर किसानों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए। गर्मी को देखते हुए केंद्रों पर छाया और शुद्ध पेयजल की अनिवार्य व्यवस्था हो। खरीदी गई जिंस का उठाव और भंडारण समय पर हो ताकि केंद्रों पर माल जाम न हो। बारदाने की आपूर्ति, वाहनों की उपलब्धता और पर्याप्त श्रमिकों का इंतजाम सुनिश्चित किया जाए। अधिकारी केवल दफ्तर में न बैठें, बल्कि स्वयं फील्ड में जाकर व्यवस्थाओं को परखें। केंद्रों पर सुरक्षा की दृष्टि से गार्ड तैनात रहें और पूरी प्रक्रिया टोकन व्यवस्था से हो। बैठक में जिला रसद अधिकारी देवराज रवि, प्रवर्तन अधिकारी शिवजी राम जाट, देवेंद्र मीणा (मण्डल प्रबंधक), मुकेश कुमार गर्ग (उप रजिस्ट्रार), क्रांति मीणा (सचिव मंडी), राकेश रंजन और रामवीर सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## बूंदी में कृषि जागरूकता कार्यक्रमः किसानों को सिखाए उन्नत खेती और पशुपालन के गुर



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** कृषि विज्ञान केन्द्र, बूंदी द्वारा बुधवार को कृषकों को नवीनतम तकनीकों और योजनाओं से जोडने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। हैदराबाद के भारतीय तिलहन अनुसंधान संस्थान के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में नरशीपुरा और झरबालापुरा के 80 से अधिक किसानों ने भाग लिया। केन्द्र के प्रभारी डॉ. महेश चौधरी ने किसानों को तिलहनी और बागवानी फसलों की वैज्ञानिक खेती, कीट प्रबंधन और संतुलित उर्वरक उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पारंपरिक खेती के साथ बागवानी अपनाकर आय बढ़ाई जा सकती है। वहीं, डॉ. दीपक कुमार ने पशुपालन प्रबंधन, नस्ल सुधार और टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विकास ताखर और हरदीप भी मौजूद रहे। वैज्ञानिकों ने किसानों की समस्याओं का समाधान करते हुए उन्हें 'किसान उत्पादक संगठन' से जुडने हेतु प्रेरित किया।

## नीलम माथुर बनीं रक्तकोष फाउंडेशन की बून्दी जिला महिला प्रभारी

बढ़ता राजस्थान



**बून्दी (अनन्त दाधीच)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उलेडा की वरिष्ठ अध्यापिका नीलम माथुर को रक्तकोष फाउंडेशन का जिला महिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ढ्ढस् एवं राष्ट्रीय टीम के मार्गदर्शन में, जिला अध्यक्ष रामलक्ष्मण मीणा की सिफारिश पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई। ए पॉजिटिव रक्त समूह वाली नीलम माथुर स्वयं रक्तदान करने के साथ-साथ क्षेत्र के शिविरों में भी सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं। उनकी नियुक्ति पर फाउंडेशन के जिला उपाध्यक्ष सागर सैनी, सचिव सीताराम मीणा, प्रवक्ता रामलाल मीणा और संयोजक उम्मे हबीबा सहित कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

## 1 किलो से ज्यादा एमडी ड्रग्स जब्त, 3 तस्कर गिरफ्तारःकार और एस्कॉर्ट कर रही बाइक जब्त; भीलवाड़ा में अफीम की खेती पकड़ी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कोटा केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो ने राजस्थान में दो बड़ी कार्रवाई की है। जयपुर टीम ने अजमेर जिले में किशनगढ़-जयपुर हाईवे पर एक कार और बाइक से 1.017 किलोग्राम प्रतिबंधित एमडी (मेफेड्रोन) बरामद किया है।

**कार से 1.017 किलोग्राम मेफेड्रोन बरामद :** कोटा उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुन्देल ने बताया कि सूचना मिली थी कि दो लोग कार में मेफेड्रोन लेकर जा रहे हैं और उन्हें बाइक सवार एक व्यक्ति एस्कॉर्ट करेगा। सूचना के आधार पर अधिकारियों की टीम को किशनगढ़ और डूडू के बीच हाईवे पर तैनात किया गया। कड़ी निगरानी के बाद बंदर सिंदरी गांव के पास संदिग्ध कार और बाइक को रोका गया। तलाशी लेने पर कार की को-ड्राइवर सीट के नीचे छिपाकर रखे गए दो पैकेट में 1.017 किलोग्राम मेफेड्रोन मिला। इसके बाद सीबीएन ने कार और बाइक को जब्त कर लिया। तीनों आरोपियों को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया। मामले में आगे की जांच जारी है।

## उदयपुर संभाग स्तर पर प्रथम पेंशन अदालत 27 अप्रैल को

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़ (नि.स.)।** वित्त विभाग राजस्थान सरकार, जयपुर एवं अतिरिक्त निदेशक पेंशन एवं पेंशनर्स वेलफेयर विभाग क्षेत्रीय कार्यालय उदयपुर के निर्देशानुसार उदयपुर संभाग स्तर पर प्रथम पेंशन अदालत का आयोजन 27 अप्रैल 2026 को प्रस्तावित है।

### जिला स्तरीय कृषि समिति की बैठक

# अधिक से अधिक किसानों को मिले फसल बीमा योजना का लाभ

बढ़ता राजस्थान




**कोटा (का.स.)।** जिला स्तरीय कृषि समिति की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अतिरिक्त जिला कलक्टर राजस्व वीरेन्द्र सिंह यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में श्री यादव ने किसानों को बीज मिनी किट वितरण के बारे में समय पर सूचना देने तथा अधिक से अधिक किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीज वितरण कब किया जाना है उसकी जानकारी भी किसानों को समय पर दी जाए। जिस ग्राम पंचायत में जिस बीज की अधिक आवश्यकता हो वहां उसी बीज के मिनीकिट वितरित किए जाएं। बैठक में संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार श्री अतीश कुमार शर्मा ने बताया कि इस वर्ष किसानों द्वारा फसल बीमा योजना के तहत 37 करोड़ रुपए प्रिमियम जमा कराया गया जबकि 104 करोड़ रुपए बीमा राशि का वितरण होगा जो कि जमा कराई गई प्रिमियम का करीब 3 गुना है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्र फसल बीमा योजना के तहत रबी सीजन 2025-26 के लिए पोर्टल 10 मार्च से 20 मार्च तक के लिए खुला रहेगा। इसमें जिन किसानों की बीमा प्रिमियम राशि काटी गई है लेकिन चालान जनरेट नहीं होने से बीमा कम्पनी तक राशि का भुगतान नहीं पहुंचने से उनकी पॉलिसी जारी नहीं हुई है, उन किसानों का चालान जनरेट कर पॉलिसी जारी करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार ने बताया कि इस बार मक्का की बुआई का क्षेत्र बढ़ाकर दुगुना किया जाएगा। साथ ही, किसानों को फसलों में बदलाव के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री बीज स्वावलम्बन योजना के तहत किसान बीज पैदा कर अन्य किसानों को भी वितरित करते हैं। इसके लिए 50-50 किसानों के कलस्टर बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि अनुदानित दर पर प्रमाणित बीज वितरण के तहत 1380 क्वि. चना एवं 4050 क्वि. गेहूं के बीज का वितरण किया गया। 13 हजार 242 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए। किसानों का जागरूक करने के लिए कृषक प्रशिक्षण, कार्यशाला और किसानों की एक्सपोजर विजिट आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि कृषक पुरस्कार के तहत जिला स्तर पर 10 एवं ब्लॉक स्तर पर 14 किसानों का चयन किया गया है।

अतिरिक्त जिला कलक्टर ने किसानों की जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के निर्देश दिए। उन्होंने ब्लॉक स्तर पर होने वाली बैंकर्स समिति की बैठक में कृषि एवं बागवानी विभाग के अधिकारियों को उपस्थित रहकर बैंकों से ऋण प्राप्त करने में किसानों को आ रही समस्याओं का निस्तारण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए किसानों को बैंकों से सहयोग मिले ताकि उन्हें आर्थिक समस्याओं का सामना नहीं करना पड़े। बैठक में उप निदेशक बागवानी श्री एनके मालव ने ड्रिप एवं मिनी स्प्रिंकलर, पोली हाउस, शेडनेट हाउस आदि की प्रगति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसानों को हाइटेक कृषि के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। बैठक में सहायक निदेशक कृषि राजवीर सिंह, सहित कृषि, उद्यानिकी विभाग के अधिकारी, कृषि आदान विक्रेता एवं फसल बीमा कम्पनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## कोटा में राशन बांटने में अनियमितता,महिलाओं ने की सड़क जामःलोगों का आरोप- डीलर अपने परिचितों को दे रहे राशन, आमजन को नहीं मिल रहा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कोटा में राशन सामग्री बांटने में कथित अनियमितताओं को लेकर स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। महिलाओं सहित लोगों ने सडक़ जाम कर दी। लोगों ने राशन डीलर की दुकान पर समय पर राशन उपलब्ध नहीं होने और बांटने में अनियमितता के आरोप लगाए। लोगों ने महावीर नगर विस्तार योजना क्षेत्र में दुकान के बाहर बुधवार को सडक़ जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर कांग्रेस शहर जिला अध्यक्ष राखी गौतम मौके पर पहुंचीं। उन्होंने प्रदर्शन कर रहे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। लोगों ने बताया- उन्हें समय पर राशन नहीं मिल रहा है। उपलब्ध सामग्री बांटने में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है। इससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जब भी राशन लेने आते हैं, लोगों को मना कर दिया जाता है। कुछ लोगों को ही राशन मिल रहा है। लोगों ने कहा- डीलर के परिचित लोगों को ही राशन दिया जा रहा है।

### अफसरों से बात कर समस्या दूर करने की मांग

राखी गौतम ने मौके से संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात की। उन्होंने राशन सामग्री की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था में आ रही अनियमितताएं तुरंत दूर करने के निर्देश देने की मांग की। उन्होंने कहा कि आम जनता को मिलने वाली सरकारी योजनाओं का लाभ सही तरीके से मिलना चाहिए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



राखी ने कहा- भाजपा के शासनकाल में आमजन को मूलभूत सुविधाओं के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। राशन जैसी जरूरी सुविधा में गड़बड़ी होना गंभीर विषय है।

### रसद अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

महावीर नगर प्रथम क्षेत्र में राशन दुकान की अनियमितता और समय पर राशन वितरण नहीं होने की शिकायत को लेकर जिला रसद अधिकारी (डीएसओ) को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष के निर्देश पर सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि राशन दुकान निर्धारित समय पर नहीं खुलती। इससे राशन कार्डधारकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले की जांच कर संबंधित राशन डीलर के खिलाफ कार्रवाई करने और दुकान को नियमानुसार समय पर खुलवाने की मांग की गई। इस दौरान कार्यकर्ता शुभम खुराना, नागेश शर्मा, अमित शर्मा, जुल्फिक़ार अली, दीपक जयसवाल और नीतेश खींची मौजूद रहे।

## विक्रमगढ़ आलोट स्टेशन पर वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

### रेल कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण, यात्रियों एवं कर्मचारियों को सीपीआर प्रशिक्षण भी दिया गया



बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल अंतर्गत विक्रमगढ़ आलोट स्टेशन पर कर्मचारियों के लिए वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 78 रेल कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर के माध्यम से कर्मचारियों के स्वास्थ्य की नियमित जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी प्रदान किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि रेलवे प्रशासन कर्मचारियों के स्वास्थ्य और कार्यक्षमता को बनाए रखने के लिए समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित करता है। इसी क्रम में आयोजित शिविर में डॉक्टर महेश मेहर, जीडीएमओ शामगढ़ के निर्देशन में कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा कर्मचारियों एवं स्टेशन पर उपस्थित यात्रियों को आपातकालीन स्थिति में जीवनरक्षक प्रक्रिया के रूप में सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) देने का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कर्मचारियों को बताया गया कि अचानक हृदय गति रुकने जैसी आपात स्थिति में समय पर सीपीआर देने से किसी व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान सीपीआर देने की विधि का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया, जिससे कर्मचारियों एवं यात्रियों को आवश्यक प्राथमिक जीवनरक्षक जानकारी प्राप्त हो सकी।

## 5 साल से फरार एनडीपीएस का इनामी आरोपी गोपाल तिवारी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** पांच साल से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे एनडीपीएस के इनामी आरोपी गोपाल तिवारी को आखिरकार भीमगंजमंडी थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर पुलिस द्वारा 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस टीम ने उसे मध्यप्रदेश के सुसनेर क्षेत्र से दबोचा, जहां वह पहचान छुपाकर अलग-अलग ठिकानों पर रह रहा था। पुलिस के अनुसार, गोपाल तिवारी लंबे समय से एनडीपीएस एक्ट के मामले में फरार चल रहा था। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह लगातार अपनी पहचान बदलकर और ठिकाने बदलते हुए रह रहा था, जिससे पुलिस को उसकी लोकेशन ट्रेस करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। भीमगंजमंडी थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी सुसनेर क्षेत्र में छिपकर रह रहा है। इसके बाद पुलिस टीम ने रणनीति बनाकर दबिश दी और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और उसके नेटवर्क व अन्य सहयोगियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी की गिरफ्तारी को पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है।

## पुरानी रंजिश के चलते युवक की हत्या कर सोशल मीडिया पर डाली वीडियो

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** शहर के उद्योग नगर थाना इलाके में मंगलवार देर रात पुरानी रंजिश के चलते युवक की हत्या का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान प्रेम नगर थर्ड जागा बस्ती निवासी शुभम सेन पुत्र जगदीश सेन उम्र 17 साल के नाबालिग के रूप में हुई। युवक बाइक से घर लौट रहा था। इस दौरान बदमाशों ने उसे रोका और मारपीट शुरू कर दी। उस पर धारदार हथियार, लोहे के सरिये व डंडे से भी हमला किया गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया काफी देर मारपीट करने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। युवक को स्थानीय लोग अस्पताल लेकर गए, लेकिन तब तक उसने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक कोटा शहर तेजस्विनी गौतम, थानाधिकारी जितेंद्र सिंह शेखावत सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने पूरे घटनाक्रम का जायजा लिया है। इसके साथ ही एमओबी और डॉग स्क्वॉड को बुलाकर साक्ष्य भी एकत्रित किए। परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया । आरोपियों की तलाश की जा रही है ।

### मोर्चरी पर दिया धरना

इस मामले में सब इंस्पेक्टर मोहम्मद इब्राहिम का कहना है कि दोनों आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। उनकी पड़ताल भी की जा रही है। दूसरी तरफ सेन समाज के जितेंद्र सेन का कहना है कि हम लोग समाज के सब एकजुट होकर मृतक के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उसकी हत्या केवल रील बनाने की ईर्ष्या को लेकर ही हुई है। वह रील बनाने को लेकर फेमस था और उसी से कुछ लडक़े ईर्ष्या रखते थे । जितेंद्र सेन का कहना है कि इनका कुछ दिन पहले झगड़ा हुआ था, जिस संबंध में उद्योग नगर थाने में शिकायत दी थी। हत्यारों के हौसले काफी बुलंद हैं। उन्होंने मर्डर के बाद भी रील सोशल मीडिया पर अपलोड की है। इसमें नावाबिल का शव, रक्त से सने जूते व अन्य फोटो और रील अपलोड कर दी है। आरोपी अपने आप को फरार बता रहे हैं. सब इंस्पेक्टर मोहम्मद इब्राहिम का कहना है कि मृतक शुभम सेन 17 साल का था, जबकि दोनों आरोपी राज बच्चा और विशाल मेरोठा बालिग हैं।

## आरटीयू दीक्षांत समारोह में प्रतिभा का सम्मानः निकिता जैन को कुलाधिपति स्वर्ण पदक, विष्णु मीणा को कुलपति स्वर्ण पदक

बढ़ता राजस्थान




**कोटा (का.स.)।** राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय (आरटीयू) के दीक्षांत समारोह में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिसमें आर्य कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, जयपुर की एमबीए छात्रा निकिता जैन को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कुलाधिपति स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। वहीं उसी कॉलेज के बीटेक छात्र विष्णु मीणा को कुलपति स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागड़े अपरिहार्य कारणों से उपस्थित नहीं हो सके। उनका संदेश विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. निमित चौधरी ने विद्यार्थियों के समक्ष पढक़र सुनाया। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि आज का समय तेजी से बदलती तकनीकों, डिजिटल परिवर्तन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और नवाचार का युग है। भारत विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की ओर अग्रसर है और इस लक्ष्य की प्राप्ति में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके बाद विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ. निमित चौधरी ने कहा कि आज की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में केवल डिग्री ही पर्याप्त नहीं है। विद्यार्थियों को अपने कौशल को लगातार विकसित करना होगा, संचार और टीमवर्क की क्षमता को मजबूत बनाना होगा तथा समस्या-समाधान की दृष्टि विकसित करनी होगी। उन्होंने विशेष रूप से छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे केवल डिग्री प्राप्त करने वाली विद्यार्थी नहीं हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन की वाहक हैं और विज्ञान, तकनीक, प्रबंधन तथा नवाचार के क्षेत्रों में उनकी भागीदारी राष्ट्र की प्रगति का आधार बन सकती है। इसी समारोह में सम्मानित छात्रा निकिता जैन ने अपनी सफलता का श्रेय निरंतर परिश्रम, अनुशासन और परिवार के सहयोग को दिया। एमबीए के दौरान उनकी विशेष रुचि मार्केटिंग और मानव संसाधन प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में रही। विशेष रूप से रिक्रूटमेंट प्रक्रिया जैसे योग्य उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करना, प्रतिभाओं की पहचान करना और प्रभावी हायरिंग प्रणाली विकसित करनाउन्हें हमेशा आकर्षित करता रहा। वर्तमान में निकिता बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से कस्टमर रिसर्च और सस्टेनेबल मार्केटिंग विषय पर पीएचडी कर रही हैं। उनका कहना है कि आज के दौर में मार्केटिंग केवल उत्पाद बेचने तक सीमित नहीं रह गई है। डिजिटल माध्यमों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के बढ़ते प्रभाव के कारण ग्राहकों की सोच और व्यवहार को समझना पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। तकनीकी प्रगति के इस दौर में उन्होंने यह भी कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नई तकनीकें निश्चित रूप से विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं, लेकिन इसके साथ मानवीय संवेदनशीलता और नैतिक मूल्यों का संतुलन बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है।

## संभाग स्तरीय परिवार कल्याण कार्यशाला आयोजित

### संयुक्त निदेशक डॉ. सुनील कुमार सिवोदिया ने किया कम प्रगति पर असंतोष जाहिर



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर मे संभाग स्तरीय जिला सवाई माधोपुर ,डीग, करौली धौलपुर और भरतपुर के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी परिवार कल्याण ,ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारियों एव जिले मे पदस्थापित सांख्यिकी अधिकारियों कार्मिकों तथा नसबंदी सर्जनों की चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ सुनील कुमार सिवोदिया की अध्यक्षता में संभाग स्तरीय परिवार कल्याण सह- समीक्षा बैठक का आयोजन आगरा रोड स्थित होटल लक्ष्य पैलेस सभागार में किया गया। बैठक में सभी 5 जिलों के परिवार कल्याण कार्यक्रम जैसे नसबंदी, पीपीआईयूसीडी ,अंतरा इंजेक्शन तथा परिवार कल्याण कमोडिटी एफ्पीएलएमआईएस सॉफ्टवेयर एव अनिमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम की प्रगति की माह फरवरी 2026 तक की समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ सिवोदिया ने धौलपुर एव सवाई माधोपुर जिले की प्रगति पर असंतोष जाहिर करते हुए निर्देश प्रदान किए की वित्तीय वर्ष 2025-26 की शेष अवधि को ध्यान में रखते हुए सभी लक्ष्यों की शतप्रतिशत उपलब्धि अर्जित किया जाना सुनिश्चित करें तथा सभी चिकित्सा संस्थानों पर गुणवत्ता स्तर की चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाएं तथा कार्मिकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति दी जावे ,मेडिकल रिलीफ सोसायटी की बैठक नियमित रूप से की जाएं। प्रगति की समीक्षा सांख्यिकी अधिकारी लक्ष्मीकांत शर्मा द्वारा निर्धारित पीपीटी के आधार पर की गई जिसमें कम प्रगति वाले ब्लॉको के खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को प्रगति बढ़ाने एवं समस्त पोर्टलो पर इंद्राज करने हेतु तथा हर जिले में सभी बीसीएमओ की रिव्यू मीटिंग आयोजित किए जाने हेतु संयुक्त निदेशक डॉ सिवोदिया द्वारा निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में भरतपुर जिले के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (परिवार कल्याण) डॉ बीएल मीना द्वारा जिले के समस्त खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों की प्रगति लक्ष्यों के अनुरूप करने के निर्देश दिए तथा न करने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाने के लिए कहा। साथ ही आज की बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। डॉ नवीन गोयल स्त्री रोग विशेषज्ञ जनाना अस्पताल भरतपुर द्वारा परिवार कल्याण कार्यक्रमों में क्वालिटी एश्योरेंस के बारे में विस्तार से बताया। अश्वनी कुमार द्वारा सभी संभाग के जिलों की अनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम की समीक्षा और पीपीटी प्रस्तुत की गई। बैठक में डीग से डॉ दिनेश मीना धौलपुर से डॉ गौरव सिंह मीना करौली से डॉ सतीश मीना एडिशनल सीएमएचओ,डॉ नवीन गोयल स्त्री रोग विशेषज्ञ , हरविंदर डागुर सहायक सांख्यिकी अधिकारी निर्भय गोयल सांख्यिकी निरीक्षक मोहित शर्मा एवं संभाग के समस्त खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्त्री रोग विशेषज्ञ ,सर्जन तथा सांख्यिकी अधिकारी उपस्थित रहे।

## श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई शीतलाष्टमी, बासोड़ा पकवानों का लगाया भोग

### ब्रह्मवाद में शीतला माता मेले का शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**बयाना ( अमन झालानी )।** कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों में बुधवार को शीतलाष्टमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर बासी पकवानों का भोग लगाते हुए शीतला माता की पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि व निरोगी जीवन की कामना की। शीतलाष्टमी के मौके पर महिलाओं ने कस्बे के प्रमुख शीतला माता मंदिर, जाटव बस्ती स्थित चामुंडा माता मंदिर तथा निकटवर्ती गांव ब्रह्मवाद स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने बासोड़ा के बासी पकवानों के साथ शीतल जल, दूध, दही और ठंडे प्रसाद से माता का अभिषेक कर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा संपन्न की। दरअसल बयाना क्षेत्र में पिछले चार दिनों से शीतला माता के पूजन का सिलसिला जारी है। महिलाएं अपनी-अपनी आस्था और मान्यताओं के अनुसार अलग-अलग दिनों में माता की पूजा कर रही हैं। हालांकि चौत्र मास की अष्टमी के दिन शीतला माता के पूजन का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व माना जाता है, इसलिए इस दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ देखने को मिली। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शीतला माता को स्वास्थ्य की देवी माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि माता की पूजा-अर्चना करने तथा उनके जल का सेवन और स्नान करने से चेचक सहित विभिन्न संक्रामक रोगों से मुक्ति मिलती है। इसी परंपरा के तहत शीतला अष्टमी पर घरों में एक दिन पहले भोजन बनाकर रखा जाता है और अगले दिन बासी भोजन यानी बासोड़ा माता को अर्पित किया जाता है। शीतला पूजन के पश्चात मंदिर परिसर में घूमने वाले गोवंश, गधों और श्वानों को भी बासी पकवान खिलाकर उनकी प्रतीकात्मक पूजा की गई। श्रद्धालुओं ने इन्हें माता का वाहन और दूत मानते हुए आदरपूर्वक भोजन कराया। उधर हर वर्ष की भांति इस बार भी निकटवर्ती गांव ब्रह्मवाद के प्राचीन शीतला माता मंदिर परिसर में वार्षिक शीतला माता मेले का शुभारंभ हुआ। मेले में क्षेत्र सहित विभिन्न प्रांतों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर माता के दर्शन कर मनौतियां मांग रहे हैं। मेले में खिलौनों, पूजन सामग्री और खान-पान की दुकानों के साथ ग्रामीण क्षेत्र की पारंपरिक रौनक भी देखने को मिली। हालांकि मेले में कुछ स्थानों पर अव्यवस्थाएं भी देखने को मिलीं, इसके बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं आई और दिनभर मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। स्थानीय लोगों के अनुसार ब्रह्मवाद में आयोजित यह लक्खी वार्षिक मेला क्षेत्र का प्रमुख धार्मिक आयोजन माना जाता है, जिसमें हर वर्ष हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं।

# विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की विस्तार की समीक्षा बैठक आयोजित

## विकास कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरें हो- जिला कलक्टर

### आमजन को आवश्यक सुविधाओं एवं आवागमन में नही हो परेशानी

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** जिला कलक्टर कमर चौधरी ने शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा कर संबन्धित विभागों को गुणवत्ता के साथ समय पर कार्य पूरा करने के लिए प्रतिमाह लक्ष्य तय करते हुए कार्यों को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अन्तर्विभागीय समन्वय से सड़कों के विस्तार एवं फ्लाईऑवर के कार्यों में आवश्यक सेवाओं की लाइनों को समय पर व्यवस्थित करायें तथा निर्माण कार्य के दौरान आमजन को परेशानी नहीं हो इसका ध्यान रखा जाये।

जिला कलक्टर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों में शामिल एजेंसियों के बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की बजट घोषणाओं एवं विभागीय योजनाओं के तहत प्रगतिरत विकास कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरे हो इसके लिए सभी विभाग कार्यों के तकमीना के अनुसार प्रगति के लक्ष्य तय करें। उन्होंने कहा कि शहर में चल रहे फ्लाईऑवर के निर्माण कार्य के



दौरान आवश्यक सुविधाओं व्यवधान नहीं आए इसलिए पेयजल, विद्युत, सीवरेज एवं टेलीफोन के तंत्र को समय पर सुव्यवस्थित किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य के दौरान आमजन को आवागमन में परेशानी नहीं हो, इसका ध्यान रखें हुए वैकल्पिक इंतजाम किये जाए। उन्होंने कहा कि शहर में जिन सड़कों का विस्तार किया जा रहा है, उनमें भी आवश्यक सेवाओं के तंत्र को भूमिगत करते हुए इस प्रकार प्लान करें कि बार-बार सड़क की खुदाई नहीं करनी पड़े। उन्होंने विद्युत निगम, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, आरयूआईडीपी एवं टेलीफोन लाईनों से संबंधित कार्यों को सक्रियता से सहयोग कर शिफ्ट कराने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने कहा कि जिले में सड़कों, राजकीय भवनों के निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ करायें जाए जिससे आमजन को समय पर लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की संबंध विभाग नियमित मॉनिटरिंग करते हुए किसी भी प्रकार के अवरोध आने पर निराकरण करें। उन्होंने कहा कि जिन राजकीय भवनों का कार्य पूर्ण हो चुका है, उन्हें संबंधित विभागों को हस्तांरित करें जिससे उपयोंग में लिए जा सके। उन्होंने नगर निगम एवं बीडीए के अभियंताओं की टीम को नियमित रूप से सक्रिय रह कर आवश्यक सहयोग टीम भावना के साथ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नवीन बजट घोषणाओं में तकमीना बनाते समय आगामी समय में विस्तार को देखते हुए जन अपेक्षाओं के अनुरूप प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को प्रभावित करने वाले अतिक्रमणों को चिन्हित कर राजस्व एवं पुलिस का सहयोग लेकर समझाई करते हुए हटवाऐं। जिससे कार्य निर्धारित समय में पूरे हो सके।

जिला कलक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा कराये जा रहे फ्लाईऑवर, सड़कों की चौडाईकरण, सौन्दर्यकरण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की जिनमें अछनेरा रोड़, गोलपुरा रोड़, भवनपुरा रोड़, आरबीएम से रीको रोड़, जघीना से रीको रोड़, काली बगीची से आरबीएम तथा हीरादास से कुम्हेर गेट फ्लाईऑवर के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने आरएसआरडीसी के रोड़ विस्तारीकरण कार्य, खेल सुविधाओं के विस्तार, हॉस्टल निर्माण, ट्रोमा वार्ड, एमसीएनएच के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कृषि विपणन बोर्ड द्वारा कराये जा रहे बयाना बस स्टैण्ड निर्माण कार्य, हनी उत्कृष्टता केन्द्र, आवासीय छात्रावासों के निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की।

इस अवसर पर अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी, एसडीएम भारती गुप्ता, अधीक्षण अभियंता बीडीए योगेश माथुर, अधीक्षण अभियंता सानिवि रिद्धि चंद्र मीणा, नगर निगम अधिशाषी अभियंता विनोद चौहान सहित संबंधित विभागों की अभियंताओं की टीम उपस्थित रही।

## संभागीय आयुक्त का ब्यावर दौरा, कलेक्ट्रेट में वार्षिक निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** ब्यावर संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़ बुधवार को ब्यावर पहुंचे। कलेक्टर कार्यालय पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान कलेक्टर कमल राम मीना ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया संभागीय आयुक्त राठौड़ ने कलेक्टर कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया और विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान एसडीएम दिव्यांश सिंह तथा एसीईओ डॉ. गोपाललाल मीणा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्मलाल जाट सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## 30 मार्च की जगह 19 मार्च को राजस्थान-दिवस मनाएगी सरकार

**जयपुर।** राजस्थान दिवस का मुख्य समारोह 30 मार्च की जगह 19 मार्च को मनाया जागा। हिंदू पंचाग के हिसाब से चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन 19 मार्च को राजस्थान दिवस मनाया जाएगा। इस बार राजस्थान दिवस का मुख्य समारोह जालोर में होगा। जालोर में लाभार्थी सम्मेलन होगा जिसमें लाभार्थी संवाद के साथ खाते में पैसा ट्रांसफर किया जाएगा।

## छत्रपति संभाजी महाराज की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** सर्व समाज के कार्यालय पर महान वीर, अद्वितीय पराक्रम और त्याग के प्रतीक छत्रपति संभाजी महाराज की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्व समाज के साथियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके वीरता और बलिदान को स्मरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्रपति संभाजी महाराज केवल एक महान योद्धा ही नहीं थे, बल्कि स्वाभिमान, साहस और राष्ट्रभक्ति के अद्वितीय प्रतीक थे। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने धर्म, संस्कृति और राष्ट्र की रक्षा के लिए अद्भुत साहस का परिचय दिया और अपने प्राणों का बलिदान देकर आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का मार्ग प्रशस्त किया। उनका जीवन हमें सिखाता है कि सच्चा राष्ट्रभक्त वही होता है जो अपने सिद्धांतों और कर्तव्यों से कभी समझौता नहीं करता। इस अवसर पर महासचिव अनिल भारद्वाज, सचिव कृष्णकांत शर्मा, संगठन मंत्री गौरव पाराशर, गोविंद दुबे, डॉ. देवेंद्र भारद्वाज, राजेंद्र दंडोतिया, जीवन लाल शर्मा, पूर्व सरपंच महेश बाल्मिक, अनिल शर्मा, उमेश गोयल, सुभनेश पाराशर, महिला उपाध्यक्ष सरोज शर्मा, सृजना चौधरी, अविनाश सोनी, अरुण सिंह सहित अनेक गणमान्य साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने छत्रपति संभाजी महाराज के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा राष्ट्र और समाज की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया।

# भाजपा सरकार को ठेंगा दिखाकर बिजली कम्पनियों ने बढ़ाया एक रूपए यूनिट चार्ज

### 4.30 लाख लोग हर महीने चुकाएंगे 10 करोड़ अधिक - दयाचंद पचौरी, डिस्कॉम ने बढ़ा दिया एक रुपए यूनिट रेगुलेटरी चार्ज, बिल में 300 रुपए तक बढ़े

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भाजपा को ठेंगा दिखाकर बिजली कम्पनियों ने बढाये 1 रूपये यूनिट चार्ज। कांग्रेस के शहर अध्यक्ष दयाचंद पचौरी ने कहा कि भाजपा सरकार बडे बडे वादे करती है वो सिर्फ दिखावा है। उपभोक्ताओं की जेब काट रही है बिजली विभाग, भाजपा मूकदर्शक बनी हुई है।

पचौरी ने कहा कि घाटे में दिखाकर बिजली कंपनियों (डिस्कॉम) को राहत देने के लिए राज्य सरकार ने चुपचाप बिजली की दरों में बढ़ोत्तरी कर दी है। रेगुलेटरी चार्ज के नाम से प्रति यूनिट 1 रुपए अतिरिक्त वसूले जा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इस वृद्धि की न तो सार्वजनिक घोषणा की गई और न ही कोई जनसुनवाई हुई। उपभोक्ताओं को इसका पता तब चला, जब उन्हें बढ़े हुए बिजली बिल मिलने लगे। सितंबर 2025 में तय किए गए नए



टैरिफ को अक्टूबर की बिजली खपत से लागू कर दिया गया है। अकेले भरतपुर जिले में इस बढ़ोत्तरी से करीब 2 लाख, डीग जिले के 1.60 लाख और भरतपुर शहर के 70 हजार उपभोक्ता सीधे तौर पर प्रभावित हुए हैं।

#### प्रत्येक परिवार 300 से 400 यूनिट खर्च कर रहा

इससे उपभोक्ताओं की जेब पर हर महीने लगभग 8-10 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। यदि कोई सामान्य परिवार महीने में 300 से 400 यूनिट बिजली खर्च करता है तो उसके बिल में सीधे 200 से 300 रुपए अधिक चुकाने होंगे। इसके अलावा ड्यूटी, फिक्स चार्ज और अन्य कर जोड़ने पर बिल का बोझ और बढ़ जाता है।

#### पहले से ही 40 पैसे फ्यूल सरचार्ज और 15 पैसे रोड लाइट सेस वसूल रहे

कांग्रेस शहर अध्यक्ष दयाचंद पचौरी ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं पर पहले से ही कई तरह के अतिरिक्त शुल्क का भार है, जिससे हर महीने बिजली बिल लगातार बढ़ रहा है। प्रत्येक बिल में प्रति यूनिट 40 पैसे फ्यूल सरचार्ज, 15 पैसे रोड लाइट सेस आदि उपभोक्ताओं से लिया जाता है। इन सभी शुल्कों के कारण सामान्य परिवारों का बिजली बिल पहले ही भारी हो चुका है और अब नए रेगुलेटरी चार्ज के जुड़ने से उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ और बढ़ गया है।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार है पूर्व में फ्यूल सरचार्ज में बढ़ोत्तरी की थी।

#### पीआरओ ने कहा- सितंबर में तय किया था रेगुलेटरी चार्ज

बीईएसएल के पीआरओ एसपी सिंह ने बताया कि बिजली बिलों में जोड़ा गया रेगुलेटरी चार्ज कोई नया निर्णय नहीं है, बल्कि इसे सितंबर 2025 में ही टैरिफ के तहत तय कर दिया गया था। उनके अनुसार उसी समय इस चार्ज को लागू करने का प्रावधान किया गया था।

नए टैरिफ को अक्टूबर की बिजली खपत से प्रभावी कर दिया गया है और उसी के आधार पर बिल जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नियामकीय प्रावधानों के अनुसार तय किए गए शुल्क को ही बिलों में शामिल किया जा रहा है।

# भरतपुर में बनेगा मधुमक्खी उत्कृष्टता केंद्र, हजारों मधुमक्खी पालकों को मिलेगा लाभ

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** मुख्यमंत्री की बजट घोषणा भरतपुर जिले के लगभग 4 हजार मधुमक्खी पालकों के लिए वरदान साबित होने जा रही है। इस घोषणा के तहत जिले में मधुमक्खी उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना का कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के मधुमक्खी पालकों को आधुनिक तकनीक और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

संयुक्त निदेशक उद्यान योगेश शर्मा द्वारा बुधवार को बजट घोषणा के अनुसार पंचायत समिति सेवर के गांव मई-गूजर में मधुमक्खी उत्कृष्टता केंद्र निर्माण कार्य निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी प्रदान किए। उन्होंने बताया कि इसके प्रारंभ होने से



भरतपुर जिले की पंचायत समितियों सेवर, उच्चैन, नदबई तथा डीग जिले की पंचायत समिति कुम्हेर के साथ-साथ आसपास के जिलों के मधुमक्खी पालक भी लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि इस उत्कृष्टता केंद्र पर मधुमक्खी पालकों के लिए मधुमक्खी पालन से संबंधित आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण की आवासीय व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। यहां प्रशिक्षण कक्ष और प्रशिक्षण हॉल के साथ-साथ प्रशिक्षणार्थियों के रहने के लिए आवासीय भवन का निर्माण भी कराया जाएगा, ताकि दूर-दराज के क्षेत्रों से प्रशिक्षण प्राप्त करने आने वाले किसानों और प्रशिक्षणार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि केंद्र पर शहद के मूल्य संवर्धन के लिए तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही शहद प्रसंस्करण के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं और उपकरणों से युक्त प्रयोगशाला की स्थापना भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि मधुमक्खी पालकों को शहद, मोम तथा पोलन जैसे उत्पादों के गुणवत्तापूर्ण मूल्य संवर्धन के संबंध में विशेषज्ञों द्वारा संपूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा छोटे मधुमक्खी पालकों के लिए छोटे-छोटे प्रोजेक्ट तैयार करने की सुविधा भी इस उत्कृष्टता केंद्र पर उपलब्ध कराई जाएगी। मधुमक्खी पालन से प्राप्त होने वाले विभिन्न उत्पादों और उनके प्रसंस्करण से बनने वाले उत्पादों के विपणन तथा बाजार से संबंधित जानकारी भी किसानों को प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा इस उत्कृष्टता केंद्र के निर्माण कार्य को गति देने के लिए उप निदेशक तथा सहायक कृषि अनुसंधान अधिकारी के पदस्थापन के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। इससे केंद्र के संचालन और प्रशिक्षण गतिविधियों को व्यवस्थित रूप से संचालित किया जा सकेगा।

## सांप काटने पर झाड़ - फूंक के बजाय तुरंत सरकारी अस्पताल जाकर एंटी स्नैक वेनम इंजेक्शन लगवाना चाहिए - डॉ. असित श्रीवास्तव

### 3 दिवसीय स्नेक बाईट प्रशिक्षण में चिकित्सा अधिकारी एवं नर्सिंग अधिकारी हो रहे प्रशिक्षित

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** जिले में 10 मार्च से 12 तक स्नेक बाईट से संबंधित प्रशिक्षण जिला स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मुख्य रुप से प्रतिभागी चिकित्सा अधिकारी एवं नर्सिंग अधिकारी प्रशिक्षित किये जा रहे है। स्नेक बाईट कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. असित श्रीवास्तव, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी(स्वा0), भरतपुर , कार्यक्रम के प्रशिक्षक डॉ प्रभुत्व गोयल, डीएनबी फैमलि मेडिसन, आरबीएम चिकित्सलय द्वारा दिया जा रहा है। नोडल अधिकारी डॉ. असित श्रीवास्तव ने बताया कि भारत में सांप के काटने के लगभग 70 प्रतिशत से 90 प्रतिशत मामलों में जहर नहीं होता है। भारत में सांपों की 300 से अधिक प्रजातियों में से केवल 10 प्रतिशत से 20 प्रतिशत ही वास्तव में जहरीली होती हैं। अधिकांश मामले गैर-जहरीले सांपों द्वारा होते हैं, लेकिन डर के कारण घबराहट से जान जा सकती है। ड्राई बाइट कई बार जहरीला सांप भी बिना जहर छोड़े काटता है, जिसे ड्राई बाइट कहते हैं। जहरीले सांप भारत में कोबरा, रसेल वाइपर, सॉ-स्केल्ड वाइपर और कॉमन क्रेट ही प्रमुख रूप से विषैले होते हैं। सांप काटने पर झाड़-फूंक के बजाय तुरंत सरकारी अस्पताल जाकर एंटी स्नैक वेनम इंजेक्शन लगवाना



चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक डॉ प्रभुत्व गोयल, डीएनबी फैमलि मेडिसन, आरबीएम चिकित्सलय द्वारा पीपीटी के माध्यम से विस्तृत रुप से स्नेक बाईट के बारे में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को बताया कि स्नेक बाईट प्रबंधन किस तरह से किया जाता है जिसमें सांप के जहर की संरचना, नैदानिक सुविधाओं, स्थानीय विष के लक्षण, नैदानिक लक्षण (जारी), प्राथमिक उपचार (डब्ल्यूएचओ दिशानिर्देश), पूर्व अस्पताल प्रबंधन, आपातकालीन अस्पताल प्रबंधन, विष के निदान, निदान चरण, जांच, उपचार चरण, एंटी स्नेक वेनम, एएसवी प्रतिक्रियाओं की रोकथाम, राष्ट्रीय सर्पदंश उपचार प्रोटोकॉल, एएसवी की पुनरावृत्ति के लिए मानदंड, एएसवी प्रतिक्रियाएं, प्रारंभिक एएसवी प्रतिक्रिया का उपचार, न्यूरोटॉक्सिक विषैलेपन में नियोस्टिग्माइन की भूमिका, नियोस्टिग्माइन परीक्षण, अतिरिक्त सहायक देखभाल, विशेष स्थितियाँ, सर्पदंश से बचाव आदि के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी प्रदान की।

## पूर्व विधायक ने चुनाव आयोग-सरकार को भेजा लीगल नोटिसःकहा- अदालत की कर रहे अवमानना, हाईकोर्ट ने 15 अप्रैल तक चुनाव के दिए थे निर्देश

**जयपुर।** प्रदेश में पंचायत और निकाय चुनाव का मामला एक बार फिर हाईकोर्ट पहुंचने वाला है। राज्य चुनाव आयोग ने हाल ही निकाय चुनाव के लिए मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया था। इसमें चरणबद्ध तरीके से 22 अप्रैल तक फाइनल मतदाता सूची जारी करने का कार्यक्रम तय किया गया है। इसे लेकर पूर्व विधायक व हाईकोर्ट में याचिकाकर्ता रहे संयम लोढ़ा ने राज्य चुनाव आयोग और राज्य सरकार को लीगल नोटिस भेजा है। नोटिस में उन्होंने कहा- हाईकोर्ट ने 14 नवंबर 2025 के अपने आदेश से प्रदेश में पंचायत और निकाय चुनाव 15 अप्रैल 2026 से पहले कराने के निर्देश दिए थे। इसे सुप्रीम कोर्ट ने भी बरकरार रखा था। वहीं राज्य चुनाव आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम से यह साफ हो गया है कि आयोग 15 अप्रैल से पहले निकाय चुनाव नहीं करवा रहा है।

**हाईकोर्ट के आदेश की अवमानना**-पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने नोटिस में कहा- चुनाव आयोग और राज्य सरकार ऐसा करके हाईकोर्ट के आदेशों की अवहेलना कर रहे हैं, जो एक तरह से अदालत की अवमानना है। उन्होंने आयोग से अपील की है कि वह मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का कार्यक्रम रिवाइज करें और 15 अप्रैल के हिसाब से इसे फिर से जारी करें। ऐसा नहीं करने पर वे हाईकोर्ट में राज्य चुनाव आयोग और राज्य सरकार के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई के लिए अवमानना याचिका दायर करेंगे। पूर्व विधायक ने राज्य चुनाव आयोग के आयुक्त राजेश्वर सिंह, सचिव राजेश वर्मा, स्वायत्त शासन विभाग के सचिव रवि जैन सहित अन्य को लीगल नोटिस भेजा है।

**कोर्ट ने दिए थे 15 अप्रैल तक चुनाव कराने के आदेश**-राजस्थान हाईकोर्ट ने 14 नवंबर 2025 को 439 याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार को प्रदेश में 15 अप्रैल 2026 तक पंचायत और निकाय चुनाव कराने के निर्देश दिए थे। वहीं सरकार को 31 दिसंबर 2025 तक परिसीमन प्रक्रिया पूरी करने के लिए कहा था।

# शिल्पा जैन सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा सखी अवार्ड से सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** जयपुर में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राजस्थान पुलिस अकादमी द्वारा जयपुर पुलिस मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती विजया रहाटकर अध्यक्षा राष्ट्रीय महिला आयोग एवं विशिष्ट अतिथि पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार शर्मा एवं सुदीप जैन सचिव राष्ट्रीय महिला आयोग ने चित्तौड़गढ़ जिले में सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा सखी के तौर पर ह्यूमन राइट्स प्रोटेक्शन सेल की प्रदेश अध्यक्ष शिल्पा जैन को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके द्वारा पिछले पांच वर्षों में किए गए निस्वार्थ महिलाओं एवं बच्चियों के सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के कार्यों को देखते हुए दिया गया। शिल्पा जैन एक मात्र सुरक्षा सखी है जिन्हें जिले, संभाग और राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निंबाहेड़ा के समाजसेवी संस्थाओं, वरिष्ठ जनों, पुलिस अधिकारीयो ,उनके संगठन के सभी पदाधिकारीयो एवं परिवारजनों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी ओर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर जैन युवा प्रतिभा सम्मान समारोह 30 मार्च को

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** जैन जागृति सेंटर, निम्बाहेड़ा की साधारण सभा की बैठक संस्था अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अशोक नवलखा की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में 31 मार्च, मंगलवार को भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों एवं संस्था की गतिविधियों व भावी कार्यक्रमों पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक में महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की पूर्व संध्या पर 30 मार्च, सोमवार को सायं 7.00 बजे स्थानीय श्री राजेंद्र सूरी ज्ञान मंदिर आदर्श कॉलोनी में निम्बाहेड़ा तहसील क्षेत्र के जैन परिवारों के प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए जैन युवा प्रतिभा सम्मान समारोह ,महिला चौबीसी गीत व वर्षी तप आराधकों के बहुमान का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। जैन जागृति सेंटर के सचिव प्रकाश चेलावत ने बताया कि इस वर्ष जैन युवा प्रतिभा सम्मान समारोह व कार्यक्रम के लाभार्थी समाजसेवी हरिसिंह, अतुल, आशीष, अर्हम बोड़ाना एवं परिवार रहेंगे। अतुल सेठिया ने बताया कि इस कार्यक्रम में जैन जागृति सेंटर द्वारा तहसील क्षेत्र में निवासरत जैन परिवारों की निर्देशिका 'जैन पुष्प' के द्वितीय संस्करण का विमोचन भी किया जाएगा।

बैठक में प्रकाश चेलावत, विरेश चपलोत, अतुल सेठिया, कुलदीप नाहर, आशीष बोड़ाना, प्रवीण सिंघवी, मनीष जैन, दीपक सगरावत,भोपाल सिंह बोड़ाना आदि सदस्य उपस्थित थे।

# समाज में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है- साधना

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पखवाड़े पर कार्यक्रम का किया गया आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जलदाय विभाग परिसर में महिला दिवस पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया,जिसमें महिला सशक्तिकरण, नारी उत्थान और महिलाओं के अधिकारों जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने कहा कि समाज में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने की आज विशेष आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज शिक्षा, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों में लगातार आगे बढ़ रही हैं। ऐसे आयोजनों से महिलाओं को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होने का अवसर मिलता है। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा सहयोगिनियों ने भी महिला सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर अपने अनुभव साझा किए। महिलाओं को समाज में समान अधिकार और सम्मान दिलाने के लिए सामूहिक प्रयास करने पर जोर दिया गया। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों की जानकारी होना जरूरी है, तभी वे समाज में मजबूती के साथ आगे बढ़ सकती हैं। कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ भरतपुर के संभाग सहसंगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह, प्रभारी असंगठित क्षेत्र भारतीय मजदूर संघ भरतपुर मेंबर सिंह कुंतल, प्रदेश उपाध्यक्ष जलदाय विभाग भारतीय मजदूर संघ मुकेश पाठक, जिलामंत्री भारतीय मजदूर संघ डीग लक्ष्मण सिंह, जिला अध्यक्ष जलदाय विभाग राजेंद्र शर्मा, संरक्षक भारतीय मजदूर संघ जलदाय विभाग नवल सिंह, जिला उपाध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ रोडवेज हरेंद्र पाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ डीग जीतू, जिला अध्यक्ष आंगनबाड़ी भारतीय मजदूर संघ डीग काश्मीरा, जिला महामंत्री आंगनबाड़ी भारतीय मजदूर संघ नीनू, सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा सहयोगिनियां मौजूद रहीं।

# जिला कलक्टर 12 मार्च को करेंगे भैंसरोड़गढ के मंडेसरा में रात्रि चौपाल

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** जनसुनवाई एवं जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जिला कलक्टर की अध्यक्षता में भैंसरोड़गढ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मंडेसरा में 12 मार्च (गुरुवार) को रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा।

अतिरिक्त जिला कलक्टर ( भू.अ. ) रामचंद्र खटीक ने बताया कि इस रात्रि चौपाल में जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। ग्रामीण जन अपनी समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों को सीधे जिला कलक्टर के समक्ष रख सकेंगे।

# अजमेर में आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विश्वविद्यालय की सौगात पर देवनानी का भव्य स्वागत

## अजमेर को 38 साल बाद मिली सरकारी यूनिवर्सिटी की सौगात

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( मोहित जैन )।** भारतीय चिकित्सा पद्धतियाँ—आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा आज विश्वभर में अपनी वैज्ञानिकता, प्रभावशीलता और समग्र स्वास्थ्य दृष्टिकोण के कारण व्यापक सम्मान प्राप्त कर रही हैं। इन पद्धतियों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इनमें रोग के मूल कारण का निदान कर उपचार किया जाता है, जिससे रोगी को न्यूनतम अथवा लगभग नगण्य दुष्प्रभाव होते हैं। यही कारण है कि वैश्विक स्तर पर लोग प्राकृतिक एवं पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। अजमेर में स्थापित होने जा रहा आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विश्वविद्यालय भारतीय चिकित्सा पद्धतियों के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगा। इस विश्वविद्यालय में न केवल आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा का अध्ययन और प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, बल्कि आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ इन क्षेत्रों में नवीन अनुसंधान भी किए जाएंगे। इससे स्वास्थ्य क्षेत्र को नई दिशा मिलने के साथ-साथ भारत की प्राचीन चिकित्सा परंपरा को वैश्विक स्तर पर और अधिक सशक्त पहचान प्राप्त होगी। यह विश्वविद्यालय विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए एक उत्कृष्ट अनुसंधान केंद्र के रूप में विकसित होगा।

अजमेर को लगभग 38 वर्ष बाद मिली इस ऐतिहासिक सौगात के लिए आज एमडीएस विश्वविद्यालय तिराहे पर माननीय विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। सभी ने उनका आभार व्यक्त करते हुए इस महत्वपूर्ण पहल के लिए धन्यवाद दिया। विशेष रूप से योग विभाग के विद्यार्थियों ने तिराहे पर पहुँचकर माननीय देवनानी के स्वागत के लिए लंबे समय तक प्रतीक्षा की और उत्साहपूर्वक उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि यह विश्वविद्यालय भारतीय ज्ञान परंपरा, अनुसंधान और समग्र स्वास्थ्य की भावना को आगे बढ़ाते हुए आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणादायी केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि यह संस्थान भारतीय चिकित्सा पद्धतियों के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ देश और दुनिया में स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देगा। इस अवसर पर प्रो. सुभाष चंद्र, प्रो. अरविंद परीक, परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुनील टेलर,



डॉ.सूरज राव, डॉ. लारा शर्मा, डॉ. राजू शर्मा, राजेंद्र तिवारी, विक्रांत रावत, महावीर सिंह रावत, जगदीश कच्छवा, अभाविप इकाई अध्यक्ष अमृत चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# चेटीचण्ड, रामनवमी और महावीर जयंती हमारे महत्वपूर्ण पर्व, सभी विभाग समन्वय से करें काम- देवनानी

## विधानसभा अध्यक्ष ने ली कलेक्ट्रेट में बैठक

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर ( मोहित जैन )।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि आगामी सप्ताह से शुरू होने वाले चेटीचण्ड, रामनवमी और महावीर जयंती के धार्मिक आयोजन हमारे प्रमुख पर्व है। इन अवसरों पर विभिन्न संस्थाओं की ओर से जुलूस निकाले जाएंगे। विभिन्न आयोजन भी होंगे। ?से में जिला प्रशासन, पुलिस और सभी संबंधित विभाग 16 मार्च तक अपनी तैयारियां पूरी करें। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं की जाए।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में चेटीचण्ड, रामनवमी व महावीर जयंती पर्वों को लेकर तैयारियों की समीक्षा की। जिला कलक्टर लोक बन्धु व पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा सहित अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। जिला कलक्टर लोक बन्धु ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं एवं पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने कानून एवं शान्ति व्यवस्था के संबंध में किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। आयोजन समितियों के पदाधिकारियों ने शोभायात्रा आयोजन के बारे में जानकारी दी।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि अजमेर धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक रूप से समृद्ध परम्पराओं को धारण किए हुए है। इन्हीं के अन्तर्गत आगामी चेटीचण्ड पर्व झूलेलाल जयन्ती, रामनवमी पर्व एवं महावीर जयन्ती पर्व पर विशाल शोभायात्राएं एवं जुलूस कार्यक्रम आयोजित होंगे। इनकी प्रशासनिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए समस्त विभागों को अपने दायित्व आगामी 16 मार्च तक पूर्ण करें। उनकी समीक्षा 17 मार्च को मौके पर ही की जाएगी। बैठक में आयोजकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा कर रूट निर्धारित किए गए।

बैठक में देवनानी ने कहा कि प्रशासन द्वारा जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए शानदार व्यवस्थाएं की जाए। असामाजिक एवं आपराधिक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए मुस्तैदी की साथ कार्य किया जाए। इस दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू रखा जाए। इससे राहगीरों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी। पूर्व की तुलना में अधिक पुलिस बल इस बार कार्यरत रहे। शोभायात्रा के आगे, पीछे तथा साथ-साथ पुलिस जवानों की टुकड़िया चलती रहने के साथ ही शोभायात्रा मार्ग में आने वाले ऊंचे भवनों पर भी जाप्ता तैनात रहे।

उन्होंने कहा कि आयोजकों द्वारा विभागों के साथ आपसी समन्वय से कार्य किया जाए। आयोजन समिति प्रत्येक विभाग के लिए एक-एक समन्वयक नियुक्त करेंगे। इनके माध्यम से ही आवश्यक व्यवस्थाओं को सम्पादित किया जाएगा। उन्होंने जलदाय विभाग को निर्देशित किया कि यात्रा मार्ग में समस्त लिकेज ठीक किए जाए। जिला स्तरीय अधिकारी पेयजल सप्लाई के दौरान क्षेत्र भ्रमण करें, लिकेज का चिह्निकरण कर ठीक कराएं। जुलूस से पहले पेयजल सप्लाई देना सुनिश्चित करें। शाम के समय होने वाली सप्लाई एक दिन पहले देनी चाहिए।

### 10 वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 20 मार्च को घोषित होगा

# बोर्ड सचिव ने प्रेस कॉन्फ्रेंमें दी परीक्षा संचालन की विस्तृत जानकारी

## शांतिपूर्ण रूप से सफलतापूर्ण बोर्ड की परीक्षा सम्पन्न हुई

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( मोहित जैन )।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं 11 मार्च को शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गई। बोर्ड इस वर्ष सैकण्डरी परीक्षा का परिणाम 20 मार्च तक जारी करने की तैयारी कर रहा है। वर्ष 2027 में बोर्ड की परीक्षाएं वर्ष में दो बार फरवरी व मई में होंगी। इसका प्रस्ताव राज्य सरकार की स्वीकृति के लिए भिजवा दिया गया है। पूरे प्रदेश में हजारों शिक्षक परिणाम जारी करने के लिए पूरे मनोयोग से मूल्यांकन कार्य में लगे हुए हैं। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षाओं के सफलतापूर्वक समापन पर बोर्ड सचिव गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में परीक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं, परीक्षार्थियों की संख्या तथा परीक्षा संचालन की विस्तृत जानकारी दी। बोर्ड सचिव राठौड़ ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की वर्ष 2026 की परीक्षाएं 12 फरवरी से प्रारम्भ होकर 11 मार्च तक संचालित हुईं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष बोर्ड की विभिन्न परीक्षाओं में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। माध्यमिक परीक्षा में 10 लाख 68 हजार 78, उच्च माध्यमिक स्तर में 9 लाख 9 हजार 87, प्रवेशिका परीक्षा में 7 हजार 811 तथा वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा में 4 हजार 122 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए। इस प्रकार लाखों विद्यार्थियों ने इन परीक्षाओं में भाग लिया।

बोर्ड परीक्षाएं प्रदेशभर के कुल 6195 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गईं। जहां लगभग 175 प्रश्नपत्रों की परीक्षाएं सम्पन्न कराई गईं। परीक्षा के सफल एवं सुचारू संचालन के लिए व्यापक प्रशासनिक एवं तकनीकी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। राठौड़ ने बताया कि परीक्षा की पारदर्शिता और अनुशासन बनाए रखने के लिए बोर्ड तथा शिक्षा विभाग की संयुक्त फ्लाइंग टीमों द्वारा सतत निगरानी रखी गई। लगभग 150 संयुक्त निदेशक एवं जिला शिक्षा अधिकारियों के नेतृत्व में निरीक्षण दल सक्रिय रहे। इस अवसर पर विशेषाधिकारी नीतू यादव, मुख्य नियंत्रक राजेश निर्वाण, निदेशक गोपनीय गीता पलासिया, उपनिदेशक परीक्षा शिवप्रकाश सोनी, सहायक निदेशक राजीव चतुर्वेदी, अजय इनानी,अरुण जोशी एवं अजय बन्सल उपस्थित रहे।

# प्रवीण चौधरी निर्विरोध बने सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष, समाज में हर्ष की लहर

## भीलवाड़ा स्थित सभी 16 दिगंबर जैन मंदिरों के अध्यक्षों और सचिवों की विशेष संयुक्त बैठक बनी सर्वसम्मति



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, ( अमित शर्मा )।** शहर के सकल दिगंबर जैन समाज ने संगठन और एकता की शक्ति का परिचय देते हुए प्रवीण कुमार चौधरी को सर्वसम्मति से अपना नया अध्यक्ष चुन लिया है। भीलवाड़ा के सामाजिक और धार्मिक गलियारों में इस निर्णय का पुरजोर स्वागत किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, भीलवाड़ा स्थित सभी 16 दिगंबर जैन मंदिरों के अध्यक्षों और सचिवों की एक विशेष संयुक्त बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में समाज की मजबूती और भावी नेतृत्व को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान स्वर्गीय ताराचंद चौधरी के सुपुत्र प्रवीण कुमार चौधरी के नाम का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सभी पदाधिकारियों ने बिना किसी विरोध के एक स्वर में स्वीकार कर लिया। समाज के प्रबुद्ध जनों ने बताया कि चौधरी एक ऊर्जावान और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी हैं। उनके निर्विरोध निर्वाचन से यह स्पष्ट है कि समाज उन्हें एक ऐसे नेतृत्व के रूप में देख रहा है जो भीलवाड़ा दिगंबर जैन समाज को नई ऊंचाइयों पर ले जाने और गौरव बढ़ाने में सक्षम है। अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद चौधरी को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। समर्थकों और समाज के युवाओं का मानना है कि उनके मार्गदर्शन में समाज की गतिविधियां और सेवा कार्य और अधिक प्रभावी होंगे। पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की है कि उनका कार्यकाल समाज के उत्थान और गौरवशाली परंपराओं को संजोने वाला साबित होगा।

# 1 अप्रैल से शुरू होगी सरसों और चना की एमएसपी पर खरीद 20 मार्च से शुरू होगी किसानों की ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** राजफेड के उदयपुर क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत चित्तौड़गढ़ जिले में रबी सीजन 2026 के तहत किसानों से सरसों एवं चना की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद 1 अप्रैल 2026 से प्रारंभ की जाएगी। इसके लिए किसानों का ऑनलाइन पंजीकरण 20 मार्च से शुरू होगा। राजफेड के अनुसार सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य 6,200 रुपये प्रति क्विंटल तथा चना का समर्थन मूल्य 5,875 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। सरसों एवं चना विक्रय के इच्छुक किसान स्वयं क्यूआर कोड स्कैन कर अथवा ई-मित्र केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकेंगे।

# इंटक प्रदेश कार्यकारिणी में दिनेश शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सरदारा काठात बने संगठन मंत्री

## 15 मार्च को जयपुर में होगी पहली बैठक, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी रहेंगे मौजूद

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** राजस्थान प्रदेश इंटक की नव निर्वाचित कार्यकारिणी में इंटक अध्यक्ष दिनेश शर्मा को प्रदेश वरिष्ठ) उपाध्यक्ष तथा संघ के उपाध्यक्ष सरदारा काठात को प्रदेश कार्यकारिणी में संगठन मंत्री पद पर नियुक्त किया गया है।

यह जानकारी देते हुए दिनेश शर्मा ने बताया कि प्रदेश कार्यकारिणी की प्रथम बैठक 15 मार्च 2026 को जयपुर में प्रातः 11 बजे आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता भी भाग लेंगे दोनों नेताओं की नियुक्ति पर हुसैन काठात, हनुमान जांगिड़, सलीम काठात, जब्बार काठात, रेहमान काठात, हमीद काठात, रज्जाक काठात, गोविन्द मेघवंशी, ध्यानू काठात, भोमा काठात, अशरफ काठात, मकबूल काठात, नन्दसिंह रावत, अनवर काठात, ईस्माइल काठात, रसीद काठात और साबिर काठात सहित अन्य लोगों ने इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीवा रेड्डी तथा प्रदेश अध्यक्ष जगदीश राज श्रीमाली का आभार व्यक्त करते हुए दोनों नेताओं को बधाई प्रेषित की है ।





# अमेरिका से मातृभूमि को उपहारः वर्द्धमान महाविद्यालय को 13 कम्प्यूटर भेंट

## ब्यावर मूल के समाजसेवी कमलेश मेहता का कन्या शिक्षा उन्नयन में सराहनीय योगदान



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** ब्यावर वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में कन्या शिक्षा के उन्नयन के लिए ब्यावर मूल के अमेरिका निवासी समाजसेवी कमलेश मेहता ने 13 कम्प्यूटर भेंट किए। लगभग तीन लाख रुपए की लागत से उपलब्ध करवाए गए इन कम्प्यूटरों से महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को आधुनिक तकनीकी सुविधाएं मिल सकेंगी समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने बताया कि मेहता परिवार पूर्व में भी करीब दो लाख रुपए की राशि से 6 कम्प्यूटर व प्रिंटर महाविद्यालय को भेंट कर चुका है। उन्होंने महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मेहता परिवार का आभार व्यक्त करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी पहल बताया।

# 13 मार्च को पीएम मोदी पीएम-किसान योजना की 22वीं किस्त करेंगे जारी

## 9.32 करोड़ से अधिक किसान परिवारों को होगा लाभ



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम मोदी 13 मार्च 2026 को गुवाहाटी (असम) से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 22वीं किस्त जारी करेंगे। इसके तहत देश के 9.32 करोड़ से अधिक किसान परिवारों के बैंक खातों में सीधे 18,640 करोड़ रुपये से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर की जाएगी। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यह जानकारी देते हुए इसे पीएम मोदी के नेतृत्व में किसानों के प्रति केंद्र सरकार की अटूट प्रतिबद्धता और 'अन्नदाता सम्मान' की संकल्पबद्ध पहल बताया।

### 22वीं किस्त के साथ ही कुल हस्तांतरित राशि 4.27 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगी

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में फरवरी 2019 में योजना शुरू होने के बाद से अब तक पीएम-किसान के अंतर्गत पात्र किसान परिवारों के खातों में 4.09 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे भेजी जा चुकी है और 22वीं किस्त जारी होने के साथ ही कुल हस्तांतरित राशि 4.27 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने पहली बार छोटे और सीमांत किसानों को सीधे आय समर्थन देकर कृषि क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और स्थायी परिवर्तन की नींव रखी है। केंद्रीय मंत्री चौहान ने बताया कि पीएम-किसान योजना के तहत हर पात्र किसान परिवार को साल में 6,000 रुपये की वित्तीय सहायता तीन समान किस्तों में दी जाती है और यह राशि पूरी तरह डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में सीधे पहुंचती है।

# रूस से 3 करोड़ बैरल कच्चा तेल खरीदेगा भारत

## रिलायंस-आईओसी ने बुकिंग की, ईरान जंग के बीच सप्लाई बंद होने के बाद फैसला

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान-इजराइल में जारी जंग के बीच स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज रूट बंद हो गया है। ऐसे में कच्चे तेल की सप्लाई बंद होने के बाद भारत करीब 3 करोड़ बैरल कच्चा तेल रूस से खरीदेगा। यह दावा ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट में बताया कि इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी कंपनियों ने रूस से तेल के एग्रीमेंट किए हैं। हाल ही में अमेरिका ने समुद्र में फंसे रूसी तेल के शिपमेंट्स खरीदने के लिए भारत को 30 दिन (3 अप्रैल तक) की छूट देने का दावा किया था। हालांकि, इस पर भारतीय अधिकारी कह चुके हैं कि भारत तेल खरीदने के लिए किसी भी देश की इजाजत पर निर्भर नहीं है।

एशियाई समुद्री सीमा में फंसा तेल खरीदा-रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमलों के बाद स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज के जरिए होने वाली तेल की सप्लाई प्रभावित हुई है। ऐसे में भारतीय रिफाइनर्स ने उन रूसी जहाजों को सुरक्षित किया है जो पहले से ही एशियाई समुद्र में मौजूद थे, लेकिन उन्हें खरीदार नहीं मिल रहे थे। ट्रेडर्स का कहना है कि इंडियन ऑयल ने करीब 1 करोड़ बैरल और रिलायंस ने भी कम से कम 1 करोड़ बैरल तेल खरीदा है। बाकी बचा हुआ तेल अन्य भारतीय रिफाइनिंग कंपनियों ने लिया है।



**रास्ते में ही जहाजों ने भारत की ओर मोड़ा रुख**-शिपिंग डेटा से पता चला है कि रूसी जहाज मायलो और सारा जैसे कई बड़े तेल टैंकर, जो पहले सिंगापुर की ओर जा रहे थे, उन्होंने अब भारत के बंदरगाहों की तरफ अपना रास्ता मोड़ लिया है। अमेरिकी छूट मिलने के तुरंत बाद इन जहाजों के डेस्टीनेशन बदल दिए गए। रूस ने इस बार यूराल्स, ईएसपीओ और वरान्डे जैसे ग्रेड का तेल ऑफर किया है।

**सऊदी और इराक से घटाकर फिर रूस पर फोकस**-पिछले कुछ महीनों में भारत ने रूस से तेल की खरीद कम कर दी थी और इसकी जगह सऊदी अरब और इराक से ज्यादा तेल लेना शुरू किया था। आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में रूस से आयात घटकर 10.6 लाख बैरल प्रति दिन रह गया था, जो कि 2024 के मध्य में 20 लाख बैरल प्रति दिन से ज्यादा था। अब मिडिल ईस्ट संकट की वजह से एक बार फिर भारत ने रूस की तरफ रुख किया है।

## ट्रंप ने ईरान को दी चेतावनी, कहा-होर्मुज जलमार्ग में बारूदी सुरंगें बिछाने का प्रयास किया तो सैन्य परिणाम भुगतने होंगे



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि अगर ईरान ने होर्मुज जलमार्ग में समुद्री सुरंगें बिछाने की कोशिश की, तो अमेरिका उस पर बड़ी सैन्य कार्रवाई करेगा। इसी बीच, अमेरिकी सेना ने महत्वपूर्ण जहाजरानी मार्ग में बारूदी सुरंगें बिछाने वाली 10 संदिग्ध नौकाओं पर हमला कर उन्हें नष्ट कर दिया, जिससे दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा गलियारों में से एक में तनाव बढ़ गया है।

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए चेतावनी जारी करते हुए कहा कि वाशिंगटन फारस की खाड़ी को वैश्विक ऊर्जा बाजारों से जोड़ने वाले संकरे जलमार्ग में किसी भी संभावित बारूदी सुरंग बिछाने के प्रयास पर कड़ी नजर रख रहा है। अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में कोई बारूदी सुरंग बिछाई है और हमारे पास इसकी कोई रिपोर्ट नहीं है, तो हम चाहते हैं कि उन्हें तुरंत हटाया जाए।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने तेहरान को चेतावनी दी कि ऐसी किसी भी बारूदी सुरंग को न हटाने पर अभूतपूर्व सैन्य कार्रवाई की जाएगी। ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका रणनीतिक जलमार्ग में बारूदी सुरंग बिछाने के किसी भी प्रयास को रोकने के लिए उन्नत तकनीक और मिसाइल क्षमताओं का उपयोग करने के लिए तैयार है।

ट्रंप ने कहा, मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ तैनात की गई उन्हीं तकनीकों और मिसाइल क्षमताओं का उपयोग होर्मुज जलडमरूमध्य में बारूदी सुरंग बिछाने का प्रयास करने वाली किसी भी नाव या जहाज को स्थायी रूप से नष्ट करने के लिए कर रहे हैं।

इस चेतावनी के तुरंत बाद, ट्रंप ने लिखा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि पिछले कुछ घंटों में हमने 10 निष्क्रिय बारूदी सुरंग बिछाने वाली नौकाओं और या जहाजों को निशाना बनाकर पूरी तरह नष्ट कर दिया है। आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# तमिलनाडु में 'अम्मा का सुशासन' वापस लाएगा एनडीए : केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) तमिलनाडु में पूर्व मुख्यमंत्री जे. जयललिता के दौर जैसा शासन फिर से स्थापित करेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि राज्य की जनता अब बदलाव चाहती है। आज तिरुचिरापल्ली में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पीयूष गोयल (जो तमिलनाडु में भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रभारी भी हैं) ने कहा कि राज्य के लोग बेहतर और पारदर्शी शासन की तलाश में हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) की सरकार भ्रष्टाचार से घिरी हुई है और जनता अब इससे निराश हो चुकी है। पीयूष गोयल ने कहा कि स्टालिन सरकार कई अहम प्रशासनिक मुद्दों को हल करने में असफल रही है और राज्य में विभाजनकारी राजनीति को बढ़ावा दे रही है।

पीयूष गोयल ने तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उधयनिधि स्टालिन पर भी निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि उधयनिधि का नेतृत्व खुद डीएमके के भीतर भी व्यापक रूप से स्वीकार नहीं किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, तमिलनाडु की जनता चाहती है कि राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए और राज्य स्तर पर एडप्पादी के. पलानीस्वामी के नेतृत्व में सरकार बने। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले विधानसभा चुनावों में एनडीए पलानीस्वामी के नेतृत्व में तमिलनाडु में सरकार बनाएगा।

पीयूष गोयल ने यह भी दावा किया कि मौजूदा प्रशासन के भीतर जिस तरह की 'एंटी-तमिल मानसिकता' दिखाई दे रही है, उससे राज्य के लोग नाराज़ हैं। उनके मुताबिक, मतदाता अब स्थिर और विकासोन्मुख शासन देने में सक्षम विकल्प के रूप में एनडीए की ओर देख रहे हैं।

# जयपुर-मुंबई की फ्लाइट 3 घंटे लेट

## दुबई जाने वाली दो फ्लाइट्स कैंसिल; जयपुर एयरपोर्ट पर परेशान हुए पैसेंजर्स

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर एयरपोर्ट से यात्रा करने वाले यात्रियों को देर रात काफी परेशानी हुई। जयपुर से मुंबई जाने वाली एक फ्लाइट 3 घंटे की देरी से उड़ान भरी, जिसके कारण यात्रियों को इंतजार करना पड़ा। जबकि दुबई जाने वाली 2 अन्य फ्लाइट्स भी रद्द रही।

जयपुर एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक- जयपुर से मुंबई के लिए जाने वाली स्पाइस जेट की फ्लाइट संख्या स्त्र-251 जयपुर से रात करीब 1.25 बजे उड़ान भरती है, लेकिन ये विमान 3 घंटे की देरी से सुबह 4.25 बजे रवाना हुई। इसी तरह जयपुर से दुबई जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या IX-195 जो सुबह 8.45 बजे रवाना होती है वह रद्द रही। इसके अलावा स्पाइस जेट की दुबई जाने वाली फ्लाइट संख्या SG-57 जो सुबह 9.40 बजे रवाना होती है वह भी आज रद्द रही।

**धीरे-धीरे पटरी पर आ रहा है फ्लाइट संचालन**-ईरान-इजरायल युद्ध के चलते मध्य-पूर्व के देशों में जाने वाले विमान 28 फरवरी के बाद से रूक गए थे। इस कारण दुबई, शारजाह, अबूधाबी समेत अन्य देशों के लिए जाने वाले विमान का संचालन नहीं हो सका था।

लेकिन युद्ध थोड़ा धीमा पड़ने के साथ ही कुछ फ्लाइट्स का संचालन लगातार हो रहा है। एयर अरेबिया की फ्लाइट आज लगातार तीसरे दिन भी शारजाह के लिए उड़ान भरी। फ्लाइट संख्या G9-463 रात करीब 3.10 बजे रवाना हुई। ये फ्लाइट लगातार तीन दिनों से संचालित हो रही है।

### गाय के संरक्षण के लिए सरकार लाएगी नई गोसेवा नीति

## हर तहसील में बनेगी मॉडल गोशाला, गायों की डेयरी पर सब्सिडी संभव

**जयपुर।** राजस्थान सरकार गायों के संरक्षण के लिए नई गोसेवा नीति 2026 लाने की तैयारी कर रही है। नई काउ शेल्टर पॉलिसी के ड्राफ्ट पर काम चल रहा है। एनिमल हस्बैंड्री डिपार्टमेंट ने पॉलिसी की तैयारी शुरू कर दी है। इसमें राज्य के काउ शेल्टर, गाय पालने वाले किसानों और डेयरी इंडस्ट्री से जुड़े लोगों के सुझाव शामिल होंगे। नई गोसेवा नीति में प्रदेश में गायों के संरक्षण के लिए गोशालाओं का अनुदान बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए अलग से परियोजनाएं बनाने का प्रावधान होगा।

# भविष्य सुरक्षित करने के लिए जल संरक्षण को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना होगा : राष्ट्रपति

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि जल संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और हमें जल को केवल उपयोग की वस्तु के रूप में नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों की अमूल्य धरोहर के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए जल संरक्षण को जीवन और व्यवहार का अभिन्न हिस्सा बनाना आवश्यक है।



### जल महोत्सव 2026 में भाग लेते हुए राष्ट्रपति ने कही यह बात

राष्ट्रपति ने बुधवार को यहां आयोजित जल महोत्सव 2026 में भाग लेते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत में जल केवल एक बुनियादी सुविधा नहीं है बल्कि यह हमारी संस्कृति, परंपराओं, आजीविका और सामुदायिक जीवन से भी जुड़ा हुआ है।

### स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना केवल सुविधा का विषय नहीं बल्कि समय, स्वास्थ्य और सम्मान से भी जुड़ा

उन्होंने कहा कि लंबे समय तक गांवों में लोगों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों को पीने का पानी लाने के लिए दूर-दूर तक जाना पड़ता था। स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना केवल सुविधा का विषय नहीं था बल्कि समय, स्वास्थ्य और सम्मान से भी जुड़ा था। इन चुनौतियों से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन की शुरुआत की, जिसके माध्यम से अब ग्रामीणों को अपने घरों में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो रहा है।

राष्ट्रपति ने कहा कि जब किसी संसाधन की जिम्मेदारी सरकार के साथ-साथ पूरा समाज मिलकर उठाता है, तब उसका संरक्षण अधिक प्रभावी और स्थायी होता है। जल प्रबंधन और संरक्षण में सामुदायिक स्वामित्व की भूमिका भी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 'जल अर्पण दिवस' के तहत जल आपूर्ति ढांचे को ग्राम पंचायतों को सौंपने से सामुदायिक स्वामित्व की भावना और मजबूत होगी।

### जल सुरक्षा सुनिश्चित करने में अत्यंत उपयोगी

उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह जल परीक्षण, संचालन और रखरखाव जैसे कार्यों में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। इन समूहों की प्रतिबद्धता और समर्पण से महिलाओं और समाज के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आए हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं की क्षमता का उपयोग जल सुरक्षा सुनिश्चित करने में अत्यंत उपयोगी साबित होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि जल सुरक्षा को मजबूत करने के लिए बहुआयामी और समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन के साथ समन्वय कर ग्रे-वॉटर प्रबंधन को बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही जल संरक्षण के लिए केंद्रीय भूजल बोर्ड तथा अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर कार्य किया जा रहा है।

### 'कैच द रेन' और 'जल संचय जन भागीदारी' जैसे अभियान वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण

उन्होंने कहा कि 'कैच द रेन' और 'जल संचय जन भागीदारी' जैसे अभियान वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस प्रकार के समन्वित प्रयास देश की जल सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।

### 'जल महोत्सव' भारत की जल सुरक्षा के लिए जनआंदोलन का बनेगा माध्यम

राष्ट्रपति ने कहा कि युवा पीढ़ी में जल प्रबंधन और संरक्षण के प्रति जागरूकता भविष्य में देश की जल सुरक्षा को मजबूत करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि 'जल महोत्सव' भारत की जल सुरक्षा के लिए जनआंदोलन का माध्यम बनेगा।

# जयपुर में जल्द शुरू होगा डे-नाइट बस टूर

## पर्यटकों को दिन-रात घुमाने की तैयारी; दीया कुमारी ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में पर्यटन को नया आयाम देने की दिशा में जल्द ही जयपुर में डे और नाइट बस टूर शुरू किया जाएगा। इस व्यवस्था के तहत पर्यटक दिन और रात दोनों समय शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर सकेंगे। उप मुख्यमंत्री एवं पर्यटन, कला-साहित्य, संस्कृति और पुरातत्व मंत्री दीया कुमारी ने पर्यटन विभाग को निजी सहभागिता के साथ इस योजना की कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। पर्यटन भवन में बुधवार को आयोजित समीक्षा बैठक में दीया कुमारी ने कहा कि ऐसी लग्जरी बसों का संचालन किया जाए, जो राजस्थान के पर्यटन स्थलों के आकर्षक चित्रों से सुसज्जित हों और पर्यटकों को एक बेहतर अनुभव प्रदान करें।

बैठक में ओंकार सिंह लाखावत, अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता सहित पर्यटन, कला-साहित्य एवं संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहें। बैठक में विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं, परियोजनाओं और बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई।

**लंबित बजट घोषणाओं के त्वरित क्रियान्वयन के निर्देश**-उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 की लंबित बजट घोषणाओं को जल्द पूरा करने और वर्ष 2026-27 की घोषणाओं के लिए समय सीमा तय कर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय कर डीपीआर और लागत प्रस्ताव तैयार कर जल्द कार्य शुरू किया जाए।

# सहायक अभियंता भर्ती परीक्षा में नकल करवाने वाला गिरफ्तार

### डमी कैंडिडेट को प्रश्न-पत्र सॉल्व करके दिया था; राजस्थान समेत कई राज्यों में भी कर चुके ऐसा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** आरपीएससी की सहायक अभियंता (सिविल) भर्ती परीक्षा में हाईटेक तरीके से नकल कराने के मामले में एसओजी ने डमी कैंडिडेट की मदद करने वाले आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। ये आरोपी एग्जाम सेंटर से डमी कैंडिडेट की ओर से भेजे गए प्रश्न-पत्र की फोटो लेकर सॉल्वर से हल करवाकर उसे जवाब पहुंचाता था। ये पूरा काम ब्लूटूथ डिवाइस के जरिए करते थे। जांच में सामने आया कि दोनों आरोपियों ने उत्तरप्रदेश, कर्नाटक, झारखंड, पंजाब, त्रिपुरा और दिल्ली सहित कई राज्यों में आयोजित अलग-अलग प्रतियोगी परीक्षाओं में भी इसी तरह स्मार्ट वॉच और ब्लूटूथ डिवाइस के जरिए नकल करवाई है। एसओजी के एडीजी पुलिस विशाल बंसल ने बताया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से 21 मई 2023 को आयोजित सहायक अभियंता (सिविल) प्रतियोगी परीक्षा-2022 में अनियमितता सामने आई थी।

# शादी सीजन में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर नहीं मिल रहे, करेंगे आंदोलन : डोटासरा

बढ़ता राजस्थान

**नागौर।** कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का कहना है- दिल्ली से इंटेलीजेंस ब्यूरो(आईबी) की रिपोर्ट है कि आगामी पंचायती राज चुनावों में भाजपा का सूपड़ा साफ होने वाला है। गांव में बैठे लोग पूछ रहे है कि सरकार ने हमारे लिए क्या किया

सरकार की नीयत खराब है। जानबूझकर ओबीसी आयोग से कहा गया है कि हमनें आपको बनाया है, आप रिपोर्ट मत देना। जबकि मैं खुद 7 दिन में पूरा सर्वे करके दे सकता हूं। पंचायतवार, पंचायत समिति वार और जिला वार सर्वे करके दे सकता हूं। लेकिन सरकार पंचायती राज के चुनाव नहीं करवाना चाहती है। हम जरूरत पड़ने पर सुप्रीम कोर्ट भी जाएंगे और चुनाव करवाएंगे।

## गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर कल से आंदोलन

डोटासरा बुधवार को नागौर में थे। यहां जिला कांग्रेस ऑफिस में उन्होंने मीडिया से भी बातचीत की। उन्होंने कहा- शादियों का सीजन चल रहा है। लाखों रुपए लगाकर लोग शादी कर रहे हैं, लेकिन उन्हें खाना बनाने के लिए कॉमर्शियल सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं। होटलों में सिलेंडर नहीं होने से विदेशी पर्यटको को परेशानी हो रही है। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस कल(गुरुवार) से प्रदेशव्यापी आंदोलन की शुरुआत करेगी।



### डिस्टर्ब एरिया बिल सिर्फ रोटी सेंकने का जरिया

डोटासरा ने अशांत क्षेत्र विधेयक (डिस्टर्ब एरिया बिल) को लेकर भी सरकार की मंशा पर सवाल उठाए। उन्होंने इसे गुजरात मॉडल पर आधारित बताते हुए कहा- यह केवल हिंदू-मुस्लिम की राजनीति कर रोटियां सेकने का जरिया मात्र है। उन्होंने वादा किया कि साल 2028 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार की वापसी होते ही इस बिल को लागू नहीं होने दिया जाएगा।

### पीएम से समय मांगने की हिम्मत सीएम में नहीं

उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के कार्यकाल के दौरान रिफाइनरी के कार्य को जानबूझकर पांच साल तक रोका गया। अब जब यह बनकर तैयार हो चुकी है, तब भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके उद्घाटन के लिए समय नहीं निकाल पा रहे हैं। सीएम भजनलाल शर्मा में प्रधानमंत्री से समय मांगने की हिम्मत नहीं है, जिसका सीधा असर राजस्थान की जनता पर गैस, पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों के रूप में पड़ रहा है।

### सरकार की विफलताओं को घर-घर पहुंचाने का आह्वान

डोटासरा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर महंगाई और सरकार की विफलताओं के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएं। कार्यकर्ताओं से कहा कि वे जनता के सुख-दुख में सहभागी बनें और कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करें। इससे पूर्व नागौर पहुंचने पर डोटासरा का स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने स्वागत किया।

# रेपिस्ट आसाराम रामलला का दर्शन करने अयोध्या पहुंचा

### बोला- तीर्थ स्थलों पर जाने से नरक नहीं भोगना पड़ता, इलाज के लिए जमानत पर है

बढ़ता राजस्थान

**अयोध्या।** रेप केस में सजायाफ्ता आसाराम मंगलवार शाम अयोध्या पहुंचा। वह सरयू तट पर घूमा। इस दौरान तमाम लोग उसके सामने हाथ जोड़ते नजर आए। आसाराम ने कहा, भगवान रामलला के दर्शन करूंगा, इसलिए यहां आया हूं।

आसाराम ने कहा, भारत में कई ऐसे तीर्थ स्थान हैं, जहां प्राण त्यागने या जाने मात्र से मनुष्य का कल्याण होता है। शास्त्रों में सात मोक्षदायी स्थान बताए गए हैं। इनमें अयोध्या, मथुरा, माया (हरिद्वार), काशी, कांची, अवंतिका और पुरी हैं।

मानव शरीर में वात, कफ और पित्त तीन दोष होते हैं और तीर्थ स्थलों पर जाने से इन दोषों का प्रभाव कम होता है। शास्त्रों में अयोध्या को पहला स्थान है। मथुरा में रहने वाला व्यक्ति चाहे साधु के वेश में रहा हो, लेकिन साधु का दायित्व न निभाया हो, फिर भी वहां मृत्यु होने पर उसे नरक नहीं जाना पड़ता है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंट सॉल्यूशंस, बी-10ए, सुदर्शनपुरा, बाइस गोदाम, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित तथा बी-10ए, सुदर्शनपुरा, बाइस गोदाम, जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित। संपादकः तनुजा पठान* । प्रधान संपादकः राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)।
फोनः 0141-2796794, 2796795 । ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com । *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)